आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 | जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक | डाक पंजियन संख्या: जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 178 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | जयपुर, बुधवार, 01 अप्रेल, 2026 | www.Lokvarta.net

## संक्षिप्त खबरें

### पायलट का बड़ा दावा,
### 'यूडीएफ की जीत पक्की, भाजपा का कोई वजूद नहीं'

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने आगामी विधानसभा चुनावों में केरलम में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) की सत्ता में वापसी का विश्वास जताया। राज्य में यूडीएफ और वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) के बीच दशकों से चल रही द्विध्रुवीय राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का जिक्र करते हुए पायलट ने कहा कि केरलम में भाजपा का कोई अस्तित्व नहीं है... यूडीएफ और एलडीएफ के बीच दशकों से प्रतिस्पर्धा चल रही है, इसलिए हमें यहां एलडीएफ और वामपंथी दलों को हराना होगा... जनता यूडीएफ के पक्ष में निर्णायक रूप से मतदान करेगी। यह घटनाक्रम केरलम में 9 अप्रैल को हुए एकल चरण के चुनाव के बाद सामने आया है, जिसके लिए एलडीएफ, यूडीएफ और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सहित सभी राजनीतिक मोर्चों ने राज्य में प्रचार अभियान तेज कर दिया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेर लिया और आरोप लगाया कि उन्होंने किसानों का भविष्य और देश की ऊर्जा सुरक्षा सौंप दी है।

### टोल प्लाजा पर अब नहीं चलेगा कैश
#### आज से केवल डिजिटल माध्यम से भुगतान होगा मान्य

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल से जुड़े नियमों में बदलाव किया है और अब एक अप्रैल से टोल प्लाजा पर डिजिटल भुगतान ही मान्य होगा, यानी अब हाइवे यूजर्स कैश में टोल का भुगतान नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई का यह कदम पूरे देश में उसके सभी टोल प्लाजा पर लागू होगा। एनएचएआई के मुताबिक, एक अप्रैल से यात्री केवल टोल प्लाजा पर डिजिटल माध्यम जैसे फास्टैग और यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर पाएंगे। इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली में दक्षता बढ़ाना और पारदर्शिता लाना है। अधिकारियों का मानना है कि पूरी तरह से डिजिटल प्रणाली से वाहनों को टोल प्लाजा से तेजी से गुजरने में मदद मिलेगी, जिससे लंबी कतारें कम होंगी और यात्रा का समय बचेगा। कैश लेन को हटाने से अधिकारियों को उम्मीद है कि यातायात खासकर व्यस्त समय में सुचारू रूप से चलेगा।टोल बूथों पर तेजी से प्रोसेसिंग से ईंधन की खपत और वाहन उत्सर्जन में भी कमी आने की संभावना है, जिससे स्वच्छ पर्यावरण में योगदान मिलेगा।

#### स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल के प्रयास लाए रंग
### एनएचएम के तहत जारी हुई 100 प्रतिशत से अधिक राशि

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत प्रदेश को अधिक से अधिक राशि जारी किए जाने के लिए विशेष प्रयास किए। जिसके परिणाम स्वरूप केंद्र द्वारा 15वें वित्त आयोग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं पीएम अभीम (प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन) के तहत रिकॉर्ड राशि राज्य को जारी की गई है। 15वें वित्त आयोग के तहत राजस्थान को विगत 5 वर्ष में करीब 4 हजार 300 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, जिसमें से लगभग 2 हजार 700 करोड़ की राशि विगत 4 माह में मुख्यमंत्री के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप जारी हुई है।

इसी प्रकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्ष 2025-26 में लगभग 2 हजार 383 करोड़ के मुकाबले केंद्र सरकार ने करीब 2 हजार 398 करोड़ की राशि राजस्थान को जारी की है, जो स्वीकृत राशि का 100.61 प्रतिशत है। वहीं, पीएम अभीम के तहत भी सर्वाधिक राशि 243 करोड़ रुपये राजस्थान को मिली है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी विजन में राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के विस्तार, डायग्नोस्टिक सुविधाओं के विकास तथा आधारभूत स्वास्थ्य अधोसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इसके परिणाम स्वरूप केंद्र सरकार से विगत वर्षों के मुकाबले विभिन्न योजनाओं में रिकॉर्ड राशि प्राप्त हुई है।

### पटेला री पोल

चौबीसों घंटे बाजार खुलेंगे, सबको होगी राहत
बिक्री बट्टा खूब बढ़ेगा, ऑनलाइन सिस्टम हो आहत
पर्यटन भी खूब बढ़ेगा, चहल पहल रहेगी पूरी रात
पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगा, होगी चोरों की भी घात

..मुखिया जी

#### एसएचओ राजमणि को किया निलंबित : बहुत ज्यादा भीड़, लोग एक-दूसरे पर चढ़ गए

# बिहार-नालंदा के मंदिर में भगदड़, 9 की मौत

**नालंदा ( एजेंसी )।** बिहार में नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। 8 महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा। चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

दर्शन करने की जल्दी में धक्का-मुक्की मच गई। अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हादसे के बाद मंदिर और मेला को बंद करवा दिया है।

मंगलवार को नालंदा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं। उनकी सुरक्षा में 8 जिलों के 2500 जवानों को लगाया गया था, जबकि मंदिर में जुटी 25 हजार की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी।

हादसे के बाद पटना कमिश्नर को बिहार शरीफ भेजा गया है। सीएम ने मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। दीपनगर थाने के एसएचओ राजमणि को सस्पेंड कर दिया गया है। सरकार ने मृतकों के आश्रितों को 6 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। वही केंद्र सरकार ने 2 लाख के मुआवजे की घोषणा की है।



### दर्शन की जल्दबाजी में मची भगदड़

महिला भक्तों ने बताया कि चैत्र महीने का ये आखिरी मंगलवार है। यहां मेला लगा था। भीड़ ज्यादा हो गई। मंदिर का गर्भगृह भी छोटा है। लोग जल्दी-जल्दी दर्शन करने के लिए एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश में थे। कोई लाइन में लगकर पूजा नहीं करना चाह रहा था। दूसरे श्रद्धालु ने बताया, 'सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया गया था। मंदिर के अंदर भारी भीड़ थी। पुलिस का जवान अंदर तैनात नहीं था। भीड़ को डायवर्ट करने या दो लाइनों में बांटने की कोई व्यवस्था नहीं थी। मंदिर के पुजारी ही जल्दी-जल्दी दर्शन कर निकलने को कह रहे थे। इस बीच एक महिला को चक्कर आ गया, जिससे वो वहीं गिर पड़ी।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया दुख, मृतकों के आश्रितों को 6 लाख मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के नालंदा के शीतला माता मंदिर हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने इसमें जान गंवाने वाले पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

सरकारी आदेश के अनुसार आपदा प्रबंधन विभाग से प्रत्येक मृतक के परिवार को 4 लाख रुपये दिए जाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री राहत कोष से अतिरिक्त 2 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। इस तरह से प्रत्येक पीड़ित परिवार को 06-06 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। और घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

बिहार के नालंदा में एक मंदिर में हुई भगदड़ में अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं सभी शोकाकुल परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। घायल हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की मैं कामना करती हूं।

बिहार के नालंदा में एक मंदिर में हुई भगदड़ मामले में एसपी भारत सोनी ने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है और एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और भरोसा दिलाया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### बिजली गिरने से 2 बच्चों समेत 3 झुलसे

## प्रदेश में बारिश, जोधपुर समेत 6 जिलों में ओले गिरे

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान में मंगलवार को बारिश के साथ ओले गिरे। जोधपुर, अजमेर, चूरू, सीकर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ में ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ। इस समय गेहूं, सरसों और चने की फसलें कटाई के करीब है।


वहीं श्रीगंगानगर में बिजली गिरने से मौसी समेत दो बच्चे झुलस गए। उनको बीकानेर के हायर सेंटर रेफर किया है। प्रदेश में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर अप्रैल के पहले सप्ताह में भी रहेगा। इससे पहले सोमवार (30 मार्च) को इस सिस्टम का सबसे अधिक प्रभाव रहा।

कोटा, नागौर, डीडवाना-कुचामन में ओले गिरने से फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम के इस बदलाव से दिन के तापमान में 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई।

बीते 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में हवा के साथ तेज बरसात हुई। दिन में सबसे ज्यादा बारिश कोटा में 20रूरूरिकॉर्ड हुई। वहीं, अलवर के कोटकासिम में 5रूरू और टपूकड़ा में 3रूरूबारिश रिकॉर्ड हुई।

वहीं, नागौर, डीडवाना-कुचामन जिलों में देर रात हुई बरसात और ओले गिरने से कटने के लिए तैयार फसल खराब हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि नागौर के धनारी कलां, ढेहरू, डेगाना के सांजू, चुई ओले गिरे हैं। वहीं, डीडवाना-कुचामन जिले के मकराना क्षेत्र में मनाना, गच्छीपुरा क्षेत्रों में ओले-बारिश से नुकसान हुआ है।

आंधी-बारिश होने से मौसम में जो बदलाव हुआ, उससे गर्मी कम हो गई। सीकर, चूरू, पिलानी, जयपुर, फतेहपुर, झुंझुनूं, अलवर, कोटा समेत कई शहरों में सोमवार दिन का अधिकतम तापमान 2 से 6 डिग्री तक गिर गया। सबसे अधिक अधिकतम तापमान कोटा और चित्तौड़गढ़ में 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### अप्रैल की बारिश के साथ होगी शुरुआत

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार मंगलवार (31 मार्च) को सीकर, झुंझुनूं सहित 7 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, राजस्थान में एक्टिव वेदर सिस्टम का असर अप्रैल में भी रहेगा। पहले सप्ताह में बारिश की संभावना है। हालांकि, दो-तीन दिन में इस सिस्टम का असर कम होने लगेगा। इसके बाद गर्मी बढ़ेगी।

### कोलकाता में ईसी ऑफिस के बाहर भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प


**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता में चुनाव आयोग ऑफिस के बाहर मंगलवार को भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। पुलिस के अनुसार, टीएमसी समर्थित बूथ लेवल अधिकारियों का एक ग्रुप वोटर लिस्ट में हेरफेर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा था। इस दौरान उन्होंने सुरक्षाबलों पर पथराव किया। इससे वहां खड़े वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। बाद में भाजपा के कार्यकर्ता भी वहां झंडा लेकर पहुंच गए। इसके बाद ञ्रस्ष्ट प्रदर्शनकारियों की पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं से झड़प हो गई। पुलिस ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हल्का बल का प्रयोग किया गया।


इधर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा बिहार, उत्तर प्रदेश के अवैध वोटरों को बंगाल के वोटर लिस्ट में शामिल करने की कोशिश कर रही है। ममता ने ङ्क पर एक पोस्ट में कहा- भाजपा के एजेंटों को बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के ऑफिस में हजारों फर्जी फॉर्म 6 आवेदन जमा करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। यह वोटर हाइजैकिंग की कोशिश है।

भाजपा ने केरलम के मेनिफेस्टो में AIIMS और तिरुवनंतपुरम से कन्नूर तक हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क विकसित करने का वादा किया। पार्टी ने 'भक्ष्य आरोग्य सुरक्षा कार्ड' योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500, बुजुर्गों, विधवाओं और जरूरतमंद महिलाओं को ?3000 पेंशन देने की घोषणा की। भाजपा ने असम के लिए मेनिफेस्टो में लव जिहाद पर एक्शन, घुसपैठियों से कब्जाई जमीन वापस लेने, राज्य में सीसी लागू करने, युवाओं को 5 साल में 2 लाख नौकरियां देने का वादा किया है।

#### 12वीं कक्षा के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम जारी

### विज्ञान, कला और वरिष्ठ उपाध्याय में छात्राओं ने मारी बाजी




**उदयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी हुए। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने उदयपुर कलक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी सभागार से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर से वर्चुअली जुड़ते हुए परीक्षा परिणामों की घोषणा की। कक्षा 12 के सभी संकायों तथा वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा का समेकित परीक्षा परिणाम 96.45 प्रतिशत रहा। इसके साथ ही आजादी के बाद पहली बार ऐसा अवसर रहा जब माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परिणाम मार्च माह में जारी हुए। शिक्षा मंत्री दिलावर मंगलवार सुबह ट्रेन से उदयपुर पहुंचे। सर्किट हाउस में कुछ देर रूकने के बाद ठीक 9.35 बजे कलक्ट्रेट स्थित सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीडियो कांफ्रेन्सिंग सभागार में पहुंचे। दिलावर वीसी के माध्यम से अजमरे स्थित माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय के मुख्यालय से जुड़े। ठीक 10 बजे शिक्षा मंत्री श्री दिलावर के निर्देशन में कम्प्यूटर का बटन दबाकर परीक्षा परिणाम जारी किया गया।

#### दिलावर ने अव्वल विद्यार्थियों से मोबाइल पर की बात, दी शुभकामनाएं

शिक्षा मंत्री दिलावर ने परीक्षा परिणाम जारी करने के बाद सभी संकायों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मोबाइल पर बात की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों और उनके परिजनों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

#### साल में दो बार बोर्ड परीक्षा

दिलावर ने कहा कि आगामी सत्र से विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों का मानसिक तनाव कम होगा और सुधार का मौका मिलेगा। इसके अलावा हर बच्चे तक किताबें समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया गया है, मार्च माह में ही समस्त विद्यालयों तक किताबें पहुंचाने के निर्देश पूर्व में ही प्रदान कर दिये गये हैं। यूनिफॉर्म के लिए राशि सीधे डी.बी.टी के माध्यम से खातों में भेजी जा रही है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और समय पर संसाधन मिल रहे है।

#### गुजरात में प्रधानमंत्री ने दी 20,000 करोड़ की सौगात

## चलती रहेगी विकास की 'सुपरफास्ट एक्सप्रेस' : मोदी

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 मार्च को आश्वासन दिया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार स्थानीय सरकारी निकायों से लेकर संसद तक, जनता के समर्थन से विकास की सुपरफास्ट एक्सप्रेस को बरकरार रखेगी। गुजरात के वाव-थारद में एक जनसभा में बोलते हुए, मोदी ने राज्य सरकार के 4.08 लाख करोड़ रुपये के बजट पर प्रकाश डाला और कहा कि गुजरात सरकार ने 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया है। यह धनराशि गांवों, कस्बों और शहरों के



विकास पर खर्च की जाएगी। जब तक पंचायत से लेकर संसद तक आपका विश्वास बना रहेगा, विकास की 'सुपरफास्ट एक्सप्रेस' इसी गति से आगे बढ़ती रहेगी।

मोदी ने कहा कि आज मेरा मन एक और बात से प्रसन्न है। जब मैं यहां आया तो पहली बार मेरा विमान सीधे डीसा एयरबेस पर लैंड हुआ। डीसा का एयरबेस अंतर्राष्ट्रीय सीमा से केवल 130 किमी दूरी पर है। आप समझ सकते हैं कि ये देश की सुरक्षा के लिए भी कितना अहम है। लेकिन डीसा एयरबेस का काम आज से प्रारंभ नहीं हुआ। जब मैं मुख्यमंत्री था तब से मैंने जमीनें एक्वायर की, और हम चाहते थे कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भारत की पश्चिम सीमा की सुरक्षा के लिए ये डीसा अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। लेकिन पता नहीं, दिल्ली में उस समय जो लोग राज करते थे, उन्हें गुजरात के प्रति क्या नफरत थी।

### मिडिल ईस्ट संघर्ष 'हॉर्मूज' के बाद अब 'बाब-अल-मंदेब' पर भी संकट गहराने की आशंका

**नई दिल्ली।** ईरान का इजरायल और अमेरिका के साथ संघर्ष जारी है। इस संघर्ष में ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोही भी शामिल हो गए हैं। हूतियों ने इजरायल पर कई मिसाइल हमले किए हैं।

स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज के बाधित होने के चलते वैश्विक ऊर्जा संकट पहले ही गहरा चुका है। अब एक और खतरा स्ट्रेट ऑफ बाब-अल-मंदेब पर मंडरा रहा है, जो रेड सी और अदन की खाड़ी के बीच एक महत्वपूर्ण चोक प्वाइंट है। इसी कारण भारतीय नौसेना पूरी तरह सतर्क है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, इस समय उत्तरी अरब सागर में ओमान की खाड़ी और अदन की खाड़ी के आसपास भारतीय नौसेना के कई युद्धपोत तैनात हैं।

## तेल संकट के जल्द से जल्द समाधान के लिए भारत-रूस के बीच बातचीत जारी


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी संघर्ष बढ़ता जा रहा है। संघर्ष की वजह से तेल की कीमतें बढ़ती जा रही हैं। कई देशों में तेल का संकट नजर आ रहा है। ताजा हालात को लेकर भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने आईएएनएस के साथ खास बातचीत की। आज के समय में तेल डिप्लोमेसी पर आप क्या कहेंगे? हम किसी भी तरह की तेल डिप्लोमेसी में शामिल नहीं हैं। हम द्विपक्षीय व्यापार करते हैं, हम आर्थिक संबंध को बढ़ाते हैं और जैसा कि हमने हाल ही में देखा है, भारत को रूस से ऑयल सप्लाई का वॉल्यूम काफी बढ़ गया है। हम इसका स्वागत करते हैं और दोनों पार्टियों के फायदे के लिए इस ट्रैक पर भारत के साथ



इसे बढ़ाने के लिए हमेशा तैयार रहे हैं। मिडिल ईस्ट में मौजूदा हालात को देखते हुए, हमें शायद अमेरिका की ऑयल डिसरप्शन डिप्लोमेसी के बारे में ज्यादा बात करनी चाहिए। इसकी वजह से एनर्जी मार्केट में इतनी ज्यादा अस्थिरता आई है। रूस और भारत की बात करें तो, हम तेल सहित व्यापार में द्विपक्षीय रूप से ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं और यह कुछ ऐसा है, जिसका हम समर्थन करते हैं और स्वागत करते हैं और इसे जारी रखने के लिए पक्के इरादे वाले हैं। अमेरिका ने बार-बार दावा किया है कि भारत ने दबाव के कारण रूस से अपना तेल इंपोर्ट कम कर दिया है। इस दावे के पीछे असली सच्चाई क्या है?मैं अमेरिका-भारत व्यापार के बारे में इस सवाल का जवाब देने की स्थिति में नहीं हूं। लेकिन, हम अंतरराष्ट्रीय राजनीति में दबाव को खारिज करते हैं। यह बिजनेस करने का सही तरीका नहीं है। हम अमेरिका के खुले दावों और इरादों को देखते हैं कि वे भारतीय मार्केट में हमारे लिए रुकावटें खड़ी करें और अमेरिका-भारत और कई दूसरे देशों से रूस के साथ बिजनेस बंद करने और रूस के साथ संबंध कम करने की खुली अपील करते हैं।

## होर्मुज के रास्ते नहीं मिल रहा तो अमेरिका से खरीदें तेल : ट्रंप

**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एक प्रस्ताव रखा है। मंगलवार को ट्रुथ पोस्ट में उन्होंने जेट ईंधन की कमी से जूझ रहे देशों से कहा की कि अगर होर्मुज से तेल नहीं मिल पा रहा तो अमेरिका का रुख कर सकते हैं। दो अलग-अलग पोस्ट्स में उन्होंने फ्रांस और ब्रिटेन को जबरदस्त फटकार भी लगाई है। ट्रंप ने तेल को लेकर कहा, 'ब्रिटेन जैसे देश (जिसने ईरान को सत्ताच्युत करने की कार्रवाई में शामिल होने से इनकार कर दिया था) और जो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए जेट फ्यूल नहीं हासिल कर पा रहे हैं, उनको मैं दो नसीहत दूंगा। इसके बाद ट्रंप ने वो दो नसीहतें देते हैं। उन्होंने आगे लिखा, 'पहली, चाहूंगा कि उन्हें अमेरिका से तेल खरीदना चाहिए क्योंकि अमेरिका के पास पर्याप्त तेल है।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने दूसरी नसीहत हौसला और हिम्मत दिखाने की कही। लिखा कि मेरी दूसरी



सलाह है कि देर से ही सही लेकिन थोड़ी हिम्मत दिखाएं, होर्मुज जाएं और अपना हक ले लें।

ट्रंप आगे लिखते हैं कि आपको खुद के लिए लड़ना सीखना होगा। दावा किया कि हमेशा अमेरिका उनका साथ देने के लिए मौजूद नहीं रहेगा, ठीक वैसे ही जैसे आप उसके साथ खड़े नहीं हैं।

दुनिया को ललकारते और अपनी पीठ थपथपाते हुए ट्रंप ने अंत में लिखा, 'ईरान कमजोर हो चुका है, वो तबाह कर दिया गया है। सबसे मुश्किल काम हमने कर दिया है। अब आप जाकर अपना तेल हासिल करने का हौसला दिखाना चाहिए।'

इसकी अगली पोस्ट में ट्रंप ने फ्रांस को फटकार लगाई है। नाराजगी जाहिर करते हुए उसे कोसा है। लिखा- फ्रांस ने इजरायल जा रहे उन विमानों को अपने इलाके के ऊपर से उड़ने नहीं दिया, जो सैन्य सामान से लदे हुए थे। 'ईरान के कसाई' को खत्म करने के मामले में फ्रांस बिल्कुल भी मददगार साबित नहीं हुआ, जिसे आखिरकार हमने मार गिराया और इस रवैए को अमेरिका याद रखेगा।

ट्रंप ने उन यूरोपीय सहयोगियों के प्रति अपनी नाराजगी लगातार जाहिर की है, जिन्होंने ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के सैन्य अभियान में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है—खास तौर पर तब, जब उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए फिर से खोलने के बेहद खतरनाक प्रयासों में शामिल होने को लेकर अपनी आशंकाएं व्यक्त की थीं।

CMYK

# दिन में बिजली से चमकेगी खेती: दौसा-करौली भी जुड़े, 24 जिलों के किसानों को बड़ी राहत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में किसानों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए प्रदेश के दायरे को और बढ़ा दिया है, जिसके तहत अब दौसा और करौली जिले के किसानों को भी दिन के समय बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इस फैसले के साथ ही प्रदेश के कुल 24 जिलों में कृषि उपभोक्ताओं को दिन के दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा सोमवार रात अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर की। यह निर्णय राज्य सरकार के उस व्यापक संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

**चरणबद्ध योजना से बढ़ता दायरा**- राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के परिवर्तित बजट में इस योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का रोडमैप तैयार किया है। फिलहाल 22 जिलों में यह व्यवस्था पहले से लागू है और अब दौसा एवं करौली के जुड़ने से यह संख्या बढ़कर 24 हो जाएगी। इससे हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

**इन जिलों में पहले से मिल रही सुविधा** -जयपुर डिस्कॉम के तहत धौलपुर, बूंदी, कोटा, झालावाड़, जयपुर, डीग और भरतपुर जिलों में किसानों को दिन के समय दो ब्लॉक में बिजली दी जा रही है। वहीं अजमेर डिस्कॉम के अंतर्गत अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, डीडवाना-कुचामन, उदयपुर, सलूम्बर, राजसमंद, बांसवाड़ा, झुंझुनूं, सीकर, चित्तौड़गढ़ और डूंगरपुर जिले शामिल हैं। इसके अलावा जोधपुर डिस्कॉम के जालौर, सिरोही और पाली जिलों में भी यह सुविधा लागू है।

**दौसा-करौली में मजबूत हुआ बिजली तंत्र**-दौसा और करौली में दिन के समय बिजली आपूर्ति संभव बनाने के लिए विद्युत ढांचे को सुदृढ़ किया गया है। दौसा जिले में 33 केवी के 18 और करौली में 6 नए ग्रिड सब स्टेशन स्थापित किए गए हैं। साथ ही दौसा में 47 और करौली में 15 सब स्टेशनों पर ट्रांसफार्मर क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इसके अलावा पीएम कुसुम योजना के तहत दोनों जिलों में कुल 32 मेगावाट क्षमता के 17 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जो इस व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे।

**87 हजार से अधिक किसानों को सीधा लाभ**-इस पहल से दौसा के 52,460 और करौली के 35,341 यानी कुल 87,801 कृषि उपभोक्ताओं को दिन में बिजली मिल सकेगी। इससे किसानों को रात में सिंचाई करने की मजबूरी से राहत मिलेगी।

**सुरक्षा और जीवन गुणवत्ता में सुधार**-दिन में बिजली मिलने से किसानों को रात के समय खेतों में जाने की जरूरत नहीं होगी, जिससे जंगली जानवरों के खतरे में कमी आएगी। साथ ही वे अपने परिवार के साथ अधिक समय बिता सकेंगे, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। राज्य सरकार का यह कदम न केवल कृषि कार्यों को आसान बनाएगा, बल्कि किसानों की सुरक्षा, सुविधा और उत्पादन क्षमता को भी नई दिशा देगा।

# ओसवाल जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलवर ने फिर दिया सर्वश्रेष्ठ परिणाम



**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** अलवर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 12वीं कक्षा के परिणामों में एक बार फिर, श्री जैन शिक्षण समिति द्वारा संचालित ओसवाल जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपना सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर सबको चौका दिया। डायरेक्टर विनोद शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओसवाल स्कूल ने अपना सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया है साइंस वर्ग की छात्रा महक गुप्ता ने 98. 80% मनन सैनी ने 98.40 प्रतिशत इशिका गुप्ता ने कला वर्ग में 96.80 प्रतिशत रूबी जांगिड़ ने 95% छात्रा मानसी ने एग्रीकल्चर में 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष कुल 380 छात्रों ने 12वी की परीक्षा में हिस्सा लिया जिनमें 40 छात्र-छात्राएं ऐसे हैं जिन्होंने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 90 से 99% तक अंक प्राप्त किए हैं सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए डायरेक्टर विनोद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर श्री जैन शिक्षण समिति के पदाधिकारीयो द्वारा बच्चों को साफा, माला पहनाकर सम्मानित किया गया मुंह मीठा करवाया गया, विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी गई। और ढोल नगाड़े बजाकर खुशियों का इजहार किया गया।

## पेट्रोल पम्प निरीक्षण में गड़बड़ी उजागर, होगी कार्यवाही

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मध्य पूर्व में जारी संकट के चलते पेट्रोल-डीजल व एलपीजी आपूर्ति पर संभावित प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार गठित विशेष प्रवर्तन जांच दल ने जिले में पेट्रोल पम्पों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि अभियान के तहत किए गए निरीक्षण में मैसर्स दुर्गा इंडियन ऑयल, सैंपऊ रोड, एनएच-123 धौलपुर पर गंभीर अनियमितताएँ सामने आई हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित तेल कंपनी के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है। साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं मोटर स्प्रिट व उच्च वेग डीजल आदेश 2005 के तहत कठोर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। विशेष प्रवर्तन जांच दल में गजेन्द्र बाबू शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा एवं जीतेन्द्र फौजदार शामिल रहे। दल द्वारा जिले के सभी पेट्रोल पम्पों का लगातार गहन निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। **गैस आपूर्ति सुचारू, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध** -जिले में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर नियमित आपूर्ति की जा रही है। 31 मार्च को ही 3600 सिलेंडरों का वितरण किया गया। सभी गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और समय पर बुकिंग कराएं।

## हनुमान जयंती पर निकलेगी भव्य हनुमान शोभायात्रा सजीव झाकियां व अखाड़े रहेंगे आकर्षण का केंद्र

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर हनुमान जयंती के अवसर पर दो अप्रैल को जटवाड़ा गणेश नगर बी से प्रात: ग्यारह बजे भव्य हनुमान शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर रणथंभौर सर्किल स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में शिवसेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजा भैया एवं शिवसेना हिंदुस्तान के राजस्थान प्रभारी जितेंद्र सिंधी सहित समाजसेवी व मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता के दौरान शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन किया गया। वही शिवसेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय




अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हनुमान शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा ।उन्होंने बताया कि शोभायात्रा 2 अप्रैल को सुबह 11 बजे जटवाड़ा गणेश नगर बी से प्रारंभ होगी। यह आयोजन शिवसेना हिंदुस्तान एवं सर्व हिंदू समाज के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में 5 से 7 हजार श्रद्धालुओं की भागीदारी रहेगी, जबकि करीब 10 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। शोभायात्रा में विभिन्न सजीव झांकियां, अखाड़ों के कलाकारों द्वारा प्रदर्शन, 9 फीट ऊंची हनुमान जी एवं 8 फीट ऊंची गणेश जी की चलित झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। इसके अलावा ऊंट, घोड़े एवं डीजे भी शामिल होंगे।

वही शिवसेना हिंदुस्तान के राजस्थान प्रभारी जितेंद्र सिंधी ने बताया कि पिछले 5-7 वर्षों से शोभायात्रा का आयोजन नहीं हो पा रहा था, लेकिन पिछले वर्ष पुन: शुरुआत के बाद इस बार इसे और भव्य रूप दिया जा रहा है। आयोजकों ने आमजन से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। साथ ही भविष्य में इसे और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना भी व्यक्त की गई है।

## एक नजर

### परिवहन विभाग ने 48 घंटे में की गई छापामार बड़ी कार्रवाई

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** परिवहन विभाग द्वारा संचालित विशेष जांच अभियान ऑपरेशन कैच के अंतर्गत बकाया टैक्स/नियम विरूद्ध संचालित वाहनों के विरूद्व सीज की बड़ी कार्यवाही की है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि विभाग द्वारा जिले में अभियान के अतंर्गत धौलपुर में आरईसीएल एवं राजाखेडा क्षेत्र में निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर जी आर कंस्ट्रक्शन के वाहन, सैंपऊ, तसीमों, नबाब बसई रेल्वे पुल, तूडी भण्डारण पर कंस्ट्रक्शन मशीनों में से 27 वाहनों को जिसमें जेसीबी, लोडर एवं अन्य वाहनों को सीज किया गया है। जिनसे 1 करोड़ रूपये राजस्व प्राप्ति की संभावना है। जिले में आज 59 भार वाहनों को सीज कर 18.80 लाख की कर की वसूली की गई है। जिले में अवैध रूप से संचालित डीलर्स की आकस्मिक चेकिंग कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। साथ उन्हें विक्रय की गई समस्त वाहनों का कर आवश्यक रूप से 31 मार्च तक जमा कराने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। ऐसा न करने पर नियमानुसार शास्ति देनी होगी।

### मीडिया अपनी आंतरिक शक्ति से समाज की दिशा बदलने का सामर्थ्य रखता है :बीके चंद्रकला दीदी

ब्रह्माकुमारीज़ के भवन में जिलेभर के मीडियाकर्मियों सम्मान समारोह का आयोजन किया

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** उन्होंने कहा कि मीडियाकर्मी कलम के धनी होते हैं तथा उनकी लेखनी भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि "कलम कमाल भी कर सकती है और धमाल भी", इसलिए मीडिया को अपनी शक्ति का उपयोग समाज को एकजुट करने और सकारात्मक परिवर्तन लाने में करना चाहिए। उन्होंने मीडिया से आह्वान किया कि वह सनसनी के बजाय सत्यए संवेदनशीलता एवं समाधान को प्राथमिकता दे तथा ब्रह्माकुमारीज के मूल्यों जैसे शांति, प्रेम एवं नैतिकता को भी समाज तक पहुँचाने में सहयोग करे। साथ ही उन्होंने सभी मीडिया प्रतिनिधियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित मीडियाकर्मियों का आभार व्यक्त किया।



### आरबीएसई 12वीं परिणाम में सैंट सोल्जर का जलवा, 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया मान

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार सुबह 12वीं का परिणाम घोषित किया गया। इस परिणाम में टोंक स्थित सैंट सोल्जर शिक्षा समिति के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल 17 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की, वहीं 35 से अधिक विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर गौरव बढ़ाया। कला वर्ग सुमन मीणा 95.40, मानसी बैरवा 95, केशव चौपड़ा 94.2, शिवानी चौधरी 94, शिवानी मीणा 93.4, शिवानी नागर 91.80 एवं नीतू जाट 91.4 अंक प्राप्त किए। वहीं विज्ञान वर्ग में मोनिका मीणा 93.80, तिया अग्रवाल 93.40, खुशी खंगार 93, अदिति धाकड़ 92.40, नेहा अलवीरा 91, आरव जैन 91 एवं युवराज शर्मा 91 अंक प्राप्त किए। छात्रा वर्ग की प्रधानाचार्या मंजू माथुर एवं छात्र वर्ग के प्रधानाचार्य मदन गोपाल शर्मा ने इसे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन सैंट सोल्जर शिक्षा समिति में खुशी का माहौल है।

### भाजपा कुंडेरा मंडल का प्रशिक्षण शिविर संपन्न, बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता हुए प्रशिक्षित

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा कुंडेरा मंडल का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 29-30 मार्च को ग्राम पढ़ाना में स्थित बालाजी के मंदिर में संपन्न हुआ मंडल महामंत्री ने बताया कि दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। वर्ग में सर्वप्रथम उद्घाटन सत्र आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग में दो दिनों के दौरान सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न वक्ताओं द्वारा अलग-अलग विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर कार्यकर्ताओं ने सामूहिक भोज किया। इस दौरान मंडल के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मेहंदवास की मेघा जांगिड़ ने 97.80 अंक प्राप्त कर किया जिले का नाम रोशन

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के मेहंदवास गांव की प्रतिभाशाली छात्रा मेघा जांगिड़ ने अपनी मेहनत एवं लगन के बल पर 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। मेघा जांगिड़ पुत्री शशिभूषण जांगिड़ टोंक जिले के मेहंदवास निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, जांगिड़ समाज सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। मेघा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता एवं भैया को दिया है, जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने नियमित रूप से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पढ़ाई की, जिससे उन्हें विषयों को बेहतर समझने में मदद मिली।

## 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों का दबदबा

## राउमावि धूलारावजी के छात्र गोरव प्रजापत ने 98.20 फीसदी अंक हासिल कर रचा इतिहास

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा मंगलवार को घोषित 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सरकारी विद्यालयों का दबदबा रहा है। आंधी ब्लाक शिक्षा अधिकारी खूबचंद वर्मा ने बताया की 12 वीं कला वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धूलारावजी के छात्र गोरव प्रजापत ने 12 वीं कला वर्ग में 98.20 फीसदी अंक हासिल किया है। छात्र गोरव प्रजापत जमवारामगढ़ व आंधी ब्लाक में टापर रहा है।



उसी प्रकार 12 वीं कला वर्ग में ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थली की छात्रा अंकिता गुर्जर ने 95.20 फीसदी व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डांगरवाडा की छात्रा सुशीला मीणा ने 95.00 फीसदी अंक हासिल किए हैं। विज्ञान वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमला की छात्राओं अनुष्का मीणा ने 94.80, अजय मीणा 91.80 व रविना योगी ने 91.20 फीसदी अंक हासिल कर परचम लहराया है। उसी प्रकार वाणिज्य वर्ग में भी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमला की ही आरती मीणा ने 83.8 व विजेंद्र कुमार मीणा ने 83.4 अंक हासिल किए हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोरी की छात्रा शिवानी मीणा ने भी 12 वीं कला वर्ग में 97.40 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल वीरेंद्र कुमार मीणा ने बताया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दंताला मीणा में कक्षा 12 वीं में 58 विद्यार्थियों में से 44 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 12 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी तथा 2 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण किया है, इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा है। एकता गुर्जर व खुशी मीणा ने 97.00-97.00 फीसदी, आशा प्रजापत ने 92.80 फीसदी, रूपा प्रजापत 92.40 फीसदी,अभिषेक योगी 92.00 फीसदी तथा योगेश बुनकर ने 90.00 फीसदी अंक तथा 13 विद्यार्थियों ने 80 .00 फीसदी से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विधायक महेंद्र पाल मीणा, पूर्व विधायक गोपाल मीणा, प्रधान रामफूल गुर्जर,जमवारामगढ़ एसडीएम ललित मीणा, आर ए एस प्रांजल कंवर, जमवारामगढ़ तहसीलदार रामधन विश्नोई, बीडीओ रमेश चंद मीणा, आंधी बीडीओ दिवाकर मीणा, सीडीपीओ विमला वर्मा, सीडीपीओ अनुसूया पारीक, सीबीईओ खूबचंद वर्मा व अनिता शर्मा ने होनहार विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

## हनुमान जयंती से पहले सिलेंडर संकट, भंडारे की तैयारियों पर संकट के बादल

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** 'तुम रक्षक काहू को डर ना ', 'आपन तेज सम्हारो आपै ', 'तीनों लोक हांक ते कांपे' जैसे जयघोषों के बीच संकटमोचन हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन इस बार आयोजन से पहले गैस सिलेंडर की किल्लत ने हनुमान भक्तों की चिंता बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले भंडारे के लिए आयोजकों को लाख प्रयासों के बावजूद गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। एजेंसी संचालकों ने प्रशासनिक सख्ती का हवाला देते हुए हाथ खड़े कर दिए हैं।

ऐसे में आयोजक असमंजस में हैं कि भंडारे की व्यवस्था कैसे की जाए। विडंबना यह है कि जिस प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत घर-घर गैस पहुंचाकर लकड़ी के धुएं से मुक्ति दिलाने की पहल की गई थी, आज उसी के दौर में सिलेंडर न मिलने से हनुमान भक्तों को फिर से लकड़ी की भट्टियों का सहारा लेना पड़ रहा है। आयोजकों का कहना है कि भंडारे में हजारों लोगों के लिए भोजन तैयार किया जाता है, जिसके लिए बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर की आवश्यकता होती है। वर्तमान स्थिति में सिलेंडर की कमी के चलते न केवल आयोजक बल्कि आम उपभोक्ता भी परेशान हैं और एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लगी हुई हैं।

इस बीच भक्तों में यह चर्चा भी है कि यदि ऐसी स्थिति का पूर्वाभास होता, तो शायद हनुमान जी के भक्त भी पहले से ही गैस सिलेंडर की व्यवस्था कर लेते। किशनगढ़ बास के पुराना बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारियां जारी हैं।

एक अप्रैल को मंदिर में अखंड रामायण पाठ होगा तथा भव्य झांकी निकाली जाएगी, जो मुख्य बाजार, गंज रोड, नगर पालिका कार्यालय, काले खां बाग, अलवर रोड, तोप सर्किल और पंचायत घर होते हुए पुन: मंदिर पहुंचेगी।

# भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने की नई 48 सदस्यीय टीम घोषित

## संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में भारतीय जनता पार्टी ने महिला मोर्चा की नई टीम का ऐलान कर संगठन को नई मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने 48 सदस्यीय टीम की घोषणा की। इस टीम में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है। नई टीम में 8 प्रदेश उपाध्यक्ष, 3 प्रदेश महामँत्री, 8 प्रदेश मंत्री और 12 प्रवक्ता बनाए गए हैं। पार्टी का उद्देश्य इस टीम के माध्यम से महिला वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करना और आगामी पंचायत व निकाय चुनावों के मद्देनजर बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना है। प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में विजयलक्ष्मी राजपुरोहित, शिखा वेद, निकिता राठौड़, ज्योति मिश्रा, शानू यादव, अनुराधा महेश्वरी, अंजू सैनी और रेखा परिहार को जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं सुनीता व्यास, अरुण सिहाग और मूर्ति मीणा को महामंत्री बनाया गया है। प्रदेश मंत्री के रूप में डॉ. रजनी गावड़िया, मुकेश कंवर, रेखा जैन, जयश्री दाधीच, हंसिका गुर्जर, अमरावती शर्मा, शीला चंदन जाटव और सीमा अखावत को नियुक्त किया गया है। प्रवक्ता के रूप में अनुपमा मोदी, अदिति शर्मा, आंचल अवाना, मंजू सैनी, किरण मेघवाल, अंजली यादव, रजनी सोनी, निर्मला मकवाना, ममता कुमावत, सुनीता सैनी, चेतना मीणा और रमेश कुमारी कौर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा सुषमा सैनी को कोषाध्यक्ष और कनिका बिश्नोई को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मीना बनर्जी और बीना शर्मा को कार्यालय मंत्री, सुजाता मीणा को मीडिया प्रभारी और पूनम जैन को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। आईटी संयोजक के रूप में पूजा गुरनानी और सह संयोजक के रूप में सोनिका जैन, सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में प्रियंका त्यागी और सह संयोजक के रूप में मनीषा जोधा को जिम्मेदारी दी गई है। रिसर्च



संयोजक श्रिष्टि सेठी और सह संयोजक सुलभा सारदा होंगी, जबकि कार्यक्रम प्रभारी के रूप में नीलम मुंदड़ा को नियुक्त किया गया है। मन की बात कार्यक्रम के लिए उमा शर्मा को संयोजक और वीणा कुमारी दशोरा को सह संयोजक बनाया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में मंजू मेघवाल और सह प्रभारी के रूप में रुबिया उपाध्याय को जिम्मेदारी दी गई है।

# राजस्थान विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से की भेंट

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नई दिल्ली प्रवास में मंगलवार को केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट की। उन्होंने अजमेर के पर्यटन विकास कार्यों और कतिपय अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

**तारागढ़ और वरुण सागर के लिए केंद्रीय सहायता का आग्रह–** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ भेंट में विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने अजमेर के ऐतिहासिक तारागढ़ किला और वरुण सागर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के सम्बन्ध में चर्चा की और इसके लिए यथोचित केन्द्रीय सहयोग प्रदान कराने का आग्रह किया। विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने बताया कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान से जुड़े ऐतिहासिक तारागढ़ किला के विकास के लिए राजस्थान सरकार ने भी अपने बजट में वित्तीय प्रावधान की घोषणा की है। ऐतिहासिक तारागढ़ किला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की इस महत्वाकांयोजना को पूरा करने के लिए केन्द्रीय सहायता की महती आवश्यकता है। इसी प्रकार अजमेर के वरुण सागर जिसका पूर्व में नाम फायसागर था, को भी पर्यटन की दृष्टि से आकर्षण बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। यहां शीघ्र वरुण देवता की अष्ट धातु की एक मूर्ति भी स्थापित की जायेगी। देवनानी ने बताया कि अजमेर में अंग्रेजी और औपनिवेशिक काल की गुलामी के प्रतीक कई नामों को बदला गया है। इसी क्रम में फायसागर का नाम भी परिवर्तित कर जल देवता वरुण सागर के नाम पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि वरुण सागर को एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। **केन्द्रीय मंत्री का आश्वासन—** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विधानसभाध्यक्ष देवनानी का आश्वस्त किया कि ऐतिहासिक तारागढ़ किला और वरुण सागर सहित अजमेर के अन्य पर्यटन स्थलों के विकास का विस्तृत प्रोजेक्ट बनवा कर केन्द्र सरकार से समुचित केन्द्रीय सहायता दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। **सड़क चौड़ी करने सम्बन्धी विषय पर चर्चा—** विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से अजमेर में बीएसएनएल और



डाकघर कार्यालय के पास की सड़क को चौड़ी करने सम्बन्धी विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि अजमेर में जाम की समस्या को दूर करने तथा सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए कार्यालय के पास की सड़क को चौड़ी करना आवश्यक है। जनहित में इन कार्यालयों की भूमि की आवश्यकता है क्योंकि नए एलिवेटेड रोड और आगरा फोर्ट गेट के पास प्रायः दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने सिन्धिया से इस लम्बित विषय का शीघ्र निराकरण करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विधानसभाध्यक्ष देवनानी को आश्वस्त किया कि वे इस सम्बन्ध में शीघ्र ही अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगे।

*सांभर में आंगनबाड़ी चलो अभियान प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह का हुआ आयोजन*

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आंगनबाड़ी के नवीन बच्चों को पोर्टफोलियो किट और खेल सामग्री का किया वितरण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय सांभर लेक जयपुर में आंगनबाड़ी चलो अभियान प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं द्वारा दरबार सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांभर में आयोजित प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह में आंगनबाड़ी के नवीन बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने आंगनबाड़ी के बच्चों को पोर्टफोलियो किट (बच्चों के लिए रंग, वॉटर बोतल, खिलौने) आदि प्रदान किये। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोर्टफोलियों खेल सामग्री का वितरण इस उद्देश्य से किया जाता कि बच्चें खेल खेल में सीखे।बच्चों को आंगनबाड़ियों में स्वस्थ सुरक्षित एवं सीखने का



माहौल मिल सके। समारोह में सांभर उपखण्ड अधिकारी ऋषि राज कपिल, उपनिदेशक आईसीडीएस पार्थवी शर्मा, उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश डोगीवाल, कार्यक्रम प्रभारी आरपीएस सपना मौर्य तथा सीडीपीओ प्रिया कुमावत एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने एक बच्चे के जन्मदिन एवं आंगनबाड़ी में प्रवेश उत्सव पर केक काट कर स्टॉल का अवलोकन किया, जिसमें भामाशाहों से प्राप्त सामग्री एवं खिलौने आदि का वितरण किया गया। स्टॉल में विभिन्न आयामों पर आधारित कॉर्नर्स बनाए गए जिसमें आसपास के वातावरण में उपलब्ध सामग्री से निर्मित सहायक शिक्षण सामग्री तैयार कर प्रदर्शित की गई व बताया गया कि बच्चों को खेल खेल के माध्यम से स्कूल शिक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है।

*पीएम ई-ड्राइव योजना से राजस्थान में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा विस्तार*

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल उपभोक्ताओं के लिए नई सौगात लेकर आई है। भारत सरकार ने राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम को प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) हेतु पब्लिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए 81.12 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। इसके तहत प्रदेश के 262 स्थानों पर कुल 591 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

इससे राज्य में ईवी चार्जिंग के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान देश में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के मामले में अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्य में ग्रीन एनर्जी नेटवर्क का विस्तार करते हुए इसे और प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## सीजीडी संस्थाएं प्रतिदिन औसतन ढाई से तीन हजार परिवारों को डीपीएनजी सुविधाओं से जोड़ें: वी. श्रीनिवास



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्य में कार्यरत सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन संस्थाओं को प्रतिदिन औसतन ढाई हजार से तीन हजार परिवारों तक पाइपलाइन के माध्यम से घरेलू गैस (डीपीएनजी) कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में डीपीएनजी की आधारभूत संरचना विकसित हो चुकी है, वहां के परिवारों को डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ना केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास मंगलवार को सचिवालय में राज्य में कार्यरत 13 सीजीडी संस्थाओं के शीर्ष स्तर के अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ डीपीएनजी संरचना की स्थिति तथा डीपीएनजी सुविधा से जोड़ने की कार्ययोजना पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने वर्चुअल बैठक में स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों में डीपीएनजी की आधारभूत संरचना विकसित हो गई है, वहां क्षेत्रवासियों को एलपीजी से पाइपलाइन गैस सुविधा से जोड़ना केंद्र सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं। साथ ही इन क्षेत्रों की औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को भी पाइपलाइन से प्राकृतिक गैस कनेक्शन से जोड़ा जाना है।

*आरसीए का नया प्लान, गर्मी में शुरू होगा क्रिकेट सीजन*

## जल्द बनेगी सिलेक्शन कमेटी, जूनियर खिलाड़ियों को प्राथमिकता मिलेगी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी अब राज्य में क्रिकेट गतिविधियों को नई दिशा देने की तैयारी में जुट गई है। कमेटी के सदस्य आशीष तिवाड़ी ने बताया- इस बार पुराने हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट की तर्ज पर अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई की शुरुआत में नए क्रिकेट सीजन की शुरुआत करने की योजना है। उन्होंने कहा- इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान होने वाली दिक्कतों से खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को राहत देना है। बारिश के कारण अक्सर मैच प्रभावित होते हैं, जिससे खिलाड़ियों की तैयारी और प्रदर्शन पर असर पड़ता है। ऐसे में समय से पहले सीजन शुरू कर बेहतर तरीके से क्रिकेट गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी सही ट्रेनिंग मिल सके। आशीष



तिवाड़ी ने बताया- नए सीजन में सबसे पहले अंडर-16 और जूनियर कैटेगरी को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पर अंतिम फैसला जल्द लिया जाएगा और फिलहाल एक्सपर्ट्स की टीम इस पर मंथन कर रही है।

इसके साथ ही जल्द ही सिलेक्शन कमेटियों का गठन भी किया जाएगा, ताकि सभी प्रक्रियाएं तय समय पर पूरी हो सकें। एडहॉक कमेटी के सदस्य अरिष्ट सिंघवी ने कहा- इस बार खिलाड़ियों को बेहतर ट्रेनिंग देने पर विशेष ध्यान रहेगा। सभी जिला स्तरीय चैंपियनशिप समय पर पूरी कराने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि स्टेट टीम चयन से पहले खिलाड़ियों को बैटिंग, फील्डिंग और फिटनेस की बेहतर तैयारी मिल सके। वहीं, सदस्य अर्जुन बेनीवाल ने बताया- हर साल मानसून के दौरान कई मैच रद्द हो जाते हैं, जिससे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा पूरी तरह नहीं दिखा पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए सीजन के समय में बदलाव का फैसला लिया गया है, ताकि बारिश से पहले ही सभी मुकाबले आयोजित कराए जा सकें।

## न्यूज विंडो

### अजमेरी गेट (उत्तर) एवं जवाहर नगर (दक्षिण) क्षेत्रों में जलापूर्ति समय में परिवर्तन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहर के अजमेरी गेट (उत्तर) एवं जवाहर नगर (दक्षिण) क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जलापूर्ति समय में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है। उपखण्ड दशम (उत्तर) अजमेरी गेट क्षेत्र के अंतर्गत एम.आई. रोड के उत्तरी भाग—वाल्मीकि कॉलोनी, कप्तान जी का हत्था, लड़ी वालों की बगीची, जुम्मा बाजार एवं कड़वी मंडी—तथा उपखण्ड जवाहर नगर (दक्षिण) के केंद्रीय कारावास, सुदामापुरी, अग्रवाल कॉलेज, मीणा मोहल्ला सहित अन्य क्षेत्रों को इस निर्णय से लाभ मिलेगा। **अब दोपहर 1:00 से 2:00 बजे तक होगी जलापूर्ति** अतिरिक्त मुख्य अभियंता (क्षेत्र द्वितीय) जयपुर, अजय सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इन क्षेत्रों में पूर्व में जलापूर्ति प्रातः 7:15 बजे से 8:30 बजे तक की जाती थी। अब इसे परिवर्तित कर 1 अप्रैल 2026 से दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। **तीन दिवसीय परीक्षण के सकारात्मक परिणाम के बाद निर्णय** विभाग द्वारा पेयजल के प्रेशर में सुधार के उद्देश्य से तीन दिनों तक परीक्षण संचालन किया गया। परीक्षण के दौरान प्राप्त सकारात्मक परिणामों के आधार पर यह निर्णय जनहित में लिया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर प्रेशर के साथ नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। **नागरिकों से सहयोग एवं जल संरक्षण की अपील** विभाग ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे नए समय के अनुसार जल संग्रहण की समुचित व्यवस्था करें तथा जल का विवेकपूर्ण एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से लाभ मिल सके।

### बिहार के नालंदा में हुए हादसे पर राज्यपाल की शोक संवेदना

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बिहार के नालंदा में मंदिर में भगदड़ से हुए हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

### घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग व कालाबाजारी पर जिला रसद अधिकारी का बड़ा एक्शन



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर शहर में घरेलू एवं व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अवैध रिफिलिंग, भण्डारण एवं कालाबाजारी के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण द्वारा 03 विशेष प्रवर्तन दलों का गठन कर शहर में सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई। इन दलों में प्रवर्तन अधिकारियों एवं निरीक्षकों को शामिल करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ दबिश देकर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया। कार्रवाइयों के दौरान कुल 118 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर, 03 इलेक्ट्रॉनिक कांटे, 02 उपकरण , 03 रिफिलिंग मोटर, 01 रेगुलेटर एवं 01 पिकअप वाहन जब्त किए गए हैं। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई प्रचलित है। उल्लेखनीय है कि जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा जयपुर शहर में कार्यवाही हेतु तीन विशेष प्रवर्तन दलों का गठन किया गया।

### पंच गौरव योजना के तहत चौगान स्टेडियम में हुआ कबड्डी शिविर का आयोजन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर के चौगान स्टेडियम में 'पंच गौरव - एक जिला, एक खेल' योजना के तहत कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रैक सूट एवं स्पोर्ट्स शूज प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में यह भी उल्लेख किया गया कि चौगान स्टेडियम से अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी निकलकर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। यह कबड्डी प्रशिक्षण शिविर 22 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन एवं प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

*नए वित्तीय वर्ष में प्रदेश में राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर रहेगा विशेष फोकस*

# मुख्यमंत्री की पहल पर मुख्य सचिव ने प्रदेश भर में राजस्व अधिकारियों को जारी किए विस्तृत दिशा-निर्देश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा और पहल पर प्रदेश में नए वित्तीय वर्ष में राजस्व न्यायालय में लंबित वादों के शीघ्र और समयबद्ध निस्तारण पर विशेष फोकस रहेगा। इसके लिए उपखंड एवं तहसील से लेकर जिला एवं संभाग स्तर के राजस्व अधिकारियों को विशेष टास्क दिए गए हैं। मुख्यमंत्री निर्देशों के क्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्य में राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित निस्तारण के प्रदेश के समस्त राजस्व अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें न्यायिक प्रक्रिया को समयबद्ध बनाते हुए आमजन को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है।

मुख्य सचिव की ओर से जारी परिपत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश में लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के लिए पूर्व में भी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू की जा चुकी है, किन्तु नोटिस तामील में देरी, रिकॉर्ड उपलब्ध न होना तथा साक्ष्य एवं जिरह के बीच अनावश्यक अंतराल जैसे कारणों से प्रकरणों के निस्तारण में विलंब हो रहा है। इस गैप को दूर करने के लिए राजस्व न्यायालय में वादों के निस्तारण की समस्त प्रक्रिया की राज्य सरकार के स्तर से सघन मॉनिटरिंग की जाएगी।

**राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक कार्य दिवस को 4 घंटे नियमित न्यायालय संचालन के निर्देश** मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि सभी राजस्व पीठासीन अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक नियमित रूप से न्यायालय संचालन सुनिश्चित करें। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में तामील प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक होने पर समाचार पत्रों के माध्यम से भी तामील करवाई जाए।

**एक अप्रैल 2026 की स्थिति में सबसे पुराने 100 लम्बित वादों की बनेगी सूची** परिपत्र के अनुसार, उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर 01 अप्रैल 2026 की स्थिति में 100 सबसे पुराने लंबित वादों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता से निस्तारित करेंगे। इन प्रकरणों की मासिक समीक्षा कर चालू वित्तीय वर्ष में उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

## स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयास लाए रंग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत प्रदेश को अधिक से अधिक राशि जारी किए जाने के लिए विशेष प्रयास किए। इसके परिणाम स्वरूप केंद्र द्वारा 15वें वित्त आयोग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं पीएम अभीम (प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन) के तहत रिकॉर्ड राशि राज्य को जारी की गई है। 15वें वित्त आयोग के तहत राजस्थान को विगत 5 वर्ष में करीब 4 हजार 300 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, जिसमें से लगभग 2 हजार 700 करोड़ रुपये की राशि विगत 4 माह में मुख्यमंत्री के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप जारी हुई है। इसी प्रकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्ष 2025-26 में लगभग 2 हजार 383 करोड़ रुपये के मुकाबले केंद्र सरकार ने करीब 2 हजार 398 करोड़ रुपये की राशि राजस्थान को जारी की है, जो स्वीकृत राशि का 100.61 प्रतिशत है। वहीं, पीएम अभीम के तहत भी सर्वाधिक राशि 243 करोड़ रुपये राजस्थान को मिली है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी विजन में राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के विस्तार, डायग्नोस्टिक सुविधाओं के विकास तथा आधारभूत स्वास्थ्य अधोसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

*मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने परकोटे का किया निरीक्षण*

# यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज सिटी के संर्वधन, सरंक्षण, सौन्दर्यकरण के लिए धरातल पर मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने मंगलवार को परकोटे के विभिन्न स्थानों, हवेलियों, मंदिर का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने परकोटे की संकरी गलियों में पैदल दौरा कर वास्तविक स्थिति को करीब से देखा तथा विरासत स्थलों की वर्तमान दशा का गहन अवलोकन किया। परकोटे की हैरिटेज इमारतों, मंदिरों, नाटाणियों की हवेली, खजाने वालों का रास्ता, जैमिनी बिल्डिंग, दिगम्बर जैन मंदिर, राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, हैरिटेज वॉक वे, मणिहारों का रास्ता सहित विभिन्न स्थानों का जायजा लिया। इस दौरान शासन सचिव रवि जैन, संभागीय आयुक्त वी. सरवण कुमार, आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, उपायुक्त (स्वास्थ्य) मृणाल कुमार, अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र कुमार बंसल, एटीपी आकाश कुमावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने सबसे पहले नाटाणियों की हवेली का निरीक्षण किया। वहां संचालित कोतवाली थाने का निरीक्षण करते हुए वर्षो पुराने संधारित अभिलेखों को भी देखा और इमारत के संरक्षण की शीघ्र कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य सचिव खजाने वालों का रास्ता पहुंचे, जहां खजाने वालों की हवेली तथा जैमिनी बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने ऐतिहासिक जानकारी लेकर हवेली को सरंक्षित करने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात मणिहारों का रास्ता स्थित दिगम्बर जैन मंदिर, सांगो का रास्ता स्थित राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट और हैरिटेज वॉक—वे का भी निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने बताया कि जयपुर एक ऐतिहासिक शहर है। यह हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत का जीवंत प्रतीक है। इसकी पहचान को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके सौन्दर्य एवं हैरिटेज को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। परकोटे को सरंक्षित करने और यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज सिटी का टैग बनाये रखने हेतु इसके संवर्धन, संरक्षण और सौन्दर्यकरण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। **मुख्य सचिव ने नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों की ली बैठक–** निरीक्षण के पश्चात् मुख्य सचिव ने नगर निगम के ई.सी. मीटिग हॉल में जोन एवं मुख्यालय उपायुक्तों, अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्य सचिव ने जोन उपायुक्तों से उनके कार्यो की जानकारी ली तथा हैरिटेज सैल द्वारा बनाई गई पीपीटी से धरोहर संरक्षण, संवर्धन, सौन्दर्यकरण के लिए अब तक किए गए कार्यो तथा वर्तमान में किए जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी ली। **मुख्य सचिव ने परकोटे के सरंक्षण, संर्वधन, यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज टैग को बनाए रखने के दिए निर्देश–** 1. मुख्य सचिव ने अनाधिकृत



रूप से लगी हुई केबल को हटाने तथा हैरिटेज क्षेत्र में खराब पड़ी लाईट को ठीक करने तथा फसाड़ लाईटिंग ठीक करने के निर्देश दिए। 2. स्पेशल एरिया हैरिटेज प्लान बनाने के कार्य अतिशीघ्र किए जाएं। 3. हैरिटेज सैल को अधिक सक्रिय, उत्तरदायी एवं परिणान्मुख बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

Website..........
www.hukmnamasamachar.com

# हुक्मनामा समाचार

जयपुर, बुधवार 01 अप्रैल, 2026



## सम्पादकीय...

### देश में जनगणना आज से



देश में 16वीं जनगणना 2027 का पहला चरण बुधवार 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा पहली बार जनगणना हाईटेक होगी और मकान की गिनती में जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक का इस्तेमाल होगा, हर घर की लोकेशन डिजिटल मैप पर दर्ज होगी ताकि कोई मकान छूटे नहीं और ना किसी मकान की दोबारा गिनती हो। दो चरणों में होने वाली इस डिजिटल जनगणना में पहले चरण में हाउस लिस्टिंग होगी तथा दूसरे चरण जो की फरवरी 2027 में होगा जिसमें जनसंख्या गणना होगी आजादी के बाद पहली बार जाति का डाटा भी जुटाया जाएगा, 1931 में ऐसा हुआ था। सरकार ने जनगणना के आंकड़ों को अति संवेदनशील सूचना बुनियादी ढांचा सी आई आई श्रेणी में रखा है। जनगणना का डाटा गोपनीय रहेगा और आरटीआई की दायरे से भी बाहर होगा, किसी सरकारी योजना या कोर्ट में सबूत के तौर पर इसका उपयोग नहीं किया जा सकेगा। कार्यक्रम के अनुसार जनगणना का आधिकारिक आंकड़ा 1 मार्च 2027 की मध्य रात्रि में तय होगा। जनगणना के लिए यह भी सुविधा होगी कि सेल्फ एनुमरेशन घर घर सर्वे से15 दिन पहले खुलेगी। जातिगत जनगणना करने के बावजूद उसका सरकारी योजना में लाभ नहीं लेने से विचित्र स्थिति बन जाएगी क्योंकि लंबे समय से यह मांग हो रही थी कि जातिगत जनगणना के बाद ही सरकारी योजनाओं को उन क्षेत्रों में लागू किया जाए अन्यथा उन योजनाओं का लाभ वास्तविक हकदार लोगों को नहीं मिल पा रहा था सरकारी धन का बजट का भी दुरुपयोग हो रहा था क्योंकि दूसरे लोग इसका फायदा उठा रहे थे जातिगत जनगणना की घोषणा से उम्मीद बनी थी कि अब सब कुछ सामान्य होगा लेकिन जिस तरह से सरकार ने पाबंदियां लगाई है और डाटा को सुरक्षित रखने के नाम पर जो कहा गया है उसके चलते लग रहा है कि जातिगत जनगणना से व्यवस्थाओं में योजनाओं के लागू करने में कोई मदद नहीं मिलेगी। लेकिन अच्छी बात यह है कि जातिगत जनगणना होने से सरकार के पास सही आंकड़े पहुंच जाएंगे और सरकारी इसका कैसे कब उपयोग करेगी यह आने वाले समय में साफ हो जाएगा।

**वैभव लोढ़ा...**

## इतिहास में आज

1582 –अप्रैल को 'अप्रैल फूल डे' के रूप में मनाने की शुरुआत हुई।
1935 – भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार आरबीआई की स्थापना हुई।.
1936 – भारत के उड़ीसा राज्य की स्थापना हुई, जो कि पहले कलिंग या उत्कल के नाम से जाना जाता था।
1973 – भारत के कार्बेट नेशनल पार्क में चीताओं को बचाने के लिए 'टाइगर बचाओं' अभियान चलाया गया।

**-धर्म चंद मेहता**

## क्रॉस फायर

❑नीतीश ने विधान परिषद छोड़ी पर मुख्यमंत्री पद पर सस्पेंस बरकरार।
◆लगता है कोई बड़ी प्लानिंग है।

❑अमित शाह ने लोकसभा में कहा नक्सली हथियार नहीं संविधान का रास्ता चुने।
◆इन्हें मजबूर भी तो किसी ने किया ही होगा।

❑अमेरिकी जहाज के लिए स्पेन का एयर स्पेस बंद।
◆कौन ईरान को नाराज कर कर अपनी मुसीबत बुलाएगा।

❑देश में बुधवार से शुरू होगी जनगणना।
◆मालूम पड़ जाएगा कितने विदेशी निकल गए।

❑ट्रंप फिर बोले अगर हार्मुज नहीं खुला तो उड़ा देंगे ख़र्ग द्वीप।
◆कही खुद ना उड़ जाए।

❑अमेरिकी संसद की रिपोर्ट ने खोल दी पोल आतंकियों की स्थाई शरण स्थली है पाकिस्तान।
◆पर अमेरिका तो उसी को ज्यादा तवज्जो दे रहा है।

❑प्रियंका गांधी ने मोदी पर निशाना साधा कहां पश्चिम एशिया संकट पर बहस कराई जाए।
◆क्यों पोल खुलवाने में लगे हो।

❑तेजस्वी यादव बोले भाजपा ने नीतीश और बिहार की जनता को ठगा।
◆नीतीश का इतना दर्द क्यों।

**.............अंजू लोढ़ा**

## आज का राशिफल

### बुधवार 01 अप्रैन, 2026

**मेष राशि:** आज परिवार के सदस्यों से पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के अच्छे संयोग बने हैं। वाणी पर संयम बनाए रखें ताकि शुभ फल प्राप्त होता रहे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपको लाभ, मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**वृषभ राशि:** पुरानी समस्याओं का अंत होगा। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन राशि:** खर्च और कर्ज आज आपकी चिंता का कारण बन सकता है इसलिए सोच-समझकर कार्य करें, अनावश्यक खर्च से बचें। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। वाद-विवाद के दौरान मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

**कर्क राशि:** आज दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यों की पूर्णता होगी। जोखिमपूर्ण निवेश में भी लाभ होगा। स्वादिष्ट भोजन और नए वस्त्राभूषणों की खरीदारी होगी।

**सिंह राशि:** आज दिनभर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। बीमार व्यक्ति को रोग से मुक्ति मिलेगी।

**कन्या राशि:** आध्यात्मिक सुख एवं सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। भाग्य आज आपका साथ देने के लिए तत्पर है। नए अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशि:** आज दूर की यात्रा न करें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें वर्ना लेने के देने पड़ सकते हैं। माता-पिता के साथ मतभेद हो सकता है।

**वृश्चिक राशि:** आज आपको जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्तियों का साथ मिलेगा। शेयर में निवेश कर सकते हैं, लाभ होगा। मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे आज पैसे खर्च करेंगे।

**धनु राशि:** आज उन्नतिदायक दिन होगा। अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। शत्रु पराजित होंगे। घर में भाई-बहनों के साथ मेल-मिलाप रहेगा।

**मकर राशि:** मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा। बुद्धि-विवेक से सफलता आज आपके कदम चूमेगी। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ बाहर जा सकते हैं।

**कुम्भ राशि:** आज वाद-विवाद में न पड़ें अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है।

**मीन राशि:** आत्मविश्वास एव पराक्रम वृद्धि के कारण सफलता प्राप्त होगी। मेहनत के अनुपात में लाभ प्राप्त होगा। बुजुर्गों और उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने के कारण आप मानसिक रूप से किसी भी प्रकार के बोझ से मुक्त होंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**– अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# राजस्थान का बढ़ता कदमः युवा सशक्तिकरण से जनजातीय अधिकार तक

# भजनलाल सरकार की योजनाओं ने बदली विकास की दिशा

राजस्थान में विकास की नई इबारत लिखने की दिशा में भजनलाल सरकार लगातार ठोस और दूरदर्शी फैसले ले रही है। वर्ष 2026 में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाएं न केवल युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही हैं, बल्कि समाज के वंचित और जनजातीय वर्गों को भी सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह विकास को समावेशी, टिकाऊ और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा युवाओं को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के उद्देश्य से 'स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (स्ढ्ढ्ढष्ट)' की स्थापना एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आई है। मार्च 2026 में स्वीकृत यह केंद्र राजस्थान के युवाओं के लिए विदेशों में रोजगार के अवसरों को सुलभ और सुरक्षित बनाने का माध्यम बनेगा। इस केंद्र के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो सकें। इस सेंटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें केवल तकनीकी प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि विदेशी भाषाओं का भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंग्रेजी के साथ-साथ जर्मन, जापानी, फ्रेंच जैसी भाषाओं का ज्ञान युवाओं को अंतरराष्ट्रीय कार्यस्थलों के लिए तैयार करेगा। इसके साथ ही, अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन और प्री-डिपार्चर गाइडेंस जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे युवाओं को विदेश जाने से पहले हर आवश्यक जानकारी और तैयारी मिल सके। सरकार ने इस पहल के तहत हेल्थकेयर, कंस्ट्रक्शन, हॉस्पिटलिटी और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है। ये ऐसे सेक्टर हैं, जहां वैश्विक स्तर पर भारतीय युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल युवाओं को उच्च आय वाले करियर के अवसर मिलेंगे, बल्कि राज्य की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही, जयपुर में ?450



करोड़ की लागत से बनने वाला 'अटल बिहारी वाजपेयी वर्ल्ड क्लास स्किलिंग सेंटर' भी राज्य के कौशल विकास क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

यह सेंटर युवाओं को आधुनिक उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे वे रोजगार के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। इस सेंटर का मुख्य फोकस एडवांस मैन्युफैक्चरिंग और कंस्ट्रक्शन स्किल्स पर रहेगा। आज के दौर में जहां तकनीक तेजी से बदल रही है, वहां पारंपरिक कौशल के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी दक्षता भी आवश्यक हो गई है। इस सेंटर में युवाओं को अत्याधुनिक मशीनों और उपकरणों के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे इंडस्ट्री-रेडी बन सकें। सरकार का उद्देश्य केवल रोजगार देना नहीं, बल्कि युवाओं को ऐसा कौशल प्रदान करना है, जिससे वे अपने करियर में निरंतर प्रगति कर सकें। इस सेंटर में उद्योगों के साथ साझेदारी के माध्यम से प्रशिक्षण मॉडल तैयार किया जाएगा, जिससे प्रशिक्षण और रोजगार के बीच की दूरी को कम किया जा सके। जहां एक ओर सरकार युवाओं के भविष्य को संवारने में लगी है, वहीं दूसरी ओर जनजातीय समाज के अधिकारों और सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

'विशेष वनाधिकार अभियान' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत वन क्षेत्रों में निवास करने वाले जनजातीय परिवारों को उनके अधिकारों का संरक्षण दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक वनाधिकार पत्रों के वितरण के लिए एक सुव्यवस्थित ड्राफ्ट कैलेंडर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र परिवारों को समयबद्ध तरीके से उनके अधिकार मिल सकें। वर्षों से वन क्षेत्रों में निवास कर रहे जनजातीय समुदायों को अब उनके अधिकारों का विधिवत दस्तावेज मिलना उनके जीवन में स्थायित्व और सुरक्षा का भाव पैदा करेगा। इसके अलावा, जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। सिरोही जिले के पिण्डवाड़ा क्षेत्र स्थित ठंडी बेरी में 'जनजाति बालिका छात्रावास' के संचालन के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। यह छात्रावास जनजातीय बालिकाओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं लेकर आएगा। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली बालिकाओं के लिए शिक्षा तक पहुंच एक बड़ी चुनौती रही है। इस छात्रावास के माध्यम से न केवल उन्हें सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिलेगा, बल्कि वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को भी संवार सकेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार की इन योजनाओं का व्यापक प्रभाव केवल आर्थिक या सामाजिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक नए राजस्थान के निर्माण की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर रही हैं। जहां युवा वर्ग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा रहा है, वहीं जनजातीय समाज को उनके अधिकारों और सम्मान के साथ मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। भजनलाल सरकार की यह रणनीति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि विकास केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका लाभ राज्य के हर वर्ग और हर क्षेत्र तक पहुंचेगा।

कौशल विकास, रोजगार सृजन और सामाजिक न्याय के इस समन्वय से राजस्थान एक संतुलित और समावेशी विकास मॉडल की ओर बढ़ रहा है। इन पहलों से यह भी स्पष्ट होता है कि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने के लिए ठोस कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ रही है। आने वाले समय में इन योजनाओं के परिणाम प्रदेश की अर्थव्यवस्था, शिक्षा और सामाजिक संरचना में सकारात्मक परिवर्तन के रूप में देखने को मिलेंगे। राजस्थान आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां परंपरा और आधुनिकता का संतुलन बनाते हुए विकास की नई दिशा तय की जा रही है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की यह सोच ही राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में निर्णायक साबित होगी।

# प्रकृति से खिलवाड़ यानि आपदाओं को आमंत्रण



**बाल मुकुन्द ओझा**

प्रकृति व पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। प्राकृतिक संपदाओं के महत्व को समझना, उनका किफायती उपयोग करना, उनके संरक्षण को प्राथमिकता देना हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। जल, जंगल और जमीन प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जिनके बगैर हमारी प्रकृति अधूरी है। प्रकृति के इन तीनों तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका सन्तुलन डगमगाने लगा है। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ कर रहे हैं, यह उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हम प्रकृति की चिंता नहीं करते और यही वजह है कि प्रकृति ने भी अब हमारी चिंता छोड़ दी है। हमनें बिना सोचे समझे संसाधनों का दोहन किया है।

यही वजह है कि अब पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है और बाढ़, सूखा, सुनामी जैसी आपदाएं आ रही हैं। बरसों से पर्यावरण को हम इंसानों ने बहुत नुकसान पहुंचाया है। प्रकृति से साथ इंसान का लगातार खिलवाड़ एक भयानक विनाश को आमंत्रण दे रहा है, जहां किसी को बचने की जगह नहीं मिलेगी। मनुष्य का प्रकृति से अटूट सम्बंध है। प्रकृति की रक्षा, उसके संरक्षण और विलुप्ति की कगार पर पहुंच रहे जीव-जंतु तथा वनस्पति की रक्षा का संकल्प प्रत्येक मानव का है। प्रकृति का संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से सबंधित है। इनमें मुख्यतः पानी, धूप, वातावरण, खनिज, भूमि, वनस्पति और जानवर शामिल हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। सचमुच प्रकृति, पर्यावरण और आयुर्वेद का अद्भुत संगम है। मानव जीवन के लिए तीनों कारकों के एकाकार होने की आज के समय महती जरूरत है। इससे प्रकृति को जहाँ साफ सुथरा रखा जा सकता है वहां पर्यावरण भी हमारे अनुकूल होगा जिससे आयुर्वेद को भी संरक्षितरखा जा सकेगा। जो मनुष्य प्रकृति के जितना अधिक अनुकूल है। स्वास्थ्य की दृष्टि से वह व्यक्ति उतना ही अधिक निरापद एवं व्याधियों के आक्रमण से दूर होगा। मनुष्य का आहार-विहार हो या रहन-सहन, वह सर्वथा प्रकृति सापेक्ष होता है। पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए काफी धन व्यय किया जा रहा है। फिर भी आशानुकूल सफलता नहीं मिल रही है। वनौषधि गारंटी है। समुचित संरक्षण के अभाव में विभिन्न वनौषधियों का धीरे-धीरे लोप होता जा रहा है और हम जाने-अनजाने में अपनी बहुमूल्य संपदा को खोते जा रहे हैं। इससे सर्वाधिक हानि आयुर्वेद की हुई है। भारतीय संस्कृति प्रकृति और पर्यावरण का बहुत आदर करती है और आयुर्वेद की तरफ रुझान इसका सबूत है। आयुर्वेद को समग्र मानव विज्ञान कहा जा सकता है। 'पेड़ों से लेकर प्लेट तक, शारीरिक बल से मानसिक स्थिति तक आयुर्वेद का गहरा प्रभाव होता है। आयुर्वेद प्राकृतिक एवं समग्र स्वास्थ्य की पुरातन भारतीय पद्धति है। यदि हमें प्रकृति को बचाना है तो पर्यावरण संरक्षण पर जोर देना होगा। औषधीय पेड़-पौधे लगाने होंगे। जिससे पर्यावरण दूषित होने से तो बचेगा ही, साथ ही आयुर्वेद का प्रसार भी होगा। प्रकृति का संरक्षण हमारे सुनहरे भविष्य का आधार है। मनुष्य जन्म से ही प्रकृति और पर्यावरण के सम्पर्क में आ जाता है। प्राणी जीवन की रक्षा हेतु प्रकृति की रक्षा अति आवश्यक है। वर्तमान समय में विभिन्न प्रजाति के जीव जंतु, वनस्पतियां और पेड़-पौधे विलुप्त हो रहे हैं जो प्रकृति के संतुलन के लिए बहुत ही भयावह है। मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समय समय पर प्रकृति का दोहन करता चला आ रहा है। अगर प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें शुद्ध पानी, हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध पर्यावरण , वातवरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। हमारा शरीर प्रकृति के पांच तत्वों से मिल कर बना है। यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तथा उससे अपनापन रखते हैं तो प्रकृति भी हमारे शरीर की रक्षा करेगी। हम अनेक प्रकार की बीमारियों से बचे रहेंगे। प्रकृति का संरक्षण मानव जाति का संरक्षण है क्योंकि ये प्राकृतिक तत्व ही हैं जो हमें जीवन देते हैं। ऐसे में यह समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने आसपास के प्रकृतिक संसाधनों की रक्षा करे।

# नक्सलवाद के अंत की ओर बढ़ता भारत सुरक्षा विकास और विश्वास की नई विजयगाथा

**कांतिलाल मांडोत**

भारत ने लंबे समय तक जिस आंतरिक चुनौती का सामना किया वह नक्सलवाद के रूप में देश के अनेक हिस्सों में फैली रही। यह समस्या केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं थी बल्कि इसने सामाजिक आर्थिक और मानवीय जीवन को भी गहराई से प्रभावित किया। दशकों तक आदिवासी क्षेत्रों में भय असुरक्षा और पिछड़ापन बना रहा। गांवों में विकास की रफ्तार थम गई और लोगों का भरोसा व्यवस्था से डगमगाने लगा। आज जब देश नक्सलवाद के अंत की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस परिवर्तन के पीछे की नीति संकल्प और प्रयासों को समझा जाए। गृह मंत्रालय के नेतृत्व में बीते वर्षों में जो रणनीति अपनाई गई वह बहुआयामी रही। केवल सुरक्षा बलों की तैनाती तक सीमित न रहकर सरकार ने विकास और विश्वास दोनों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया। यही कारण है कि जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी वहां आज स्कूल खुल रहे हैं सड़कें बन रही हैं और जीवन सामान्य हो रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया बल्कि इसके पीछे वर्षों की योजनाबद्ध मेहनत और स्पष्ट नीति रही है। नक्सलवाद की जड़ें अक्सर गरीबी और पिछड़ेपन से जोड़कर देखी जाती रही हैं। लेकिन वास्तविकता इससे अधिक जटिल रही है। कई ऐसे क्षेत्र भी थे जहां आर्थिक स्थिति कमजोर थी फिर भी वहां नक्सलवाद नहीं पनपा। इसका अर्थ यह है कि नक्सलवाद केवल आर्थिक समस्या नहीं बल्कि एक वैचारिक और रणनीतिक चुनौती भी था। वामपंथी उग्रवाद ने आदिवासी समाज को अपने प्रभाव में लेकर उन्हें मुख्यधारा से दूर करने का प्रयास किया। स्कूलों को जलाना विकास कार्यों को रोकना और भय का वातावरण बनाना इस रणनीति का हिस्सा रहा। गृह मंत्रालय ने इस सच्चाई को समझते हुए अपनी नीति तैयार की। सुरक्षा बलों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया। खुफिया तंत्र को मजबूत बनाया गया और स्थानीय पुलिस को सशक्त किया गया। इसके साथ ही आत्मसमर्पण की नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया गया जिससे बड़ी संख्या में नक्सली मुख्यधारा में लौटे। यह केवल सैन्य सफलता नहीं बल्कि सामाजिक पुनर्वास का भी उदाहरण है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में जो परिवर्तन देखने को मिला वह इस नीति की सफलता का प्रमाण है। जहां कभी प्रशासन की पहुंच सीमित थी वहां आज सरकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं। राशन की दुकानों से लेकर स्वास्थ्य केंद्र तक लोगों को सुविधाएं मिल रही हैं। आधार और राशन कार्ड के माध्यम से लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। इससे लोगों का विश्वास बढ़ा है और वे हिंसा से दूर होकर विकास की राह पर चलने लगे हैं। इसके विपरीत यदि पिछले दशकों की स्थिति पर नजर डालें तो स्पष्ट होता है कि लंबे समय तक इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया। पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना रहा। सड़कें नहीं बनीं स्कूल नहीं खुले और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंचीं। इस शून्य का लाभ उठाकर उग्रवादी संगठनों ने अपनी पकड़ मजबूत की। लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि व्यवस्था उनके खिलाफ है और हथियार उठाना ही एकमात्र रास्ता है। यह भी देखा गया कि उस समय नक्सलवाद के खिलाफ स्पष्ट और कठोर नीति का अभाव था। कई बार राजनीतिक इच्छाशक्ति कमजोर दिखाई दी और समस्या को टालने का प्रयास किया गया। इससे नक्सलवाद का विस्तार हुआ और वह कई राज्यों तक फैल गया। देश के एक बड़े भूभाग में इसका प्रभाव देखा गया जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हुआ। वर्तमान समय में स्थिति बदल चुकी है। गृह मंत्रालय ने स्पष्ट संदेश दिया है कि हिंसा का रास्ता अपनाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि जो लोग भटक गए हैं उन्हें वापस लाने का अवसर मिले। इस संतुलित दृष्टिकोण ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब आदिवासी समाज स्वयं इस बदलाव का भागीदार बन रहा है। वे समझ चुके हैं कि विकास और शांति ही उनके भविष्य का आधार है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के कार्यक्रमों ने उन्हें नई दिशा दी है। युवा पीढ़ी अब हथियार नहीं बल्कि शिक्षा और रोजगार को अपना लक्ष्य बना रही है।नक्सलवाद के अंत की यह यात्रा केवल सरकार की उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे समाज की जीत है। इसमें सुरक्षा बलों का साहस प्रशासन की प्रतिबद्धता और आम नागरिकों का सहयोग सभी शामिल हैं।

# नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई: आंकड़े, वास्तविकता और भविष्य



**-सुनील कुमार महला**

नक्सलवाद भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए लंबे समय से एक गंभीर चुनौती रहा है। यह केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि गहरे सामाजिक-आर्थिक असंतुलन से जुड़ी समस्या भी है। पाठकों को बताता चलूं कि नक्सलवाद मूलत: माओवाद की विचारधारा से प्रभावित है, जिसकी प्रेरणा माओ त्से तुंग से मिलती है। यह विचारधारा सशस्त्र क्रांति के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त करने में विश्वास रखती है। इसी कारण इसे 'वामपंथी उग्रवाद' (लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म-एलडब्लयूई) भी कहा जाता है। वास्तव में, नक्सलवाद की शुरुआत वर्ष 1967 में नक्सलबाड़ी से हुई थी। यह एक उग्र वामपंथी आंदोलन है, जो मुख्यत: आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में सक्रिय रहा है। नक्सली संगठन सामाजिक असमानता, भूमि अधिकारों, गरीबी और शोषण के खिलाफ संघर्ष का दावा करते हैं, लेकिन अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हिंसक तरीकों का सहारा लेते हैं। इसके प्रमुख कारणों में गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा प्रशासनिक उपेक्षा शामिल रहे हैं। यह समस्या विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करती रही है और साथ ही निर्दोष नागरिकों एवं सुरक्षा बलों के लिए गंभीर खतरा भी बनी है। हालांकि, हाल के वर्षों में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 30 मार्च 2026 सोमवार को लोकसभा में यह बात कही है कि कि देश में वामपंथी उग्रवाद अपने अंतिम चरण में है और बस्तर, जो कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था, अब लगभग पूरी तरह मुक्त हो चुका है। सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस'(शून्य सहनशीलता) नीति अपनाते हुए सुरक्षा बलों-जैसे कोबरा, सीआरपीएफ और डीआरजी को सक्रिय रूप से तैनात किया है। इसके साथ ही विकास को बढ़ावा देने के लिए 12,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण, 580 से अधिक फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों की स्थापना और हजारों मोबाइल टावर लगाए गए हैं। बस्तर क्षेत्र में अब गांवों में स्कूलों और राशन की दुकानों का विस्तार किया जा रहा है, जो सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। बहरहाल, यदि हम यहां पर ताज़ा आंकड़ों पर नजर डालें, तो वर्ष 2025 में देशभर में लगभग 137 नक्सली हिंसा की घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 52 नागरिकों और 33 सुरक्षा बलों के जवानों की मृत्यु हुई। इसके साथ ही सक्रिय नक्सलियों की संख्या घटकर लगभग 500-600 रह गई है। इतना ही नहीं नक्सलियों के आत्मसमर्पण के मामलों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मसलन, वर्ष 2024 में 881 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 2,337 हो गई। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 में 383 नक्सली मारे गए, और वर्ष 2026 में 24 मार्च तक 633 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए हैं।और तो और भौगोलिक दृष्टि से भी बड़ा परिवर्तन हुआ है। वर्ष 2014 में जहां 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, वहीं 2025 तक यह संख्या घटकर लगभग 11 जिलों तक सीमित रह गई है। यह गिरावट दर्शाती है कि नक्सलवाद अब काफी हद तक नियंत्रित हो चुका है और लगातार कमजोर पड़ रहा है। हाल फिलहाल, यदि हम यहां पर नक्सलवाद/लाल आतंक के प्रमुख कारणों की बात करें तो नक्सलवाद के प्रमुख कारणों में वनों का कुप्रबंधन, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, अव्यवस्थित जनजातीय नीतियां, क्षेत्रीय असमानताएं, भूमि सुधारों की कमी, औद्योगीकरण का अभाव और बेरोजगारी शामिल हैं।समाधान की दृष्टि से यह स्पष्ट है कि केवल सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए विकास, शिक्षा, रोजगार और संवाद का संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है। सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही प्रभावित क्षेत्रों में न्याय, समानता और विश्वास का वातावरण बनाया जा सकता है। निष्कर्षत:, नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में प्रतीत होता है।

# बीट्स के रक्तदान शिविर में 285 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** संस्था बीट्स ने अपना 15वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें 285 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। बीट्स के संरक्षक जितेंद्र गोयल %वाला ने बताया कि बीट्स ने अपना 15वां विशाल रक्तदान शिविर किला परिसर स्थित एक हॉल में सुविधाजनक माहौल में आयोजित किया।

जिसका उद्घाटन जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के एसडीएम राहुल सैनी एसडीएम भारती गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा व गिरधारी तिवारी के साथ ही शहर के प्रमुख व्यवसाई अनिल अग्रवाल राजकुमार तिलकधारी राजा तनेजा दीनदयाल गोयल ओमप्रकाश सिंघल कृष्णमुरारी अग्रवाल ने शिविर में रक्तवीरो का मनोबल बढ़ाया व शिविर में बीट्स परिवार को अपना आशीष देने आये अपना घर संस्था के संस्थापक बी एम भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में बीट्स परिवार को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि मानवता की सेवा में रक्तदान से बढकर कोई कार्य नहीं है। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे जिला कलेक्टर ने कहा कि इंसान के पास रक्त का कोई अल्टरनेट अभी तक उपलब्ध नहीं है रक्त की आवश्यकता जितनी महत्वपूर्ण है उसकी आपूर्ति और उसके प्रयास उतने ही धन्यवाद के पात्र हैं। जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने बीट्स परिवार की भूरी भरी प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले कितने ही समय से आरबीएम की ब्लड बैंक को भरतपुर बीट्स द्वारा समय समय पर रक्त उपलब्ध करवाया जा रहा है वो निश्चित ही सराहनीय है।

बीट्स के वरिष्ठ सदस्य गौरव गेरा ने बताया कि आयोजन में आये खाटू श्याम मंदिर के महंत श्री रोहित महाराज ने अपने उद्बोधन में बीट्स को शहर के युवाओ के लिए आदर्श संस्था बताते हुए कहा कि अब बीट्स और भी अधिक शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे और भी अधिक समाजसेवा के कार्यो को अपने हाथों में लें। समारोह में विशिष्ट अतिथियों ने 285 यूनिट रक्तदान को एक बहुत बडी उपलब्धि बताते हुए बीट्स के प्रयासों को सराहा व भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बीट्स के प्रमुख सदस्य कन्हैया नागर ने बताया कि शिविर में रिकॉर्ड रक्तदान में सार्वधिक रक्तदाताओं को प्रोत्सहित करने रोटरेक्ट ग्रुप ऑफ की ओर से डायरी का वितरण किया गया। बीट्स के वरिष्ठ सदस्य कपिल आदित्य तिवारी गौरव चुघ भरत कालरा तरुण गोपालिया सुमित अरोडा कान्हा महेश गुप्ता आदि का प्रमुख सहयोग रहा।




## बामनवास हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा, 10,000 का इनामी कातिल जयपुर से गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** झुंझुनूं जिले के चिड़ावा क्षेत्र स्थित गांव बामनवास में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए 24 घंटे से भी कम समय में खुलासा कर दिया। इस मामले में 10 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी अकरम पुत्र निसार काजी (45) निवासी बामनवास को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना 29 मार्च की रात करीब 9 बजे की है, जब गांव बामनवास निवासी रिटायर्ड फौजी उदयवीर सिंह पर अकरम ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल उदयवीर सिंह को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां जयपुर रेफर करते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेंज राहुल प्रकाश और पुलिस अधीक्षक, झुंझुनूं कावेन्द्र सिंह सागर ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रकरण के त्वरित खुलासे के लिए जिलेभर से कुल 9 पुलिस टीमों का गठन किया गया। घटना के बाद पूरे जिले में नाकाबंदी कर आरोपी की तलाश तेज की गई थी। एमओबी और एफएसएल टीमों द्वारा मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य भी जुटाए गए। पुलिस टीमों ने करीब 200 से 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपी की मूवमेंट का रूट चार्ट तैयार किया। तकनीकी साक्ष्यों और लगातार दबिश के आधार पर आरोपी को जयपुर रेलवे स्टेशन से जीआरपी पुलिस के सहयोग से पकड़ लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अकरम और मृतक के बीच गांव में नेकर पहनकर घूमने की बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जो बाद में गाली-गलौच और हाथापाई में बदल गई। इसी दौरान आवेश में आकर आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उदयवीर सिंह की मौत हो गई।

# कर्नल बैसला की मनाई पुण्यतिथि

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** गुर्जर समाज द्वारा गुर्जर आरक्षण आंदोलन के प्रणेता कर्नल बैसला की चतुर्थ पुण्यतिथि लखन मार्केट पर बुगल सिंह पान्होरी की अध्यक्षता में मनाई गई।

इस अवसर पर वक्ताओं से कर्नल बैसला के संघर्ष को याद करते हुए उन्हें गुर्जरों का महानायक बताया और उनके बताए हुए मार्ग उत्तम स्वास्थ्य उत्तम शिक्षा पढ़ी.लिखी मां कर्ज मुक्त समाज पर चलने का आह्वान किया कर्नल बैंसला की ही बदौलत आज समाज शिक्षा सरकारी सेवाओं में आगे बढ़ रहा है और उसे और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। गुर्जर समाज आज भी राजनीतिक रूप से पिछड़ा हुआ है जो अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी और राजनीतिक उद्देश्यों से बहुत दूर है जिस पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है बिना राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त किये समाज सशक्त नहीं बन सकेगा इस अवसर पर गुर्जर समाज के फिजूल खर्ची उन्मूलन अभियान को और तेज करने और समाज के सभी सामाजिक कुरीतियों फिजूल खर्चियों की रोकथाम के निर्णयों का पूर्णत: पालन करने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस अवसर पर गुर्जर समाज जिला अध्यक्ष राजशेखर फौजदार डीग अध्यक्ष आनंद प्रकाश पटेल वस्त्र व्यापार संघ जिला अध्यक्ष यदुवीर सिंह गुर्जर प्रिंसिपल शिवराम सिंह परमदरा डॉ अजय सिंह फौजदार पूर्व पार्षद रघुवीर पहलवान छोटू फौजदार पूर्व पार्षद देवराज गुर्जर बच्चू पहलवान छतर सिंह रोहताश पहलवान गजराज सिंह रतन सिंह रमेश गुर्जर आदि ने अपने विचार प्रकट किए।



## 12वीं बोर्ड में तनिष्का ने 94.60 , हंसिका 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया नाम रोशन

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नदिया मौहगा निवासी दीपक शर्मा की बेटी तनिष्का शर्मा ने 12वीं साइंस के परीक्षा परिणाम में 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया एवं जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी देवेन्द्र बसंल की पुत्री हंसिका बंसल ने वाणिज्य संकाय में 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिजनों व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। हंसिका बसंल ने सोशल मीडिया से दूरी बनाते हुये स्कूल और घर ही पढाई कर ये मुकाम हांसिल किया है।

हंसिका भविष्य में सीए बनना चाहती है। तनिष्का शर्मा ने शहर के एक स्कूल में अध्यनरत होकर 12वीं की पढाई की है । शुरू से ही मेधावी रही छात्रा तनिष्का ने नियमित रूप से स्कूल के अलावा घर पर 8 घंटे पढाई की और मोबाइल व टीवी से दूरी बनाकर रखी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी, माँ-पिता व गुरुजनों को देते हुए बताया कि उनका सपना भविष्य में डॉक्टर बन जनता की सेवा करना है।



### उच्च माध्यमिक बोर्ड परिणाम घोषित

## साइंस में छात्रों का दबदबा, कला व वाणिज्य में छात्राएं अव्वल

**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा उच्च माध्यमिक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परिणामों में फुलेरा क्षेत्र के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साइंस संकाय के छात्र चिंटू जांगिड़ ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं श्लोक निर्वाण ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विवेकानंद स्कूल की छात्रा लक्षिता सैनी ने 95.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वाणिज्य संकाय की छात्रा राधिका शर्मा ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कला संकाय में भी छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। भावना कुमावत ने 91.20 प्रतिशत, जीवी मॉर्डन स्कूल की सपना गुर्जर ने 91 प्रतिशत तथा विवेकानंद स्कूल की अनुष्का साहू ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। उत्कृष्ट परिणाम आने पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के घर पहुंचकर उनका अभिनंदन किया, मुंह मीठा करवाया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### बाड़मेर में पीएम राहत योजना का आगाज

## सड़क हादसे के घायल को मिला जिले का पहला कैशलेस उपचार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बाड़मेर सड़क दुर्घटनाओं में गोल्डन ऑवर (हादसे के बाद का पहला एक घंटा) के भीतर घायलों को त्वरित इलाज मुहैया कराने के लिए, बाड़मेर प्रशासन ने बड़ी सफलता हासिल की है। जिला कलेक्टर टीना डाबी और पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के कुशल निर्देशन में जिले में प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत पहला कैशलेस इलाज शुरू किया गया है। 29 मार्च 2026 को शिव थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए खेतसिंह (45 वर्ष) निवासी चौचरा को परिजनों ने भीयाड़ अस्पताल में भर्ती करवाया था। हालत गंभीर होने पर उन्हें बाड़मेर और फिर जोधपुर एम्स रेफर किया गया। योजना के तहत एम्स जोधपुर में खेतसिंह का इलाज पूरी तरह नि:शुल्क और कैशलेस शुरू हो गया है। वर्तमान में घायल की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

**1.5 लाख तक का मुफ्त इलाज-** नि:शुल्क उपचार योजना में सड़क हादसे के शिकार व्यक्ति को अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलता है। भर्ती होने के बाद 7 दिनों तक घायल का इलाज पूरी तरह मुफ्त रहता है। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल (झरूस और द्वन्नष्ठ) के माध्यम से संचालित होती है।

**डिजिटल प्रणाली से त्वरित वेरिफिकेशन-** इस योजना की सबसे खास बात इसकी रफ्तार है। अस्पताल प्रशासन द्वारा झरूस पोर्टल पर जानकारी दर्ज करते ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जरिए संबंधित थाने को द्वन्नष्ठ पोर्टल पर वेरिफिकेशन के लिए भेजा जाता है। पुलिस द्वारा मौके का सत्यापन करते ही डिजिटल अप्रूवल मिल जाता है और कैशलेस इलाज शुरू हो जाता है। बाड़मेर जिले के इस पहले मामले को सफलतापूर्वक लागू करने में एम्स जोधपुर अस्पताल प्रशासन, थानाधिकारी शिव सत्यप्रकाश, रॉलआउट मैनेजर सूचना विज्ञान केंद्र, बाड़मेर जनकसिंह और उप-निरीक्षक जिला यातायात प्रभारी मूलाराम, का विशेष योगदान रहा।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान



**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर लला वाले कुंड डीग में परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम देवकीनंदन शर्मा की अध्यक्षता एवं भूरी सिंह विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष डीग के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहिनों को पुरस्कृत किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में क्षेत्रीय स्तर पर भाग लेने वाले भैयाओं को भी पुरस्कृत किया गया। अनुशासन सफाई एवं स्वच्छता तथा विद्यालय व्यवस्थाओं में सहयोग करने वाले सभी भैया बहिनों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष देवकी नंदन ने सभी भैया बहिनों का मार्गदर्शन किया और विद्यालय में अनुशासित रहते हुए अधिक से अधिक सीखना और अच्छा परिणाम देना यही सबका ध्येय होना चाहिए इस मौके पर विद्यालय के सभी गुरुजन उपस्थित रहे।

# भक्ति पराक्रम और प्रेम का अद्भुत संगम, कुबिजा उद्धार से कंस वध तक गूंजा कथा पांडाल

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सुभाष नगर स्थित नेकी दरबार वाली गली में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के छठवें दिन कथा पांडाल भक्ति भाव और भगवान की अद्भुत लीलाओं से गुंजायमान हो उठा। व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए भागवताचार्य मनोज पंडित ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल एवं युवा लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव.विभोर हो गए। कथा के दौरान सबसे पहले मथुरा पहुंचने के पश्चात कुबिजा के उद्धार की मार्मिक कथा सुनाई गई। भागवताचार्य ने बताया कि कुबिजा जो शरीर से कुबड़ी थी भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से न केवल शारीरिक रूप से सुंदर हुई बल्कि उसे आत्मिक सौंदर्य और भक्ति का वरदान भी प्राप्त हुआ। यह प्रसंग इस बात का संदेश देता है कि भगवान अपने भक्तों के बाहरी रूप को नहीं बल्कि उनके हृदय की भावनाओं को देखते हैं। व्यासपीठ से बताया गया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा में प्रवेश कर कंस के अत्याचारों का अंत किया। जैसे ही श्रीकृष्ण ने रंगभूमि में कंस का वध किया। पूरा पांडाल जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। कथा में यह भी बताया गया कि कंस का वध केवल एक राक्षस का अंत नहीं बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भागवताचार्य ने आगे बताया कि कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने अपने माता.पिता देवकी और वसुदेव को कारागार से मुक्त कराया और उन्हें सम्मानपूर्वक स्थान दिया। यह प्रसंग पुत्र धर्म और कर्तव्य पालन का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है। कथा के अगले चरण में श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का अत्यंत सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया गया। भागवताचार्य ने बताया कि रुक्मिणी जी ने श्रीकृष्ण को अपने हृदय का स्वामी मान लिया था और जब उनके भाई ने उनका विवाह अन्यत्र तय किया तो उन्होंने श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर उनका हरण करने का आग्रह किया। श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर धर्म और प्रेम की रक्षा की तथा विधि.विधान से उनका विवाह संपन्न हुआ।



## राहगीरों के लिये लगाया वाटर कूलर

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में इन दिनों चारों ओर गर्मी की तपन है लोग गर्मी से त्रस्त हैं और इसी के साथ पीने के पानी की समस्या भी बनी हुई है जहाँ लोग अपने स्तर पर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं सामाजिक संस्था भी सेवा के क्षेत्र में आगे आ रही हैं इस कडी में डीग के गांव अऊ में नवयुवक मंडल द्वारा भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी का डीग भरतपुर रोड स्थित सरकारी स्कूल के पास वाटर कूलर लगाया गया है। नवयुवक मंडल ने परस्पर सहयोग राशि एकत्रित कर वाटर कूलर लगाया है नवयुवकों का कहना है कि निस्वार्थ भाव से परमार्थ सेवा में ही परम सुख की प्राप्ति होती हैए गर्मी के मौसम में वाटर कूलर के ठंडे पानी से राहगिरो सहित स्थानीय लोगों को भी राहत मिलेगी ।

## एक नजर

### चिराना तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के पहले दिन गणेश मंदिर से निकली निशान यात्रा



**चिराना (हुक्मनामा समाचार)।** चिराना में पहाड़ी पर स्थित गढ़ बालाजी मंदिर में तीन दिवसीय 22 वां हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का मंगलवार शाम को निशान यात्रा के साथ आगाज हो गया है। गढ़ बालाजी सेवा समिति चिराना कि ओर आयोजित कार्यक्रम में पहले दिन मंगलवार शाम को सीकर रोड पर स्थित श्री गणेश मंदिर से गढ़ बालाजी मंदिर तक विशाल निशान यात्रा निकाली गई । यात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं भक्तिभाव से जगह जगह पर पेयजल व ठंडाई कि व्यवस्था कि गई। गढ़ बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष समिति के भवानी सिंह शेखावत ने बताया कि निशान यात्रा के बाद दुसरे दिन बुधवार को सामुहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा व 2 अप्रैल को विशेष सुबह हवन, शाम को श्रृंगार दर्शन,महाआरती होगी इसके बाद सुभाष सैन एवं पार्टी के द्वारा रात भर भजनों कि प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में आस-पास क्षेत्र के संत-महात्मा व जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। गोठड़ा पुलिस मत जाब्ता तैनात रहा। इस दौरान गोवर्धन पाराशर,वैद्य शिव कुमार, संतोष कुमार शर्मा,दिलिप सिंह राठौड़ , मनोज कुमार शर्मा, राजेश सोनी, राकेश अग्रवाल,बंटी पारीक, प्रदीप शर्मा, मुकेश जांगिड़, मनस्वी शर्मा,विजय जांगिड़, शक्ति सिंह, प्रमोद सोनी, दौलत खंडेलवाल, जितेश अग्रवाल,चेतन पारीक,नरेश शर्मा,शेखर सैन आदि सहित सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

### आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन एक मैरिज होम में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सह प्रभारी डॉ. दयाचंद चंदेला व विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने की व संचालन बनवारी लाल केन ने किया। सम्मेलन में पार्टी ने तय किया कि आगामी पंचायत व निकाय चुनावों में पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी व संगठन की मजबूती तथा जनहित के मुद्दों को उठाने पर विचार किया गया। इस मौके पर संजीव गुप्ता, ओमवीर सिंह, लोकेन्द्र सिंह, नरेन्द्र, फ्तेहसिंह शाहपुर, शैलेन्द्र, श्यामवीर पहलवान, वंदना कुमारी जिलाध्यक्ष महिला विंग, भूपेन्द्र सिंह, भगवान सिंह, आदि ने भाग लिया।

### बीकानेर रेंज की सुरक्षा व्यवस्था परखेंगे डीजीपी राजीव कुमार शर्मा; कल लेंगे अपराध समीक्षा बैठक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।**प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिसिंग को धार देने के लिए महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा 2 अप्रैल को बीकानेर रेंज की समीक्षा बैठक लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीजीपी बुधवार शाम को बीकानेर पहुंच जाएंगे, जहां वे अगले दिन रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में बीकानेर रेंज आईजी सहित रेंज के चारों जिलों बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और चुरू जिले के पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बैठक के दौरान डीजीपी रेंज में अपराध की स्थिति, गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ की गई कार्रवाई, पेंडिंग मामलों के निस्तारण की गहन समीक्षा करेंगे। साथ ही साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और पुलिसिंग के आधुनिकीकरण जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### मानटाउन थाना पुलिस की कार्रवाई: शांति भंग के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मानटाउन थाना पुलिस ने शांति भंग के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रीय के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने आरोपी को मीना कॉलोनी के सामने से गिरफ्तार किया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 31 मार्च 2026 को थाना मानटाउन पुलिस ने विजय सिंह (32), निवासी भैंसखेड़ा, थाना सूरवाल, जिला सवाई माधोपुर को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह मीणा एवं उपाधीक्षक उदय सिंह के सुपरविजन में की गई। पुलिस की जानकारी के अनुसार, 30 मार्च 2026 को बरकत अली नामक व्यक्ति ने थाना मानटाउन में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि उसकी कंपनी द्वारा ग्राम पचीपलिया में मिट्टी खुदाई और सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान विजय सिंह और उसके साथी मौके पर आकर काम में बाधा डालते थे, वाहनों को रुकवाते थे और कर्मचारियों को परेशान करते थे।आरोप है कि आरोपी ने अपने राजनीतिक रसूख का हवाला देते हुए धमकाया कि बिना उसकी अनुमति के क्षेत्र में कोई काम नहीं हो सकता। जांच के दौरान भी आरोपी ने पुलिस कार्रवाई में सहयोग नहीं किया और विवाद बढ़ाने का प्रयास किया, जिसके चलते उसे गिरफ्तार किया गया।

### घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला सतर्कता यूनिट ने सुजानगढ़, रतनगढ़ व तारानगर में प्रवर्तन कार्रवाई कर व्यवसायिक उपयोग किए जा रहे 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने बताया कि जिला सतर्कता यूनिट ने रतनगढ़ के दो होटल, सुजानगढ़ के एक प्रतिष्ठान और तारानगर के एक होटल से कुल 10 घरेलू सिलेंडर जप्त किए गए कार्यवाही लगातार जारी है। तीनों संयुक्त जांच दलों में जिला रसद अधिकारी अंशु तिवारी, प्रवर्तन अधिकारी महिपाल सिंह राठौर , प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, प्रवर्तन निरीक्षक जीतू सिंह, तहसीलदार सुजानगढ़ गिरधारी सिंह द्वारा कार्यवाही की गई है।

### सिपाही बनकर आए थे, सिपाही बनकर ही विदा हुए ; डीजीपी ने खुद बुलाकर बढ़ाया मान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आज पुलिस मुख्यालय में एक अलग ही नजारा देखने को मिला, जब दो कांस्टेबल अपनी पूरी सेवा एक ही पद पर समर्पित कर सेवानिवृत्त हुए, तो स्वयं महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा ने संवेदनशीलता की नई मिसाल पेश करते हुए अवकाश के बावजूद उन्हें अपने कक्ष में आमंत्रित कर सम्मानित किया। **डीजीपी की अनूठी पहल-** पुलिस सेवा में समर्पण और निष्ठा का एक भावुक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब जयपुर आयुक्तालय में तैनात नन्दकिशोर मीणा कांस्टेबल 4874 और कैलाश चन्द कांस्टेबल 5132 की सेवानिवृत्ति पर डीजीपी श्री शर्मा ने दोनों जवानों की कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए उन्हें विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डीजीपी के इस कदम की महकमे में काफी सराहना हो रही है। अधीनस्थ कर्मचारियों का कहना है कि मुखिया द्वारा दिया गया यह सम्मान न केवल इन दोनों के लिए यादगार है, बल्कि पूरी फोर्स के मनोबल को बढ़ाने वाला है।

### भाजपा स्थापना दिवस को लेकर देहात जिला की तैयारी बैठक आयोजित

# स्थापना दिवस भाजपा विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का अवसरः रघुनाथ नरेडी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी देहात जिला की ओर से आगामी 6 अप्रैल स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा संभाग मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने की। बैठक में स्थापना दिवस कार्यक्रम के प्रदेश सह संयोजक रघुनाथ नरेडी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता रघुनाथ नरेडी ने कहा कि स्थापना दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 6 अप्रैल को ध्वजारोहण, सजावट, साहित्य वितरण एवं बूथ स्तर पर सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 8 और 9 अप्रैल को जिला स्तरीय सम्मेलनों का आयोजन होगा, जिनमें संगठन विस्तार, पार्टी की विचारधारा एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही 7 से 12 अप्रैल तक 'गांव-बस्ती चलो अभियान' के तहत जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जनसंवाद करेंगे तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल विश्नोई ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य नागरिकों से संपर्क तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही लाभार्थियों से संपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा कि स्थापना दिवस कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाएं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दिलीप सिंह राजपुरोहित ने किया। जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया कि बैठक में प्रभारी बलवीर विश्नोई, संस्कृति प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सुरेंद्र सिंह चारण, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चारण, महामंत्री कैलाश विश्नोई, उपाध्यक्ष जसवंत दईया, राजपाल शेखावत, हेमनाथ



जाखड़, जिला मंत्री राजाराम ओझा, प्रवक्ता महेंद्र ढाका, अर्जुन कड़वासरा, पूजा मोहत, श्रवण प्रजापत, सोशल मीडिया संयोजक पवन स्वामी, कार्यालय सह प्रभारी जैना महाराज, मीडिया सह संयोजक अशोक मारू, आईटी संयोजक सुरेंद्र स्वामी, सरोज प्रजापत, भंवरलाल जांगिड़, चेन सिंह राजपुरहित, रामरतन सियाग, नरेश मोठ, मोहन कसवां, शुभकरण विश्नोई, करनाराम कुमावत, राधेश्याम दर्जी, पूराराम ढाका, सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत की राह में भाजपा सरकार ही बनी सबसे बड़ा रोड़ा, चुनावी हार के डर से गांवों को बदहाली में झोंकाः टीकाराम जूली

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार के लोकतंत्र और संविधान विरोधी रुख के कारण प्रदेश में पंचायती राज चुनाव समय पर नहीं हो पाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हार के डर से जनता का सामना करने से भाग रही है, जिसका खामियाजा आज ग्रामीण क्षेत्रों के आमजन को भुगतना पड़ रहा है। चुनाव न होने और पंचायतों को फंड न मिलने से गांवों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और गांव गंदगी के ढेर में तब्दील हो गए हैं। **सत्ता की कुर्सी के लिए लोकतंत्र की हत्या** जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, आज प्रदेश के गाँव गंदगी, सीवर के पानी और बदहाल सड़कों से जूझ रहे हैं, क्योंकि आपकी सरकार पंचायत राज चुनावों में हार के डर से जनता का सामना करने से भाग रही है। गाँव-गाँव में आपकी सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार की कहानियाँ खुलेआम सुनने को मिल रही हैं। हालात ऐसे हैं कि जनता के बीच जाने की हिम्मत तक अब आपकी सरकार में नहीं बची है। भाजपा सरकार को ग्रामीण विकास से कोई लेना-देना नहीं है, उसे सिर्फ अपनी सत्ता की कुर्सी बचाने की चिंता सता रही है। **स्वच्छ भारत का खोखला नारा और ज़मीनी हकीकत** नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के 'स्वच्छ भारत अभियान' पर तंज कसते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बड़े तामझाम से स्वच्छता का नारा दिया था, लेकिन राजस्थान के गांवों में इसकी हकीकत भयावह है। भाजपा के मंत्री आए दिन हाथ में झाड़ू लेकर फोटो खिंचवाने और राजनीतिक प्रचार में व्यस्त रहते हैं, जबकि गांवों में नालियां जाम हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह 'सफर' कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता का पैसा पानी की तरह बहाकर और गाँवों को गंदगी में धँसाकर इस सरकार ने साफ कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और झूठा राजनीतिक प्रचार है। **विकास के बजाय बहानेबाजी में उलझी सरकार** जूली ने चेतावनी दी कि सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना बंद करे और तुरंत पंचायती राज चुनाव कराए।

सरकार अभी भी बहानेबाजी और प्रक्रिया के जाल में उलझी हुई है ताकि जनता के आक्रोश से बच सके। उन्होंने कहा कि फंड के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिससे आम नागरिक का जीवन दूभर हो गया है। कांग्रेस पार्टी जनता की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ेगी और भाजपा के इस जनविरोधी चेहरे को बेनकाब करेगी।

## एक ही परिवार के आठ लोग फूड पॉइजनिंग से बीमार, एक की हालत गंभीर क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में नापासर थाना क्षेत्र के मुंडसर गांव से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां एक ही परिवार के 8 सदस्य फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। सभी को गंभीर हालत में बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार रात परिवार के सभी सदस्यों ने घर पर दाल सहित अन्य भोजन किया था। भोजन करने के कुछ समय बाद ही उन्हें उल्टी-दस्त और तबीयत बिगड़ने की शिकायत शुरू हो गई। हालत ज्यादा खराब होने पर मंगलवार सुबह सभी को पीबीएम अस्पताल लाया गया। बीमार व्यक्तियों में चार पुरुष, दो महिलाएं और दो छोटे बच्चे शामिल हैं। सभी को पीबीएम अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती किया गया, जबकि दोनों बच्चों को बच्चों के वार्ड में शिफ्ट किया गया है। पीबीएम अस्पताल के डॉक्टर शुभकरण के अनुसार, प्रारंभिक जांच में फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई गई है। आशंका है कि दाल खाने के बाद यह स्थिति उत्पन्न हुई। सभी मरीजों का इलाज जारी है तथा भोजन के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। एक मरीज की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा युवा नेता मोहन कस्बा ने सांसद सेवा केंद्र बीकानेर में जानकारी दी, जिसके बाद अस्पताल में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाई गईं और चिकित्सकों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए गए। बीमार व्यक्तियों में महेंद्र मुंड (35), मांगीलाल मुंड (40), श्रवण मुंड (20), निर्मल मुंड (16), हंसराज मुंड (11), रानी देवी मुंड (38), परमा देवी मुंड (25) और करणवीर मुंड (8) शामिल हैं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल है।

## दौसा के छात्रों का कमालः 12वीं बोर्ड में 99.20% तक अंक, अमित, गौरी और जयदीप ने जिले का नाम किया रोशन



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा मंगलवार को जारी 12वीं कक्षा (कला, विज्ञान और कॉमर्स) के परिणाम में दौसा जिले के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया। जिले के होनहारों ने उच्च अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।विज्ञान वर्ग में अमित कुमार मीणा (राजकीय विद्यालय, श्यामपुरा कला, लालसोट) ने 99.20% अंक प्राप्त कर जिले में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है।वहीं कला वर्ग में गोरी शर्मा (विनायक विद्या मंदिर, अशोक नगर, दौसा) ने 98.60% अंक हासिल कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया। गोरी ने बिना किसी ट्यूशन के रोजाना 5 से 6 घंटे स्वाध्याय कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया। इसी क्रम में जयदीप सिंह कटोरिया (हाउसिंग बोर्ड, दौसा) ने विज्ञान वर्ग में 94.80% अंक प्राप्त किए, साथ ही जेईई मेन परीक्षा में 99.15 प्रतिशत हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। जयदीप ने घर पर ही अध्ययन कर यह सफलता पाई।

उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और बहनों को दिया, जो उन्हें निरंतर प्रेरित करते रहे।जयदीप के अनुसार नियमित अध्ययन, अनुशासन और समय-समय पर डाउट क्लियर करना ही सफलता का मूल मंत्र है।परिणाम घोषित होते ही जिलेभर में खुशी का माहौल है। विद्यालयों और परिजनों ने मेधावी छात्रों का स्वागत कर मिठाइयां बांटी। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# दौसा में सिलिकोसिस घोटाला में 413 फर्जी सर्टिफिकेट से 12.39 करोड़ की हेराफेरी, दो डॉक्टर व रेडियोग्राफर की गिरफ्तार से मचा हड़कंप

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा जिले में सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारी के नाम पर करोड़ों रुपये के फर्जीवाड़े का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो चिकित्सकों और एक रेडियोग्राफर को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में डॉ. मनोज ऊंचवाल (कनिष्ठ विशेषज्ञ चेस्ट एवं टीबी), डॉ. देवी नारायण शर्मा (प्रमुख विशेषज्ञ मेडिसिन) और रेडियोग्राफर मनोहर लाल यादव शामिल हैं। मामले की जानकारी साइबर थाना प्रभारी बृजेश कुमार मीणा ने दी।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 413 फर्जी सिलिकोसिस प्रमाण पत्र जारी कर ऑटो अप्रूवल प्रक्रिया के जरिए करीब 12 करोड़ 39 लाख रुपये का गलत भुगतान करवाया।नवंबर 2022 में ऑनलाइन सिलिकोसिस कार्ड बनने शुरू हुए थे। इसके बाद महज 10 महीनों में दौसा जिले में 2453 कार्ड बनाए गए, जो पूरे प्रदेश का लगभग 46 प्रतिशत थे। इस असामान्य आंकड़े के सामने आने पर राज्य स्तर पर जांच कमेटी गठित की गई। जांच में खुलासा हुआ कि जिन लोगों को सिलिकोसिस नहीं था, उनके नाम पर भी प्रमाण पत्र जारी किए गए, जबकि वास्तविक मरीजों के आवेदन खारिज कर दिए गए। इतना ही नहीं, एक ही एक्स-रे का कई बार उपयोग कर फर्जी प्रमाण पत्र तैयार किए गए। मामले की जांच की विशेषज्ञ समिति और जिला प्रशासन की टीम द्वारा की गई, जिसमें फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई। **इन पर दर्ज हुआ मामला** मामले में राज्यभर के कुल 22 डॉक्टरों और रेडियोग्राफरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से—डॉ. देवी नारायण शर्मा (प्रमुख विशेषज्ञ मेडिसिन, दौसा)डॉ. मनोज ऊंचवाल (कनिष्ठ विशेषज्ञ चेस्ट एवं टीबी, दौसा)डॉ. घनश्याम मीणा (रेडियोलॉजिस्ट, दौसा)डॉ. बत्ती लाल मीणा (वरिष्ठ विशेषज्ञ चेस्ट एवं टीबी, दौसा)डॉ. प्रेम कुमार मीणा (कनिष्ठ विशेषज्ञ मेडिसिन, दौसा)डॉ. दिनेश (मेडिसिन विशेषज्ञ, महुआ)डॉ. पहलाद कुमार दायमा (कनिष्ठ विशेषज्ञ, सीकर)डॉ. मुकेश कुमार सिरवा (डीटीओ, दौसा)डॉ. बाबूलाल बुरी (जयपुर)डॉ. मान प्रकाश शर्मा (मेडिकल ऑफिसर, उप जिला चिकित्सालय चोमू)डॉ. विजय प्रकाश माहेश्वरी (भीलवाड़ा) शामिल है



वही रेडियोग्राफर व अन्य कार्मिक में शंकर लाल मीणा (वरिष्ठ रेडियोग्राफर दौसा ),रामराज मीणा (वरिष्ठ रेडियोग्राफर दौसा ),मनोहर लाल यादव (वरिष्ठ रेडियोग्राफर दौसा ),कौशल जोशी ( रेडियोग्राफर दौसा ),संदीप शर्मा ( रेडियोग्राफर दौसा ),केतन गुर्जर ( रेडियोग्राफर दौसा),जयप्रकाश,पिंकी धाकड़,रिंकू यादव,संगीता सुखलाल,शरद कुमार यादव शामिल है। **जांच में बड़े खुलासेः** जिन मरीजों को सिलिकोसिस नहीं था, उन्हें भी प्रमाण पत्र जारी,असली पीड़ितों के आवेदन तक रिजेक्ट कर दिए गए,एक ही एक्स-रे (ङ्क्ष-ह्ल्ड्ड4) का कई बार उपयोग कर फर्जी सर्टिफिकेट बनाए गए।


# मजबूत सड़कें, सशक्त राजस्थानः पीडब्लयु ने 2025-26 में रचा विकास का नया इतिहास, 2026-27 के लिए और बड़े लक्ष्य तय

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य में बुनियादी ढांचे को मजबूती देने की दिशा में भजनलाल सरकार ने सार्वजनिक निर्माण विभाग (क्कङ्ख्रष्ठ) के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार के प्रयासों से सड़क, पुल और एक्सप्रेसवे विकास में नई गति आई है, जिससे प्रदेश की कनेक्टिविटी मजबूत होने के साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिला है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में क्कङ्ख्रष्ठ को 12,500 करोड़ का बजट आवंटित किया गया था, जिसमें से ?11,823 करोड़ का व्यय कर लगभग 95 प्रतिशत उपयोगिता हासिल की गई। यह दर्शाता है कि सरकार ने योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। सड़क अवसंरचना के क्षेत्र में विभाग ने बड़ी उपलब्धियां दर्ज की हैं। प्रदेशभर में 5,778 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया, जबकि 2,502 किलोमीटर राज्य राजमार्गों और जिला सड़कों का विकास किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष ध्यान देते हुए 6,496 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण किया गया। इसके साथ ही 3,000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण और अन्य जिला सड़कों को मुख्य जिला सड़कों (रूष्ठक्र) में उन्नत किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की पहुंच और बेहतर हुई है। ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने व्यापक स्तर पर काम किया है। जनगणना 2011 के तहत 223 गांवों और इसके बाद के 212 गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया। साथ ही 12 नई बसावटों तक सड़क पहुंचाकर वहां के निवासियों को आवागमन की सुविधा प्रदान की गई है। प्रमुख परियोजनाओं की बात करें तो फ्लैगशिप योजना 'अटल प्रगति पथ' के तहत 175 परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसके अलावा प्रदेश में 5 रेलवे ओवरब्रिज (ऋह्रक्च), 3 रेलवे अंडरब्रिज (ऋक्च) और 4 उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण कर यातायात को सुगम बनाया गया है। एक्सप्रेसवे विकास के क्षेत्र में भी राजस्थान ने तेजी दिखाई है। कुल 9 एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर काम प्रगति पर है, जिनमें से 2 राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (हृ॥्रढ्ढ) और 7 क्कङ्ख्रष्ठ के अंतर्गत हैं। क्कङ्ख्रष्ठ द्वारा विकसित किए जा रहे 2 एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की 'धारा 4' की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए और अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिससे 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को गति मिलेगी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए ?15,078 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके तहत 6,000 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण, 2,600 किलोमीटर राज्य और जिला सड़कों का विकास तथा 6,800 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 2,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को रूष्ठक्र में उन्नत किया जाएगा। ग्रामीण और आवासीय कनेक्टिविटी को और मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (क्करूत्रस्ङ्घ) के तहत 900 नई बसावटों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित



किया गया है। आगामी वर्ष में 'अटल प्रगति पथ' के तहत 250 नई परियोजनाओं को पूरा करने की योजना है। इसके अलावा 11 रेलवे ओवरब्रिज, 12 रेलवे अंडरब्रिज और 8 उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिससे यातायात व्यवस्था को और सुचारु बनाया जा सके। एक्सप्रेसवे विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए 9 परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (ष्ठक्क्र) तैयार की जाएगी, वहीं क्कङ्ख्रष्ठ के 2 एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण 'धारा 19' के तहत पूरा किया जाएगा। कुल मिलाकर, भजनलाल सरकार का फोकस मजबूत और आधुनिक सड़क नेटवर्क के जरिए प्रदेश के सर्वांगीण विकास पर है। 'मजबूत सड़कें, खुशहाल राजस्थान' के संकल्प के साथ सरकार लगातार ऐसे कदम उठा रही है, जो आने वाले वर्षों में राजस्थान को कनेक्टिविटी के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे।

## रणथंभौर में बाघों का दीदार महंगा, 1 अप्रैल से 10% बढ़ा सफारी शुल्क




**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघों के दीदार के लिए अब पर्यटकों को अधिक भुगतान करना होगा। वन विभाग ने पार्क भ्रमण (सफारी) शुल्क में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है, जो 1 अप्रैल से लागू होगी। नई दरें बुधवार सुबह की पारी से प्रभावी हो जाएंगी। वन विभाग के अनुसार वर्ष 2016 में लिए गए निर्णय के तहत हर वर्ष 1 अप्रैल से प्रवेश शुल्क में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष भी शुल्क में इजाफा किया गया है। नई दरों के मुताबिक भारतीय पर्यटकों के लिए कैंटर सफारी का शुल्क 888 रुपये से बढ़कर 986.63 रुपये हो गया है, जबकि विदेशी पर्यटकों के लिए यह शुल्क 2176.10 रुपये से बढ़कर 2399.63 रुपये कर दिया गया है। वहीं जिप्सी सफारी के लिए भारतीय पर्यटकों को अब 1455.17 रुपये के स्थान पर 1611.80 रुपये चुकाने होंगे। विदेशी पर्यटकों के लिए जिप्सी सफारी शुल्क 2743.17 रुपये से बढ़कर 3024.80 रुपये हो गया है। वन विभाग का कहना है कि शुल्क वृद्धि से वन्यजीव संरक्षण और पार्क प्रबंधन कार्यों को मजबूती मिलेगी।

### दौसा में फिर बदला मौसम का मिजाज

## अचानक छाई काली घटाएं, शुरू हुई रिमझिम बारिश



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में मंगलवार शाम एक बार फिर मौसम ने करवट ली। अचानक आसमान में काली घटाएं छा गईं और कई इलाकों में रिमझिम बारिश शुरू हो गई। मौसम के इस बदलाव से जहां एक ओर लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता बढ़ गई है।बारिश के चलते खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि इस समय हो रही बारिश फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है।शहर और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। निचले इलाकों और गड्ढों में पानी जमा हो गया, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई सड़कों पर पानी भरने से आवाजाही भी प्रभावित हुई।मौसम सुहावना होने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया।

### जयपुर में रोते हुए वीडियो बनाकर युवक ने की आत्महत्या

## पत्नी के अलग रहने से था परेशान, सुसाइड नोट में लिखा- मेरी जिदंगी के पल बेटी को बताना

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में ट्रेन के आगे छलांग लगाकर एक युवक ने सुसाइड कर लिया। पत्नी के लगातार दूरी बनाने से परेशान होकर युवक ने मैरिज एनिवर्सरी के अगले दिन सुसाइड कर लिया। उसने मरने से पहले सुसाइड नोट लिखने के साथ रोते हुए सुसाइड वीडियो भी बनाया। रामनगरिया थाने में मृतक के भाई ने उसकी पत्नी व ससुरालपक्ष के खिलाफ रविवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामला जगतपुरा के सीबीआई फाटक पर 28 फरवरी का है। मृतक ने सुसाइड नोट में लिखा- मेरी जिदंगी के कुछ पल मेरी बेटी को बता देना। पुलिस ने बताया- दौसा के बसवा निवासी शाहबाज खान (27) ने सुसाइड किया है। वह रेवाड़ी मानसेर में प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। 27 फरवरी 2023 को उसकी शादी दौसा निवासी कशिश (25) से हुई थी। दंपती की दो साल की बेटी भी है। आरोप है कि शादी के बाद से ही कशिश लड़ाई-झगड़ा कर पीहर चली गई। शाहबाज के लेने जाने पर वह नहीं आती थी। अपनी मर्जी से घूमने-फिरने जाने के साथ रुपए की मांग करती थी। पत्नी से बेहद प्यार करने के चलते शाहबाज हमेशा पत्नी की मांगें पूरी करता रहा। मृतक के भाई ने दर्ज मामले में बताया- शाहबाज से साले की शादी पर दिसंबर 2025 में डेढ़ लाख रुपए खर्च करवाया गया। शादी के बाद पत्नी को लेने जाने पर ससुरालवालों ने उसके साथ मारपीट की। पत्नी कशिश ने अपनी नौकरी और माता-पिता को छोड़कर जयपुर रहने पर साथ चलने की मांग रखी। पत्नी की खुशी के चलते शाहबाज ने रेवाड़ी मानसेर स्थित अपनी जॉब से रिजाइन कर दिया था। फरवरी 2026 में जयपुर के भांकरोटा के जयसिंहपुरा में किराए का मकान लेकर पास ही एक कंपनी में जॉब करने लगा था। **मैरिज एनिवर्सरी पर भी नहीं दिया जवाब** मृतक के भाई ने आरोप लगाया- जयपुर आने के बाद शाहबाज ने पत्नी कशिश को साथ में रहने के लिए कहा। इस पर पत्नी और ससुरालवालों की ओर से शाहबाज के साथ बदसलूकी की गई। 27 फरवरी 2026 को उसकी शादी की तीसरी सालगिरह थी। पत्नी कशिश ने कई कॉल और मैसेज करने के बाद भी जबाव नहीं दिया। पत्नी के दूरी बनाकर टॉर्चर करने पर शाहबाज ने मैसेज में हैप्पी एनिवर्सरी कशिश कहा। साथ ही उसे बात करने के लिए बहुत गिड़गिड़ाने और रहम करने, मौत-जिंदगी का वास्ता देने, बेटी की कसम देने आदि के मैसेज भी किए गए। **बाइक खड़ी कर, ट्रेन के आगे कूदा** मैरिज एनिवर्सरी के दूसरे दिन 28 फरवरी को सुबह करीब 9 बजे शाहबाज अपनी बाइक लेकर घर से निकला।

### पड़ोसी से झगड़े में रिटायर्ड बैंक कर्मचारी की मौत


## गली में टेंपो ट्रैवलर लाने से किया था मना; धक्का-मुक्की में रोड पर गिरे

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में पड़ोसी से झगड़े में रिटायर्ड बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। घर के सामने संकरी गली से टेंपो ट्रैवलर निकालने के लिए मना करने पर झगड़ा हुआ था। धक्का-मुक्की के दौरान वे रोड पर गिर गए थे। मामला मंगलवार सुबह करीब 8 बजे पत्रकार कॉलोनी के पटेल मार्ग का है। स॥ह्र (पत्रकार कॉलोनी थाना) मदन लाल कड़वासरा ने बताया- झगड़े के दौरान पटेल मार्ग निवासी विजेंद्र सिंह (68) की मौत हो गई। वे परिवार सहित यहां रहते थे। उनके पड़ोस में ट्रैवल एजेंसी संचालक छोटे लाल सैनी रहते हैं। टेंपो ट्रैवलर को गली में लाने पर विवाद हुआ था। पुलिस ने मामले में टेंपो ट्रैवलर के ड्राइवर को पकड़ लिया है। पड़ोसी छोटे लाल और उसकी पत्नी रेखा को भी डिटेन कर पूछताछ कर रहे हैं। **गली में एंट्री से रोका, धक्का दिया तो गिर गए** स॥ह्र मदन लाल कड़वासरा ने बताया- छोटे लाल ने मंगलवार सुबह करीब 8 बजे टेंपो ट्रैवलर मंगवाया था। इसे उज्जैन भेजना था। गली में टेंपो ट्रैवलर को एंट्री नहीं देने को लेकर विजेंद्र सिंह का परिवार बाहर निकल आया। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों में कहासुनी हो गई।

# बयाना के भजन लाल मीणा को राष्ट्रीय मीना महासभा जिला अध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** आदिवासी मीणा महापंचायत में बयाना क्षेत्र व भरतपुर जिले के मीणा समाज के पंच पटेलों सहित प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से आए मीणा समाज के पंच पटेलों ने भाग लिया और मीणा समाज से संबंधित विभिन्न सामाजिक मुद्दों व सामाजिक परम्पराओं पर चर्चा करते हुए सरकार व प्रशासन पर समाज के साथ गलत व्यवहार करने और उनकी सामाजिक परम्पराओं व रीति रिवाजों को उन पर जबरन नये नियम कानूनों को थोप कर उन्हें मिटाने के प्रयास करने के आरोप लगाते हुए उनका विरोध भी किया। आदिवासी मीणा समाज की यह महापंचायत महावीर जी में हुई। जिसमें राष्ट्रीय मीणा महा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर बयाना क्षेत्र के गांव संतोकपुरा निवासी सेवानिवृत पुलिस उप निरीक्षक भजन लाल मीणा को राष्ट्रीय मीणा महा सभा के भरतपुर जिला अध्यक्ष पद पर व अलवर के कमलसिंह मीणा को अलवर जिले के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने की भी घोषणा की गई।

महापंचायत में राष्ट्रीय मीणा महा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम लाल मीणा व प्रदेश अध्यक्ष प्रथ्वीराज मीणा एवं बयाना क्षेत्र के सरपंच कमल सिंह मीणा व सरपंच राम खिलाड़ी मीणा व जिंसी राम मास्टर, महेंद्र सिंह मीणा, धर्म सिंह मीणा डीलर, आदि भी शामिल हुए। जिन्होंने बताया कि इस महापंचायत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सामाजिक एकता व समरसता और आपसी भाईचारा व सामाजिक एकता एवं सामाजिक परंपराओं का निर्भय करने और उन्हें मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। महा पंचायत में पंच पटेलों ने समाज के बुजुर्गों द्वारा सोच समझकर निर्धारित की गई प्राचीन और सामाजिक व रूढ़िवादी परंपराओं को मीणा समाज की संस्कृति और पहचान व सामाजिक एकता और अनुशासन को मजबूत बनाने वाली अच्छी परमपराएं बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन उनकी इन पहचानों के साथ छेड़छाड़ कर व नए नियम कानूनों को जबरन थोप कर मिटाने का प्रयास कर रहे हैं जिसे



कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महा पंचायत में समाज में शादी विवाह से लेकर गमी तक के और सभी सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम पूर्व की भांति सामाजिक व रुढ़िवादी परंपराओं के अनुसार ही संपन्न किए जाने का भी निर्णय लिया गया। उनका कहना था कि यही प्राचीन व सामाजिक रुढ़िवादी परंपराएं ही मीणा समाज की विशेष पहचान और आपसी भाईचारा बनाए हुए हैं।

## केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचवाएं : शिवानी दायमा



**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत शहर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक सेठ गूजरमल धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा मौजूद रहीं। पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष सरपंच गौरव पथैना उपस्थित रहे। अध्यक्षता शहर मण्डल अध्यक्ष धीरज पाण्डेय द्वारा की गई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए उनके आदर्शों, एकात्म मानववाद, अंत्योदय योजना, उनके साहित्य एवं जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर जोर दिया। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और कार्यकर्ताओं को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। धीरज पांडेय मंडल अध्यक्ष ने पार्टी की रीति नीति व भजनलाल शर्मा द्वारा कराये गए विकास कार्यो को जन जन तक पहुंचाने का आभाहन किया कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी भूपेश पांडेय आदित्य शर्मा ग़ौरब सैनी ठाकुर सैनी छोटू जागिड़ अमरेश पंडित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 8 अप्रेल को महापंचायत का दिया अल्टीमेटम

## कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की चौथी पुण्यतिथि पर एमबीसी वर्ग के 372 पदों की नियुक्ति को लेकर विद्यार्थी बैठें धरने पर

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** रीट भर्ती 2018 में एमबीसी वर्ग के शेष 372 पदों पर नियुक्ति की मांग एक बार फिर जोर पकड़ गई है। राजस्थान गुर्जर युवा बेरोजगार संघ के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को बयाना के पीलूपुरा-कारबारी शहीद स्मारक स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यह धरना गुर्जर आरक्षण आंदोलन के संयोजक रहे कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला की चौथी पुण्यतिथि पर शुरू किया गया। गुर्जर समाज ने चेतावनी दी है कि यदि इन 372 पदों पर जल्द नियुक्ति नहीं की गई, तो 8 अप्रैल को महापंचायत आयोजित कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस अल्टीमेटम के बाद प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। जिला कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम दीपक मित्तल और प्रशिक्षु आईएएस भानु प्रकाश सहित अन्य अधिकारी धरना स्थल पहुंचे और समाज के प्रतिनिधियों से बातचीत की। एसडीएम दीपक मित्तल ने गुर्जर प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि 8 अप्रैल से पहले राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप समिति के साथ उनकी वार्ता कराई जाएगी। समाज ने बातचीत का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, धरना जारी रहेगा। धरने से पहले शहीद स्मारक स्थल पर कर्नल बैसला को श्रद्धांजलि दी गई, जहां समाज के लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसी कार्यक्रम के बाद अभ्यर्थियों ने अपनी पूर्व घोषित मांग को लेकर धरना शुरू किया। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्रीराम बैसला ने बताया कि एमबीसी वर्ग के अभ्यर्थी




पिछले सात वर्षों से नियुक्ति के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। एमबीसी बेरोजगार संघ के निर्भान सिंह गुर्जर के अनुसार, पूर्व के आंदोलन के दौरान सरकार ने 372 पदों पर नियुक्ति का लिखित आश्वासन दिया था, जिसका अब तक पालन नहीं हुआ है। युवाओं में इस बात को लेकर रोष है और उन्होंने नियुक्ति मिलने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया है। धरने को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस सतर्कता बरत रहे हैं और पूरे घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

### पिलानी की प्यास बुझाने हेतु सीने को चीरती हुई है बोरिंग मशीन

## पानी को लेकर शेखावाटी पिलानी की धरा पर बूंद बूंद को तरसता यहां का जनमानस

**पिलानी (हुक्मनामा समाचार)।** वरिष्ठ पत्रकार कैलाशपति रुथला एवम पिलानी प्रेस परिषद तत्परता के साथ चारों ओर नजर जोड़ा कर देखने से मिलता है कि जनता पानी को लेकर बूंद बूंद को तरस रही है जलदाय विभाग हफ्ते में एक या दो बार चंद मिनट के लिए पानी की आपूर्ति करने को प्रयासरत रहता है परंतु सुखा अभाव होने के कारण पानी दूर दराज गांव खेत खलियान ढानी तक नहीं पहुंच पाता है आज के आधुनिक युग में बड़ी-बड़ी विशालकाय बोरिंग मशीन जगह जगह पर पानी के लिए धरती का सीना चिरती हुई हजारो,सैकड़ो फुट नीचे तक जाकर पानी को खगोलती है परंतु भूभाग सुखा होने के कारण असफलता नजर आती है यदा कदा स्थान पर पानी की झलक देखने को मिलती है फिर भी जनता को पानी ने मिलने से पिलानी शिक्षा नगरी के चारों ओर बसी घनी आबादी के लोग वापस हरियाणा की ओर जाने को मजबूर होते नजर आते हैं और तो और जो जहां से लौटे थे वही पुन अपने गंतव्य स्थान की ओर पलायन करते नजर आते हैं ।विडंबना कैसी है जलदाय विभाग का बिल समय पर आना परंतु पानी आए या ना आए, कस्बे के जनप्रिय नेता विधायक बीजेपी कांग्रेस, संमता, ममता, चाहे किसी भी पार्टी का क्यों ना हो अपनी अपनी राग अलापते नजर आते हैं पानी आया या नहीं। नीम खुदी या नहीं, नक्शा बना या नहीं, प्लानिंग के आधार पर अपना अपना हक जमाने में नेता राग अलापते नजर आते हैं।

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर में मरीजों की जांच पड़ताल

## नगर रोड अग्रवाल धर्मशाला में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन



**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** नदबई कस्बे में नगर रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल समाज व कल्याणम करोति संस्थान के तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें करीब 65 मरीजों की नेत्र जांच कर उपचार किया गया। जबकि, 20 मरीजों को शल्य चिकित्सा के लिए चिन्हित किया गया। इससे पहले अर्ग्रवाल समाज अध्यक्ष फूलचंद गर्ग व महामंत्री कैप्टन आरसी गोयल ने विधिवत दीप प्रज्वलित करते हुए शिविर का शुभारम्भ किया। बाद में डॉ योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चिकित्सा टीम ने मरीजों की जांच पड़ताल कर उपचार किया। इस दौरान लक्ष्मन गर्ग, अनूप गर्ग, राकेश बंसल, हरिओम गर्ग, केशव खण्डेलवाल, संतोष शर्मा, ललित शर्मा, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## नदबई में सर्राफा व्यापारी की हत्या से वैर के व्यापारी आक्रोशित, एसडीएम को दिया ज्ञापन

**वैर (हुक्मनामा समाचार)।** नदबई में सर्राफा व्यापारी की हत्या को लेकर आक्रोशित व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन दे कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष शिव प्रकाश जिंदल, एवं महामंत्री महेश गोयल ने ज्ञापन में बताया कि दिनांक 25 मार्च 2025 को नदबई में योगेंद्र चोपड़ा की हत्या कर ?60 लाख रुपए के गहने लूट कर



हत्यारे गायब हो गये तथा 72 घंटे गुजर ने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए अन्यथा कस्बा वैर व्यापार महासंघ को भी आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। ज्ञापन पर सुनील शर्मा, महेश चंद्र गुप्ता, मनोज कुमार, गोपेश, कान्त, बृजेश, रामबाबू, राजेश, नवीन, सत्य प्रकाश जिंदल, विष्णुकुमार, हरिश्चंद्र, राजेश, आदि हस्ताक्षर हैं।

# केशवानन्द का रहा शानदार परिणाम अंकित व नैना धाकड़ 98.60 अंको के साथ रहे टॉपर

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान भढाढर का सीनीयर सैकण्डरी राजस्थान बोर्ड परीक्षा में स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया है।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित सीनियर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र अंकित एवं छात्रा नैना धाकड़ ने 98.60 प्रतिशत के साथ टॉप किया साथ ही छात्रा अंकिता कृष्णियां, प्रतिभा शर्मा, भावना, प्रियल ढाका, तनिशा, अनुप्रिया, रक्षिका थालौड़, आरती ने 98 प्रतिशत अंको के साथ सफलता प्राप्त की। संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने बताया कि संस्थान के 25 विद्यार्थी 97 प्रतिशत से ऊपर एवं 70 विद्यार्थीयों ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किये है। साथ ही सुनिल कुमार, चरण सिंह गुर्जर, दर्शन सिंह, गजेन्द्र, तमन्ना, खूशबू, खूशबू सैनी, भवानी सिंह, अंकिता कोक, प्रिंस चौधरी, सूर्यकान्त अवस्थी, रोहित, सुमैया, सुरेन्द्र आदि ने 97 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये। इस परिणाम पर संस्थान में शानदार आतिशबाजी के साथ डीजे की धुन पर विद्यार्थियों ने जमकर आनंद लिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्रों को बधाई दी। प्रधानाचार्य डां. विजेन्द्र सिंह ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम केवल अंक नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम है।



## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक आयोजित

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान की तहसील कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन स्थानीय संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में मुरलीमनोहर मंडगिरा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में संगठन का नाम राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय से अखिल भारतीय राष्ट्रीय शेक्षिक महासंघ करने की जानकारी दी गई। बैठक में 14 अप्रैल को डा. भीमराव अंबेडकर जंयती को समरसता दिवस के रूप में मनाने व सामाजिक समन्वय स्थापित करने वाले शिक्षकों का अभिनंदन करने का निर्णय लिया गया। उपशाखा अध्यक्ष नीलेश इंदौरिया ने सदस्यता अभियान में नए सदस्य जोड़ने व मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ कार्यक्रम के उद्देश्यों की पूर्ति का आह्वान किया। इसके साथ साथ बैठक में सेवारत शिक्षकों के टेट की अनिवार्यता समाप्त के करने, तृतीय व द्वितीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण करने, सभी संवर्गो की डी पी सी करने व पी डी हैड का एकमुश्त बजट जारी करने की राज्य सरकार से मांग की। इस अवसर पर मनोज सारस्वत, जयप्रकाश नारायन, नीलेश इंदौरिया, राजेश कौशिक, सत्यनारायण टेलर, सुभाष बाकोलिया, ओमप्रकाश महर्षि, पंकज पीपलवा, श्रीभगवान सुथार आदि उपस्थित थे।

## अलवर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 6.50 करोड़ की धोखाधड़ी का मुख्य वारंटी देहरादून से गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अलवर जिले के टॉप मोस्ट वांटेड अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में अरावली विहार थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने करीब 6 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि के एनआई एक्ट प्रकरणों में फरार चल रहे शातिर वारंटी संदीप शर्मा को देहरादून (उत्तराखण्ड) से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि आरोपी संदीप शर्मा न्यायालय के विभिन्न आदेशों की अवहेलना कर लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ 14 स्थाई वारंट और 02 गिरफ्तारी वारंट एनआई एक्ट के तहत लंबित थे। थाना कोतवाली अलवर के धोखाधड़ी के एक मामले में यह वर्ष 2021 से 299 सीआरपीसी के तहत घोषित भगोड़ा था। देहरादून में ब्रोकर बनकर छिपा था आरोपी पुलिस टीम को तकनीकी सहायता और आसूचना से पता चला कि संदीप देहरादून के अमन विहार इलाके में एक किराए के मकान में रह रहा है। वहां वह अपनी पहचान छिपाकर लोगों को मकान किराए पर दिलाने का काम करने लगा था और कमीशन के तौर पर एक महीने का किराया वसूलता था। थानाधिकारी रामेश्वर लाल के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। गिरफ्तार वारंटी संदीप शर्मा (50 वर्ष) मूल रूप से अलवर के स्कीम नंबर 8 का निवासी है। पुलिस अब अन्य थानों से भी संपर्क कर रही है ताकि उसके खिलाफ लंबित अन्य मामलों और वारंटों की जानकारी जुटाई जा सके। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण डॉ. प्रियंका और वृत्ताधिकारी, उत्तर अंगद शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुई। थानाधिकारी अरावली विहार रामेश्वर लाल, हैड कांस्टेबल घनश्याम, कांस्टेबल समय सिंह, दिलीप कुमार और युवराज की कार्रवाई में विशेष भूमिका रही।

## शिक्षा मंत्री ने जानी राजस्व मंत्री की कुशलक्षेम



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मंगलवार को उदयपुर प्रवास के दौरान गीतांजली अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री तथा उदयपुर जिले के प्रभारी हेमन्त मीणा की कुशलक्षेम पूछी। गौरतलब है कि प्रभारी मंत्री मीणा की सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उदयपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उदयपुर प्रवास के दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर को इसकी सूचना मिलने पर वह अस्पताल पहुंचे तथा उनकी कुशलक्षेम जानी। साथ ही, चिकित्सकों से उपचार आदि की जानकारी ली। इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा भी उपस्थित रहे।

## विद्याश्रम पब्लिक स्कूल के रितिशा ने रचा इतिहास 99.20% अंक लाकर राजस्थान में दूसरा



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** पोलो ग्राउंड स्थित विद्याश्रम पब्लिक स्कूल का इस वर्ष राजस्थान बोर्ड के विज्ञान एवं कला वर्ग का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय की मेधावी छात्रा रितिशा कुमावत ने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सम्पूर्ण राजस्थान में दूसरे स्थान एवं सीकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है। पलक कंवर का भी शानदार प्रदर्शन: विद्यालय की अन्य छात्रा पलक कंवर ने भी विज्ञान वर्ग में 97.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार प्रदर्शन किया। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्याश्रम का शानदार परिणाम: आंकड़ों में विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम के आंकड़े स्वयं इस उपलब्धि की कहानी बयां करते हैं 95% से अधिक अंक 04 विद्यार्थी,90% से अधिक अंक14 विद्यार्थी,85% से अधिक अंक41विद्यार्थी विज्ञान एवं कला दोनों संकायों में विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन ने विद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है ।विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल-इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। पूरे परिसर में मिठाइयाँ बाँटी गईं और सफलता का जलवा देखते ही बन रहा था।

## बैण्ड-बाजे के बीच जयघोष से निकली महावीर शोभायात्रा



**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के मुख्य बाजार में सकल जैन समाज की ओर से महावीर स्वामी के 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव मनाते हुए बैण्ड-बाजे के बीच जयघोष के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। इससे पहले रेलवे स्टेशन समीप जैन श्वेताम्बर मन्दिर पर पूजा अर्र्चना की गई। बाद में सकल जैन समाज अध्यक्ष विमल जैन ने शोभायात्रा का शुभारम्भ किया। जो कि बैण्ड-बाजे के बीच सिंधी तिराहा, रेलवे फाटक, गायत्री कॉलोनी, नगर रोड, कुम्हेर रोड होते हुए वापिस जैन मन्दिर पहुंची। शोभायात्रा में शामिल भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पर श्रद्वालुओं ने पुष्पवर्षा के बीच पूजा अर्चना की। वहीं, अलग-अलग संगठन पदाधिकारियों ने जयघोष करते हुए शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्वालू भी अहिंसा परमों धर्म का संदेश देते नजर आए। इस दौरान महामंत्री नरेशचंद जैन, मोहित जैन, वीरेश जैन, मंत्री मनीष जैन, अमित जैन, भागचंद जैन, पंकज जैन, सुशील जैन, चतुर्भुज जैन आदि मौजूद रहे।

'वीबी-जी राम जी' में सुरक्षित रोजगार के साथ टिकाऊ उत्पादकता

# गांव-किसान की समृद्धि से डाली जा रही सुदृढ़ भविष्य की नींव, 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' और राज्य का अतिरिक्त प्रोत्साहन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनरूप विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान के संकल्प को सिद्धि की ओर ले जा रही है। चाहे 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' में एक कदम आगे बढ़ाते हुए सम्मान राशि को 6 हजार रुपए से 9 हजार रुपए करना हो या 'विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)' अधिनियम।

राजस्थान सरकार गांव और किसान को सुदृढ़ और समृद्ध करने का कार्य कर रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की गई। जिसके तहत प्रदेश के 66 लाख 76 हजार से अधिक किसानों के खातों में 1 हजार 355 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी हस्तान्तरित की गई है। खास बात ये है कि जहां देश में किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में कुल 6 हजार रुपए की राशि किस्तों में हस्तांतरित की जा रही है।

वहीं राजस्थान में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत यह राशि 3 हजार रुपए बढ़ाकर किसानों को दी जा रही है। यानी प्रदेश के किसानों को कुल 9



हजार रुपए सम्मान निधि के रूप में प्राप्त हो रहे हैं।

वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों से वादा किया है कि इस सम्मान निधि की राशि को चरणबद्ध रूप से 12 हजार रुपए तक बढ़ाया जाएगा, जो किसानों के प्रति राज्य सरकार के सम्मान को दर्शाता है।

**किसानों को केंद्र का सम्मान, तो राज्य में अतिरिक्त निधि, विकसित देश-प्रदेश की दिशा में मील का पत्थर बन रहीं योजनाएं**

## रिस्क फ्री कृषि और पशुपालन के लिए प्रोत्साहन

आर्थिक संबल देने के साथ ही राज्य सरकार की ओर से किसानों को रिस्क फ्री कृषि और पशुपालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2026-27 में कृषि बजट 1 लाख 19 हजार 408 करोड़ रुपये रखा गया है। प्रदेश में गेहूं के समर्थन मूल्य खरीद पर 150 रुपये के अतिरिक्त बोनस का प्रावधान है। वहीं अब तक 78 लाख से अधिक किसानों को 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण उपलब्ध कराए गए हैं। तो फसल बीमा योजना में खराबे पर 6 हजार 473 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम राज्य में वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की बात की जाए, तो 16 लाख से अधिक पशुओं की निशुल्क बीमा पॉलिसी जारी की गई है, वहीं 536 मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन गांवों में सेवा दे रहे हैं। राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में पशुपालकों को 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है।

## टिकाऊ विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव 'वीबी-जी राम जी'

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार गांवों को आधुनिकीकरण के साथ मजबूत कर रही है। इसी क्रम में विकसित भारत-रोज़गार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम ग्रामीण रोजगार की दिशा में किया गया एक महत्वपूर्ण बदलाव है। क्योंकि डिजिटाइजेशन के युग में पूर्ण जवाबदेही के साथ ग्रामीण आजीविका सुनिश्चित करना भविष्य के लिए नींव को मजबूत करना है। क्योंकि डिजिटाइजेशन के युग में पूर्ण जवाबदेही के साथ ग्रामीण आजीविका सुनिश्चित करना भविष्य के लिए नींव को मजबूत करना है।विकसित भारत-रोज़गार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम के तहत रोजगार गारंटी को प्रति ग्रामीण परिवार बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। जिसमें ग्रामीण परिसंपत्तियों के टिकाऊ एवं उत्पादक कार्यों (जैसे जल सुरक्षा एवं जल से संबंधित कार्य, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना से जुड़े कार्य, आजीविका संबंधी अवसंरचना से संबंधित कार्य, प्रतिकूल मौसमी घटनाओं के प्रभाव को कम करने वाले कार्य) पर जोर दिया गया है। ताकि ग्रामीण रोजगार ना केवल सुरक्षित आय प्रदान करे, बल्कि टिकाऊ आजीविका, सुदृढ़ परिसंपत्तियों एवं दीर्घकालिक ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान दे।

## कृषि उत्पादकता के साथ श्रमिकों के हितों के बीच संतुलित समायोजन

सबसे खास बात यह है कि बुवाई और कटाई के सीजन के दौरान जब खेतों में मजदूरों की आवश्यकता ज्यादा होती है, तब मजदूर यह कार्य कर सकेंगे। इसके लिए एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित की गई है। जिसके तहत श्रमिकों को मिलने वाले कुल 125 दिनों के रोजगार का अधिकार यथावत बना रहेगा, जो शेष अवधि में पूर्ण किया जा सकेगा। इस महत्वपूर्ण बदलाव से कृषि उत्पादकता और श्रमिकों के हितों के बीच संतुलित समायोजन सुनिश्चित संभव हो रहा है। जब किसान की समृद्धि होगी, तभी गांव मजबूत बन सकेंगे और गांव के विकास के साथ ही राज्य और राष्ट्र को विकसित करने की नींव रखी जा सकेगी। ऐसे में सरकार की ओर से उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदम भविष्य की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

# रिजल्ट से पहले छात्रा की मौत, इंजेक्शन लेकर एग्जाम दिए

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं क्लास का रिजल्ट मंगलवार को जारी किया। टॉपर्स के घर में जश्न मनाया जा रहा है। होनहार बच्चों की सफलता को देखकर माता-पिता भावुक हो गए और खुशी के आंसू छलक पड़े। श्रीगंगानगर की नकिता के आर्ट्स में 93.80 प्रतिशत मार्क्स आए तो मां अपनी बेटी की तस्वीर को सीने से लगाकर रो पड़ी। नकिता को शुगर था और वह इन्सुलिन का इंजेक्शन लेकर एग्जाम देने जाती थी, लेकिन रिजल्ट आने से दस दिन पहले 20 मार्च को उसकी मौत हो गई। वहीं जोधपुर की आयषा चौधरी के नंबर देखकर पिता भावुक हो गए और बेटी को गले लगाकर फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने कहा- बेटी हमारा गर्व हैं। पढ़िए-संघर्ष के बीच बच्चों की सफलता की कहानी 12वीं आर्ट्स में 93.80% आए, मां बच्ची की फोटो सीने से लगाकर रो पड़ी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल 7 केएनडी (श्रीगंगानगर) की छात्रा नकिता ने 12वीं आर्ट्स में 93.80 प्रतिशत अंक हासिल किए है। परिवार के लोगों ने बच्ची का रिजल्ट ऑनलाइन चेक किया तो घर में पसरे सन्नाटे के बीच आंखू छलक पड़े। मां अपनी बेटी की तस्वीर को सीने से लगाकर रो पड़ी। मां चरणजीत कौर ने कहा कि बेटी पढ़ाई में होशियार थी और उसका सपना प्रशासनिक सेवा में जाने का था। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उसके जाने के बाद सबकुछ धराशायी हो गया। रिजल्ट आने से सिर्फ दस दिन पहले 20 मार्च को उसकी मौत हो गई थी। तेज बुखार में भी इन्सुलिन इंजेक्शन लेकर एग्जाम देने गई थी नकिता के नाना केसर सिंह ने बताया- नकिता को 8वीं क्लास में शुगर हो गया था। वह इन्सुलिन के इंजेक्शन लेती थी। पढ़ाई में भी काफी होशियार थी। 10वीं में नकिता ने टॉप किया था और 90.50 प्रतिशत अंक आए थे। 12वीं के एग्जाम में वह बीमार



हो गई थी। तेज बुखार में भी इंजेक्शन लेकर एग्जाम गई और कहती थी कि 12वीं में टॉप करना है। नकिता की मां चरणजीत कौर और पिता मंगल सिंह दोनों मजदूरी करते हैं। करीब 20 दिन पहले 10 मार्च को नकिता को काफी तेज बुखार हुआ। इसके बाद दोनों बच्ची को लेकर मेरे पास (पीलीबंगा, हनुमानगढ़) लेकर आए। डॉक्टरों ने उसे पीलिया बताया। डॉक्टरों के कहने पर मैं (नाना) और मम्मी-पापा नकिता को हनुमानगढ़ के सरकारी अस्पताल लेकर, जहां डॉक्टरों ने उसे बीकानेर रेफर कर दिया। 2 दिन तक वह बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में वेंटिलेटर पर रही। इसके बाद तबीयत बिगड़ी और 20 मार्च को उसकी मौत हो गई। परिवार में सबसे होशियार, कलेक्टर बनना चाहती थी निकिता पढ़ाई में होशियार थी और प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती थी। परिवार के अनुसार- वह मां से कहा करती थी कि उसे कलेक्टर बनकर सेवा करनी है। निकिता की बड़ी बहन पिंद्र कौर बीएसटीसी की तैयारी कर रही है। छोटी बहन निशु 10वीं में है और इस बार 68 प्रतिशत हासिल किए थे। सबसे छोटा भाई अरमान है, जो आठवीं क्लास में पढ़ता है। सरपंच बोले- नकीता के नाम से बनवाएंगे लाइब्रेरी नकीता के घर पहुंचे सरपंच अंकुश ने बताया- गांव में एक लाइब्रेरी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस बार आयोजित होने वाली बैठक में इस लाइब्रेरी का नाम नकीता लाइब्रेरी रखने का प्रस्ताव रखा जाएगा।

## खेल-खेल में 3 दोस्तों की मौत: खेलते समय मिट्टी की सुरंग ढही



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** सीकर में खेलने के लिए बनाई गई मिट्टी की सुरंग ढहने से तीन दोस्तों की मौत हो गई। वहीं, चौथे दोस्त की जान बच गई, जिसके चिल्लाने पर लोगों को घटना बारे में पता चला। हादसा नेछवा थाना इलाके में सोमवार दोपहर 12:30 बजे गनेड़ी गांव में हुआ। पुलिस के मुताबिक- होलश मेघवाल (10) पुत्र नानूराम मेघवाल, गौतम सैनी (14) पुत्र रतनलाल सैनी, दीपेश नायक (12) पुत्र भंवरलाल नायक और कृष्ण खेत में मिट्टी के 3 से 4 फीट ऊंचे टीले के नीचे बनाई सुरंग में खेल रहे थे। कृष्ण सुरंग बाहर की ओर था। बाकी तीनों दोस्त अंदर चले गए। इस दौरान अचानक मिट्टी ढह गई। होलश, गौतम और दीपक मिट्टी के नीचे दब गए। कृष्ण के भी पैर मिट्टी में दबे थे। फिर भी उसने मिट्टी में दबे अपने दोस्तों को निकालने की कोशिश की। बात नहीं बनी तो चिल्लाने लगा, ऐसे में गांव के लोग वहां पर आ गए। नेछवा पुलिस भी मौके पर पहुंची। मिट्टी हटाकर तीनों को निकाला गया। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। दो बच्चों के पिता की भी हो चुकी मौत: होलाश के पिता नानूराम की 1 साल पहले मौत हो चुकी है। परिवार की आर्थिक स्थिति भी ज्यादा ठीक नहीं है।

जिला कलक्टर अवेयरनेस कार्यक्रम चला लोगों को डीपीएनजी से जुड़ने के लिए प्रेरित करे

# सीजीडी संस्थाएं प्रतिदिन औसतन ढ़ाई से तीन हजार परिवारों तक डीपीएनजी सुविधाओं से जोड़े : वी.श्रीनिवास

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्य में कार्यरत सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन संस्थाओं को प्रतिदिन औसतन ढ़ाई हजार से तीन हजार परिवारों तक पाइप लाइन से घरेलू गैस (डीपीएनजी) कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डीपीएनजी की आधारभूत संरचना विकसित क्षेत्रों के परिवारों को डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ना केन्द्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास मंगलवार को सचिवालय में राज्य में कार्यरत 13 सीजीडी संस्थाओं के शीर्ष स्तर के अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों से डीपीएनजी संरचना की स्थिति व डीपीएनजी सुविधा से जोड़ने की कार्ययोजना पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने वर्चुअल बैठक में स्पष्ट संदेश दिया कि जिन इलाकों में डीपीएनजी आधारभूत संरचना विकसित हो गई हैं उस क्षेत्रवासियों को एलपीजी से पाइप लाइन से गैस सुविधा से जोड़ने के केन्द्र सरकार के स्पष्ट निर्देश है। इसी के साथ इन इलाकों की



औद्योगिक व व्यावसायिक इकाइयों को भी पाइप लाइन से प्राकृतिक गैस कनेक्शन से जोड़ा जाना है।

वी. श्रीनिवास ने जिला कलक्टरों को निर्देश दिए कि जनजागरण अभियान चलाकर नागरिकों को एलपीजी से डीपीएनजी सुविधाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाए और डीपीएनजी सुविधा के सस्ती, 24 गुणा 7 सेवा उपलब्धता, बुकिंग कराने की झंझट से मुक्ति, सुरक्षित और स्वच्छ व हरित उर्जा के संबंध में अभियान चलाकर जानकारी दी जाएं ताकि क्षेत्रवासी डीपीएनजी सेवाओं से जुड सके। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने बताया कि विभाग द्वारा राज्य के 17 भौगोलिक क्षेत्र की 13 सीजीडी संस्थाओं से समन्वय बनाते हुए मोनेटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीजीडी संस्थाओं को तीन माह में पीएनजी कनेक्शनों को एक लाख 25 हजार से बढ़ाकर 5 लाख करने के लक्ष्य दिए गए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव अम्बरीश कुमार ने बताया कि राज्य में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता है और राज्य सरकार स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है। बैठक में राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने डीपीएनजी कनेक्शनों की स्थिति और भावी कार्यक्रम की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त सचिव माइंस अरविन्द सारस्वत, निदेशक पेट्रोलियम अवधेश सिंह सहित राज्य सरकार के अधिकारी व सीजीडी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन से लोकल टू ग्लोबल हो रहे स्थानीय उत्पाद

# एक जिला एक उत्पादन नीति: राजस्थान के उत्पाद विश्व पटल पर बना रहे अपनी विशिष्ट पहचान



■ स्थानीय विकास से ही आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार स्थानीय विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 के माध्यम से राजस्थान के प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया जा रहा है। यह नीति स्थानीय उत्पादों, कारीगरों और उद्यमियों को सशक्त बनाते हुए प्रदेश में रोजगार और आर्थिक विकास को नई गति दे रही है।

## उद्यमिता को मिल रहा बढ़ावा, गांवों में रोजगार के नए अवसर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए हर गाँव, तहसील और जिले के समग्र स्थानीय विकास पर जोर दिया है। उनके अनुसार वोकल फॉर लोकल, सबका साथ-सबका विकास से ही आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। ओडीओपी नीति के माध्यम से लोकल से ग्लोबल का सपना साकार हो रहा है और राजस्थान के उत्पाद विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं।इस नीति के तहत राज्य के प्रत्येक जिले में उत्पाद का चयन किया गया है, जिससे स्थानीय संसाधनों और कौशल का बेहतर उपयोग हो सके। साथ ही, प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान को संरक्षित रखते हुए प्रमुख उत्पादों को प्रोत्साहित किया जाएं। इस नीति के माध्यम से गांवों में उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है तथा उद्यमियों को तकनीकी सहयोग, वित्तीय सहायता और बाजार तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। नीति के अंतर्गत उद्योगों को मार्जिन मनी अनुदान, एडवांस टेक्नोलोजी और सॉफ्टवेयर खरीदने, क्वालिटी सर्टिफिकेशन व आईपीआर, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने पर पुनर्भरण सहायता प्राप्त होगी।

## उद्यमियों को दी जा रही व्यापक वित्तीय एवं तकनीकी सहायता

राज्य सरकार द्वारा उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए व्यापक वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में इस नीति के तहत नए लघु एवं सूक्ष्म ओडीओपी उद्यम स्थापित करने के लिए परियोजना लागत का अधिकतम 25 प्रतिशत (अधिकतम 25 लाख रुपये) तक मार्जिन मनी सब्सिडी देय है। साथ ही, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के तकनीकी उन्नयन के लिए नवीनतम तकनीक एवं सॉफ्टवेयर के अधिग्रहण पर 50 प्रतिशत तक (अधिकतम 5 लाख रुपये) की वित्तीय सहायता का प्रावधान है। एक जिला-एक उत्पाद नीति में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्रों और बौद्धिक संपदा अधिकारों पर किए गए खर्चों के लिए 3 लाख रुपये तक 75 प्रतिशत पुनर्भरण का प्रावधान है। साथ ही, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर शामिल होने के लिए दो साल तक प्रति वर्ष 1 लाख रुपये तक 75 प्रतिशत पुनर्भरण भी देय है। टेक्नोलॉजिकल अपग्रेडेशन को बढ़ावा देने के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय संस्थानों से एडवांस्ड टेक्नोलॉजी या सॉफ्टवेयर खरीद पर 5 लाख रुपये तक 50 प्रतिशत सब्सिडी मुहैया कराई जाती है।

## उत्पाद की मार्केटिंग एवं तकनीकी उन्नयन में भी सहयोग

इस नीति के तहत उद्यमियों को कैटलॉगिंग सेवाओं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों के डवलपमेंट के लिए 60 प्रतिशत और अधिकतम 75 हजार तक सहायता देकर डिजिटल मार्केट के विस्तार में सहयोग दिया जा रहा है। जिससे उत्पादों की ब्रांडिंग हो सके, साथ ही, बाजार तक बहुत सुनिश्चित हो। वित्तीय प्रोत्साहन, टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट और मार्केट विस्तार जैसे पहलों के माध्यम से यह नीति जिला स्तर के उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है।

## विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन, उद्यमियों को प्रशिक्षण

इस नीति के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश में उद्यमिता और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। अब तक अनेक लाभार्थियों सहायता राशि वितरित की जा चुकी है, जिससे उद्यमों की स्थापना, विपणन सुदृढ़ीकरण एवं उत्पादक इकाइयों के उन्नयन को प्रोत्साहन मिला है। नीति के तहत मार्जिन मनी सहायता में सर्वाधिक निवेश हुआ है, वहीं मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, गुणवत्ता प्रमाणन एवं तकनीकी उन्नयन जैसे क्षेत्रों में भी व्यापक सहयोग दिया जा रहा है।

पुरानी रंजिश में गांव के युवकों ने किया हमला

# शादी से घर लौट रहे युवक का तलवार से मर्डर

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उदयपुर में 6 से ज्यादा बदमाशों ने तलवार से ताबड़तोड़ वार कर युवक की हत्या कर दी। युवक चचेरे भाई की शादी के फंक्शन में शामिल होकर स्कूटी से घर लौट रहा था। तभी बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। घटना पाटिया थाना क्षेत्र के खेड़ाघाटी, बलीचा में सोमवार रात करीब 2 बजे की है। युवक की मौत के बाद परिजन और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर तीन थानों की पुलिस तैनात है। मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे से पुलिस और ऋषभदेव डीएसपी राजीव राहर परिजनों को समझाने में जुटे हैं। शव को रात को ही खेरवाड़ा हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया। सहमति बनने के बाद पुलिस पोस्टमॉर्टम करवाएगी। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक नीलेश गरासिया (35) पिता लालजी कई साल से अहमदाबाद में बिल्डिंग ठेकेदारी का काम करता था। परिवार में शादी के कारण ही वह कुछ दिन पहले गांव आया था। चचेरे भाई के साथ घर लौट रहा था नीलेश के परिवार में मंगलवार को उसके चचेरे भाई की शादी है। नीलेश और उसका एक अन्य चचेरा भाई नरेश गरासिया



नीलेश गरासिया

सोमवार रात को शादी के फंक्शन में शामिल होकर एक किलोमीटर दूर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में 6-7 युवकों ने उन पर तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले तलवार से नीलेश के हाथ पर हमला किया। इसके बाद गर्दन और कमर पर वार किया।

उसकी मौके पर मौत हो गई। इस बीच नरेश ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग गए। जहां हमला हुआ, वह जगह शादी के वेन्यू से करीब 200 मीटर दूर है। हमले से पहले शादी समारोह में भी मौजूद थे हमलावर नरेश ने बताया कि नीलेश पर अनिल, विपिन, जयदीप, बद्री, हितेश और अन्य ने मिलकर हमला किया। इनमें आधे से ज्यादा लोग पहले शादी समारोह में मौजूद थे। वे हमारे बाहर निकलने का इंतजार कर रहे थे। जबकि कुछ युवक पहले से ही रोड पर खड़े हुए थे। जैसे ही मैं और नीलेश शादी समारोह से बाहर निकले, आरोपी भी बाइक लेकर पीछे आ गए। रास्ते में अचानक स्कूटी रुकवाकर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। एक युवक के हाथ में तलवार थी, जिससे उसने नीलेश के हाथ पर हमला किया। मैं अपने लोगों को बुलाने दौड़ा, कुछ मिनट बाद लोगों के साथ वहां पहुंचा तो नीलेश पूरी तरह से लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था।


देवाधिदेव श्री 1008 भगवान
महावीर स्वामी जन्म कल्याणक
के पावन पर्व पर आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाऐं
अंकित जैन अध्यक्ष | प्रकाश जैन कार्याध्यक्ष | अनुज गोधा महामंत्री | ज्ञानचन्द जैन 'खजूरी वाले' कोषाध्यक्ष
श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दि. जैन मन्दिर (त्रिकाल चौबीसी) समिति, आर.के. पुरम, कोटा

# बयाना में हनुमान जन्मोत्सव कल निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर 2 अप्रैल, गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर बयाना में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बजरंग दल संयोजक गौतम चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत उषा मंदिर परिसर में रुद्रनाथ महाकाल महाराज के सानिध्य में हवन एवं ध्वज पूजन के साथ होगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। शोभायात्रा में हनुमान जी एवं राम दरबार की आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी, साथ ही डीजे के साथ भक्तिमय माहौल रहेगा। शोभायात्रा उषा मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, छोटा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, शिवगंज मंडी, सुभाष चौक और बजरिया होते हुए पंचायत समिति मंदिर परिसर में संपन्न होगी। आयोजकों ने बयाना के सभी सनातन धर्मावलंबियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में विष्णु जोशी, विशाल उपाध्याय, हितेश कुमार, राजेश चौधरी और जयसिंह फौजदार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गरिमा सैनी ने प्राप्त किए 97.60 प्रतिशत अंक

**चिराना (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के निवासी निवासी प्रभु दयाल सैनी कि दोहिती ने राजस्थान 12 वीं बोर्ड में सफलता का परचम लहराया है।कस्बे के चिराना नौनिहाल गरिमा सैनी ने 12वीं विज्ञान वर्ग में बोर्ड की परीक्षा में 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के टोपर किया उसके साथ साथ अपने गांव का नाम भी रोशन किया है ।

## मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन ने सेल्सफोर्स के साथ साझेदारी की

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** दुनिया के नंबर 1 एआई सीआरएम, सेल्सफोर्स ने मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई) – जो कि एक प्रतिष्ठित मानद विश्वविद्यालय है – के साथ अपने स्टूडेंट लाइफ साइकिल मैनेजमेंट (एसएलसीएम) प्लेटफॉर्म को आधुनिक बनाने और एआई-संचालित विश्वविद्यालय में इसके परिवर्तन को गति देने के लिए एक सहयोग की घोषणा की है। यह एमएएचई के मैजिक (एमएएचई एजेंटिक इंटेलिजेंट कंसोल) कार्यक्रम का हिस्सा है, जो शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रणालियों में एआई एजेंटों को तैनात करने और संस्थान-व्यापी परिवर्तन लाने के लिए ष्ठ्ठ द्वारा परिकल्पित और नेतृत्व की गई एक रणनीतिक पहल है। लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) एम.डी. वेंकटेश वीएसएम (रिटायर्ड), वाइस चांसलर ऑफ ष्ठ्ठ, ने कहा: 'मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन में, हमारा ध्यान हमेशा प्रौद्योगिकी के विचारशील और जिम्मेदार उपयोग के माध्यम से शैक्षणिक प्रशासन, छात्र अनुभव और संस्थागत प्रभावशीलता को मजबूत करने पर रहा है। सेल्सफोर्स के साथ हमारा सहयोग इस दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो हमें मुख्य विश्वविद्यालय प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाने में सक्षम बनाता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि प्रौद्योगिकी शिक्षा, अनुसंधान और शिक्षार्थी की सफलता की सेवा में मजबूती से बनी रहे।'

## अखंड राम नाम के कीर्तन से बाला जी का अर्धवार्षिक मेला शुरू

**(हुक्मनामा समाचार)।** चानना धाम का दो दिवसीय अर्धवार्षिक मेले का शुभारंभ अखंड राम नाम के कीर्तन व बालाजी महाराज एंव शिरोमणि संत ब्रह्मलीन रामस्वरूप बगड़िया , महंत रामस्वरूप बगड़िया के क़ासानिध्य मंदिर परिसर में स्थापित विभिन्न धार्मिक स्थलो की पूजा अर्चना का कार्य वैदिक मंत्रो उच्चारण से जजमानों द्वारा श्रद्वा भाव से बालाजी का गुणगान करके कलश पूजन राधेश्याम व परमजीत बिश्नोई दीवानखेड़ा व सुभाषगर्ग गंगानगर , रामदरबार पुजन सत्यप्रकाश खेमका व शिवशंकर गर्ग, डेविड मितल रिड्मलसर, हनुमान दरबार पूजन बजरंग लाल मितल गंगानगर एवं भामाशाह ओमप्रकाश झटाउवाल निवासी गोलुवाला भण्डारा पूजन प्रदीप कुमार मितल गंगानगर अंजनि माता दरबार पूजन विकास कुमार चुघ हनुमानगढ खेजड़ी मंदिर दरबार पुजन डा. चरणजीत सिहं रोला करनपुर राधाकृष्ण दरबार पूजन पंकज कुमार व सुनील कुमार शर्मा सुपुत्र ऋषि कुमार शर्मा गंगानगर शिव दरबार पूजन दिव्यांश मितल सुपुत्र पंकज कुमार मितल गंगानगर, मां दुर्गा पूजन बजरंगलाल मितल गंगानगर, गुरू महाराज पूजन महन्त गोपीराम बागडिया व परिवार द्वारा, यज्ञशाला पूजन बाबूलाल दीनदयाल चमडिया हनुमानगढ द्वारा, रामचरित मानस पाठ पूजन सुनीलकुमार सिघंल गंगानगर एवं संतराम तरङ78 एल.एन.पी सहित बड़ी संख्या में मौजूद गणमान्य धार्मिक व्यक्तियों ने वरिष्ठ पंडित रामचंद्र शास्त्री ऋषि प्रसाद शास्त्री सहित अन्य विद्वानों के सानिध्य में बालाजी का गुणगान कर संपन्न करवाया ।

## निर्माण कंपनी की लापरवाही धूल के गुब्बार उड़ रहे हैं, जिससे आमजन का जीना मुहाल हो

**बनेठा (हुक्मनामा समाचार)।** रायलटी चौराहे से ईसरदा डैम तक चल रहा सड़क चौड़ीकरण और डैम निर्माण कार्य क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। निर्माण कंपनी की लापरवाही के चलते पूरे इलाके में धूल के गुब्बार उड़ रहे हैं, जिससे आमजन का जीना मुहाल हो गया है। डैम निर्माण कार्य में लगे ओवरलोड डंपर दिनभर इस मार्ग पर दौड़ रहे हैं। इन भारी वाहनों से सड़क पर डाली गई कच्ची मिट्टी उड़कर धूल का रूप ले रही है।

## श्योपुरा बालाजी धाम में विशाल रात्री जागरण आज, झांकिया रहेगी आकर्षण का केन्द्र

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम श्योपुरा बालाजी धाम में चैत्र पूर्णिमा पर दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का आगाज बुधवार से होगा। मंदिर के पुजारी हरिचरण शर्मा ने बताया कि बुधवार 1 अप्रैल को प्रात: 10 बजे रुद्राभिषेक, सायं 7 बजे महाआरती, रात्री 8 बजे विशाल भंडारा व रात्रि 10 बजे से विशाल जागरण का आयोजन किया जायेगा। जागरण में आसपास के गांवों के भजन गायकर भाग लेंगे। इस दौरान राधे आर्ट ग्रुप आदमपुर द्वारा संजीव झांकिया और नृत्य नाटिका आकर्षण का केन्द्र होगी। उन्होंने बताया कि गुरुवार 2 अप्रैल को प्रात: 7:15 बजे मंदिर से बालाजी महाराज की विशाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में चंग पार्टी, डीजे व संजीव झांकियां, नृत्य नाटिका आकर्षण का केन्द्र होगी। प्रात: 9 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जायेगा और इस दौरान विशाल मेला भरेगा।

## पिलानी कस्बे में गैस को सप्लाई को लेकर घर-घर गैस पहुंचाने की सुविधा बराबर

**पिलानी (हुक्मनामा समाचार)।** शिक्षा नगरी में विक्ट्री गैस सर्विस पिलानी के तत्वाधान में इंडियन ऑयल गैस सप्लाई के नेतृत्व में प्रतिदिन एक गाड़ी 350 गैस सिलेंडर की सप्लाई बराबर हो रही थी परंतु बीते दिनों में सप्लाई की मारामारी बढ़ जाने से आम जनता भयभीत होकर व्यक्ति गैस सर्विस ऑफिस के बाहर लंबी कतार गैस के लिए देखने को मिल रही थी जबकि विभाग के द्वारा बुकिंग सप्लाई अवधि पच्चीस दिन उपभोक्ता को गैस कार्य में लेने के बाद नया सिलेंडर मिल पाएगा इसी के चलते व्यक्ति गैस सर्विस मैनेजर प्रवीण सोनी से वार्तालाप किए जाने पर पता चला कि गैस सप्लाई घर-घर सुचारू रूप से हो रही है कहीं कोई खामियां दिखाई देती है तो उसका निवारण शीघ्र ही कर लिया जाएगा आम जनता की समस्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन चौकन्ना एवं पहनी नजर बनाए हुए हैं जनता को किसी समस्या का सामना न करना पड़े समय पर उपभोक्ता को इंडियन ऑयल गैस मिलती रहे पिलानी कस्बे में वर्तमान स्थिति में गैस की कालाबाजारी कहीं पर होती नजर नहीं आ रही है उपभोक्ता धैर्य एवं शांति के साथ क्रमबद्ध होकर एजेंसी को सहयोग कर गैस प्राप्त करें व्यवस्था में किसी तरह की बाधा उत्पन्न ना हो भारतीय परंपरा के अनुसार होली महोत्सव गणगौर महोत्सव नवरात्र महोत्सव हनुमान जयंती महान उत्सवों पर भी गैस की सप्लाई में कोई बाधा उत्पन्न नहीं हो रही है घर घर गैस नियमित रूप से महिलाओं के रसोई तक गैस की सप्लाई सुचारू रूप से संपन्न हो रही है हर आम व्यक्ति का दायित्व बनता है कि कालाबाजारी ना करें सबको सहयोग करें

# इंजीनियर पॉइंट स्कूल खैरथल ने 10वीं के बाद 12वीं में भी किया जिला टॉप



**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय विद्यालय इंजीनियर पॉइंट स्कूल खैरथल का 12वीं क्लास कला वर्ग में आन्या अग्रवाल पुत्री रॉबिन अग्रवाल ने 98.80% प्राप्त कर जिला टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इनके पिताजी खैरथल मंडी में आढ़ती है। इनके दादाजी सुरेश चंद अग्रवाल मातोर के सरपंच रह चुके है। इनकी माताजी पायल अग्रवाल है। जिन्होंने राजनितिक विज्ञान में नेट जेआरफ किया हुआ है। वही वाणिज्य वर्ग में तनीषा गुप्ता पुत्री हरि नारायण गुप्ता ने 97.50% प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का नाम रोशन किया है। कला वर्ग में बोर्ड रिजल्ट में 63 बच्चों में से 22 बच्चों ने और वाणिज्य वर्ग में 54 बच्चों में से 14 बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए है। ई.पी. स्कूल के निदेशक आजाद चौधरी ने बताया कि इससे पहले 10 वीं में भी भानु प्रताप ने ड्डड्ड मैन में मुदित गुप्ता ने और ह्वश्वञ्ज में हुसैनपुर गांव से प्रदीप ने जिला टॉप किया शानदार रिजल्ट आने पर सभी बच्चों को बधाइयां दी गई और स्टॉफ ने एक दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर खुशियों का इजहार किया।

## कोतवाली में सीएलजी की बैठक आयोजित

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस ने शहर कोतवाली में मंगलवार को सीएलजी सदस्यों की बैठक एडिशनल एसपी अखिलेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सबसे %यादा चर्चा शहर में अपनी अपनी प्रतिष्ठानों के सामने सीसी टीवी कैमरे लगाने के लिए जोर दिया गया। उन्होंने कहा की दुकान के सामने कैमरे लगे होने से पुलिस को फुटेज मिल जाते हैं इससे चोरी लूटपाट छेड़खानी जैसी घटनाओ की रोकथाम होगी। इस मौके पर सीओ सीताराम बेरवा ने सीएलजी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा की सीसी टीवी कैमरे लगे होने से चोर चोरी लूटपाट छेड़खानी करने से कतराते हैं। लगभग आधा दर्जन सीएलजी सदस्यों ने पुलिस को सीसीटीवी कैमरा लगाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कोतवाल राम नरेश मीणा शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष भगवान सिंह कोली लखपत सिंह गुर्जर पवन खंडेलवाल राजेंद्र खंडेलवाल दाऊ दयाल नसवारिया गिरीश शर्मा डॉक्टर ज्ञानचंद फौजदार एडवोकेट विक्रम जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश जैन अग्रवाल समाज लाला मुरारी धर्मशाला के महामंत्री फूल लोहिया दिनेश मोनी गोपाल बीड़ी वाले सहित दर्जनों सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

## पीएम श्री विद्यालय में मेधावी छात्रों का किया सम्मान

**नारायणपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थानागाजी में कक्षा 12 में टॉपर रहने वाले बालकों का साफा माला पहनाकर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य मूलचंद मीना ने बताया कि पीएम विद्यालय में संचालित कला, विज्ञान, कृषि, वाणिज्य संकाय में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ विज्ञान संकाय में सरोज शर्मा ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर रही तथा कला संकाय में सोनिया मीणा ने 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉपर रही।

## जयपुर में 'कथाकहन' का छठा संस्करण: तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव 3 से 5 अप्रैल तक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। 'कथाकहन' नामक तीन दिवसीय प्रतिष्ठित कार्यशाला का छठा संस्करण 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहा है। इस बार यह आयोजन जोधपुर में जन्मे हिंदी के विरले कथाकार रघुनंदन त्रिवेदी की स्मृति को समर्पित रहेगा। यह कार्यशाला जयपुर के कानोता कैंप के प्राकृतिक और शांत वातावरण में आयोजित होगी, जहां देशभर से साहित्य प्रेमी, लेखक और कथाकार जुटेंगे। कानोता कैंप के संचालक बहादुर सिंह राठौड़ की साहित्यिक रुचि इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान कर रही है। कार्यशाला में हिंदी साहित्य के कई दिग्गज रचनाकार शिरकत करेंगे। प्रमुख वक्ताओं में सत्यनारायण, विनोद भारद्वाज, डॉ. विनय कुमार, संजीव पालिवाल, यतींद्र मिश्र, गीत चतुर्वेदी, प्रभात रंजन, जयप्रकाश पांडे, पंकज सुबीर सहित कई अन्य नाम शामिल हैं। इसके अलावा चित्रकार अखिलेश, कथक नृत्यांगना रचना यादव, लेखिका दिव्या माथुर, कर्नल गौतम राजऋषि, तसनीम, सुजाता शिवेन, रोहिणी कुमारी, पटकथा लेखक पुनीत शर्मा, पूनम अरोड़ा तथा कनुप्रिया भी सहभागिता करेंगे। विशेष आकर्षण के रूप में रघुनंदन त्रिवेदी की चुनी हुई कहानियों का मंचन किया जाएगा, जिसके लिए जोधपुर से प्रसिद्ध नाटककार अरु व्यास, स्वाति व्यास और तनुज टाक विशेष रूप से आएंगे।

## आभानेरी में कर्नल बैसला की पुण्यतिथि पर विशाल श्रद्धांजलि सभा, युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के आभानेरी में मंगलवार को देवनारायण भौणा जी मंदिर परिसर में गुर्जर समाज की ओर से कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला की चतुर्थ पुण्यतिथि पर एक विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में समाज के लोग व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति बांदीकुई के अध्यक्ष मोहर सिंह माल ने युवाओं से कर्नल बैसला के बताए मार्ग—अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, पढ़ी-लिखी मां और कर्जमुक्त समाज—को अपनाने का आह्वान किया।उन्होंने देश सेवा के साथ-साथ समाज के लिए किए गए उनके योगदान को ऐतिहासिक बताया।पूर्व पार्षद राघवेंद्र सिंह पंवार ने कर्नल बैसला के विचारों को याद करते हुए कहा कि वे हमेशा कहते थे—'राजनीति पावर सौ तालों की एक चाबी है ', यानी समाज मजबूत होगा तो राजनीतिक दल खुद उसके दरवाजे पर आएंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह श्यालावास, प्रधान प्रतिनिधि महादेव खुटला, सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व जिला परिषद सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, युवा नेता और समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने कर्नल बैसला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक संपन्न

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठा के जिला कलक्टर निधि बी टी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर निधि बी टी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे संकेत पर ध्यान दें और हाईवे पर गति नियंत्रित करने वाले संकेतक अनिवार्य रूप से लगाए उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कभी लाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एंबुलेंस को मनियां क्षेत्र में खड़ा करें जिससे सड़क दुर्घटना में घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार मिल सके।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह को लेकर जिला सैनी महासभा की तैयारी शुरू



**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** जय अंबे टेंट हाउस गीता कॉलोनी खैरथल में जिला सैनी महासभा खैरथल – तिजारा की ओर से महासभा अध्यक्ष तेजराम सैनी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। श्याम सैनी ने बताया कि इस अवसर पर शोभायात्रा , विचार गोष्ठी , सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह आयोजित किये जाएंगे। बैठक में झांकी व्यवस्था , पांडाल व्यवस्था , भोजन व्यवस्था , सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यवस्था आदि अहम मुद्दों पर चर्चा की और योजना समितियों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गई। श्याम सैनी को झांकी प्रभारी , देवकी नंदन सैनी को को पंडाल प्रभारी , महादेव सैनी को शोभायात्रा व भोजन प्रभारी नियुक्त किया गया। अध्यक्ष तेजराम सैनी के निर्देश पर समिति बनाने व समिति में और समाज बंधुओ को जोड़ने का काम किया जाएगा। एडवोकेट मुकेश सैनी , मंगतूराम सैनी , इंदर सिंह दहिया व सुभाष सैनी को मंच कार्यक्रम व प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई। अशोक कुमार सैनी , रूपचंद सैनी , मातादीन सैनी , नरेश सैनी जिले के सभी समाज बंधुओ से संपर्क करेंगे। शोभा यात्रा अंबेडकर सर्किल से प्रात: 9:00 बजे प्रारंभ होगी जो पुरानी अनाज मंडी, लक्ष्मी नारायण मंदिर , रेलवे फाटक हेमू कलानी चौक , भगत सिंह चौक होते हुए शिवचरण गार्डन पहुंचेगी। शिवचरन गार्डन में प्रात: 11:00 बजे विचार गोष्ठी , सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## अग्रवाल सेवा संस्थान की बैठक आयोजित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अग्रवाल सेवा संस्थान रणजीत नगर की बैठक संस्था अध्यक्ष एस पी जिंदल की अध्यक्षता में रणजीत नगर स्थित एक होटल में आयोजित की गई। संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक विष्णु दत्त जैन एल एन गुप्ता एवं वरिष्ठ सदस्य सुनील बंसल आर एस गुप्ता केशव देव अग्रवाल महिला जिलाध्यक्ष शालिनी मित्तल जिला कोषाध्यक्ष सीमा मित्तल ने भगवान अग्रसेन जी के तस्वीर के समक्ष दीप प्र%वलन एवं आरती कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। महामंत्री मुकेश सिंघल ने बताया कि संस्था पदाधिकारीयो का कार्यकाल 31 मार्च को समापन होने जा रहा है बैठक में संरक्षक वरिष्ठ पदाधिकारीयो सदस्यों एवं महिला सदस्यों ने अपनी स्वीकृति देते हुए वर्तमान कार्यकारिणी अध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता को नए अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया एवं नवल किशोर गुप्ता को कहा कि वह संरक्षको एवं वरिष्ठ सदस्यों से सलाह मशवरा कर शीघ्र कार्यकारिणी घोषित कर कार्यक्रम को गति दें एवं समाज के भवन को भव्य बनाने में सभी का सहयोग लेते हुए अपनी अहम भूमिका अदा करें।

# गर्मी से पहले प्रशासन अलर्ट : दौसा में पेयजल संकट से निपटने की बड़ी तैयारी



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** गर्मी ने दस्तक देनी शुरू कर दी है और इसके साथ ही पेयजल संकट की आशंका को देखते हुए दौसा जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार यादव ने पेयजल आपूर्ति को लेकर जलदाय विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं और स्वयं पूरे मामले की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।कलेक्टर ने बताया कि दौसा जिले में हर साल पेयजल की चुनौती बनी रहती है। ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत टैंकर चलाए जा सकें।जल जीवन मिशन (छ्वछ्वरू) के तहत करीब 25 लाख रुपये के मेंटेनेंस कार्यों के लिए वर्क ऑर्डर जारी किए गए हैं। इसके साथ ही खराब पड़े हैंडपंप और ट्यूबवेल को जल्द ठीक करने तथा बंद पड़े जल स्रोतों को चालू करने के निर्देश दिए गए हैं।दौसा शहर में वर्तमान में लगभग 25 एमएलडी पानी बीसलपुर से मिल रहा है, जबकि अतिरिक्त मांग को अन्य स्रोतों और टैंकरों से पूरा किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि पिछले दो वर्षों में अच्छी बारिश के चलते भूजल स्तर में सुधार हुआ है, जिससे इस बार कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंचों और जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुसार टैंकर सप्लाई शुरू की जाएगी, ताकि किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी न हो। पहले जहां दूर-दराज से टैंकर मंगवाने पड़ते थे, अब नजदीकी स्रोतों से ही पानी उपलब्ध होने की संभावना है।

# 12वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में एस.एस. आदर्श विद्यालय पदमपुर एक बार फिर बना जिला टॉपर



**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर के घोषित 12वीं विज्ञान,कला,वाणिज्य व कृषि वर्ग के घोषित परीक्षा परिणाम में एस. एस. आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय पदमपुर ने सभी वर्गो को टॉप कर एक बार फिर अपनी सर्वोच्चता को साबित किया। विज्ञान वर्ग में विद्यालय की छात्रा मनीषा पुत्री सुमेर सिंह ने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर व राजस्थान मैरिट में 4ह्लद्ध स्थान प्राप्त किया वहीं हेमांग छींपा पुत्र विजेन्द्र कुमार ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान और राजस्थान मैरिट में 5वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम राजस्थान बोर्ड में सुनहरे अक्षरों में अंकित करवाया इसके अलावा सिद्धांत विश्नोई पुत्र हंसराज बिश्नोई 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान में 6वां स्थान व जिलें में तीसरा स्थान प्राप्त किया तरुण पुत्र राकेश कुमार ने 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान में 7वां स्थान व जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया मनमीत कौर पुत्री अज्ञयपाल सिंह 98.40 प्रतिशत प्राप्त कर राजस्थान में 8वां स्थान व जिले में 5वां स्थान प्राप्त किया अमोनिका पुत्री हरबंस लाल 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान में 9वां स्थान व जिले में 6वां स्थान प्राप्त किया। जसराज पुत्र मान सिंह ने 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान में 12वां स्थान व जिले में 9वां स्थान प्राप्त किया शुभनीत सिंह पुत्र सुखवीर सिंह ने 97.40 प्रतिशत अंको के साथ राजस्थान में 13वां स्थान व जिले में 10वां स्थान प्राप्त किया। सन्नी राय पुत्र मलकीत सिंह ने 97 प्रतिशत अंको से राजस्थान में 15 वां स्थान व जिले में 12 वां स्थान प्राप्त किया सुप्रिया त्रिपाठी पुत्री सुशील त्रिपाठी ने 97 प्रतिशत अंक के साथ राजस्थान में 15 वां स्थान व जिले में 12वां स्थान प्राप्त किया भूमिका पुत्री जगदीश भादू ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 14वां स्थान प्राप्त किया ऐनम पुत्री ओमप्रकाश ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 15 वां स्थान प्राप्त किया ।

## ढाई लाख हनुमान चालीसा पाठ का लक्ष्य

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** सिद्धपीठ ताल वाले बालाजी मंदिर में चल रहे ढाई लाख हनुमान चालीसा पाठ अनुष्ठान में समाचार लिखे जाने तक एक लाख पैंतीस हजार हनुमान चालीसा पाठ भक्तों द्वारा किए जा चुके हैं। इसी क्रम में 1 अप्रैल बुधवार को सायं आठ बजे से मनोज मारु द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का वाचन किया जाएगा। 2 अप्रैल पुर्णिमा को दोपहर 4 बजे बालाजी महाराज कि भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों ध्वज वाहकों एवम् सजीव झांकियों के साथ भक्तों की टोलिया कीर्तन करते हुए झांकी के साथ चलेंगे। रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इस अवसर पर ताल वाले बालाजी सेवा समिति एवं पुजारी परिवार तैयारी में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर गोपीकृष्ण पुजारी, राकेश पुजारी, मुरारी लाल पारीक, गिरधारी बाजोरिया, रघुनंदन धरेन्द्र, सांवरमल माटोलिया, गोपाल धूपड, रामरतन प्रजापति, हनुमान सिंह, परमेश्वर आत्रेय, महेंद्र सिंह, दीनदयाल सोनी, इंद्रचंद सिमार, बद्रीप्रसाद चंदनिया, कैलाश आत्रेय, परमेश्वर आत्रेय, इंद्र चंद बियाला, महेंद्र गुर्जरगौड़, लक्ष्मीनाराय सोनी, नंदकिशोर भार्गव, गुरुदत्त खटोड़, वासुदेव चाकलान, जयकांत बिंवाल, पृथ्वीराज प्रजापति, महेश सिमार, ललिता देवी व्यास, महावीर खेतान, संजय बूबना, राजकुमार मुरारका, सुरेश मुरारका, सरिता चांडक, कमल पुजारी, सुशील पुजारी, सरवन काछवाल, रामावतार चांडक, राजेश मंडार ,भींवाराम प्रजापति, अजय मालपुरिया, मोहित प्रजापत, जे पी भाटी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 04 लेबर कोड लागू करने के खिलाफ देशभर के आज मनायेंगे मजदूर काला दिवस

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** रोडवेज वर्कर्स यूनियन सीटू के प्रदेशाध्यक्ष रामदेवसिंह टाकरिया शाखा सचिव अशोक मील ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारत सरकार 44 श्रम कानूनों को खत्म कर 04 श्रम संहिता लागू करने के खिलाफ देशभर में भारतीय ट्रेड यूनियन केन्द्र सीटू के आव्हान पर अखिल भारतीय किसान सभा के समर्थन में तमाम कर्मचारी/मजदूर कार्यस्थल पर काली पट्टी बांध कर जिला कलेक्टर/उपखंड अधिकारी/तहसीलदार कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन एवं सभा का कार्यक्रम होगा।

## रामनवमी की भव्यता ने बांधा समां, झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर में रामनवमी के पावन अवसर पर शहर, ग्रामीण क्षेत्रों एवं विभिन्न सामाजिक संस्थानों के सहयोग से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में 50 से अधिक आकर्षक झांकियों ने भाग लेकर पूरे वातावरण को राममय बना दिया।

# सीएमएचओ की सख्ती, फर्जी डॉक्टरों और लैब संचालकों में हड़कंप

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर निजी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान झोलाछाप चिकित्सकों एवं बिना पंजीकरण संचालित लैब पर छापामार कार्रवाई करते हुए संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किए गए। उन्होंने बताया कि प्रदीप सिंह व गौतम सिंह सरानीखेड़ा, माताप्रसाद बघेला अरुवा, डॉ. एस एल शर्मा अब्दुलपुर, महेंद्र सिंह महुआ खेड़ा, धीरज कुमार नित्या क्लिनिक गुजरपुरा, विनोद कुशवाह, कन्हैया पथोलॉजी बाबू महाराज चौराहा को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में जुर्माना एवं सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि माह अप्रैल में विशेष अभियान चलाकर झोलाछाप चिकित्सकों एवं बिना पंजीकृत चिकित्सा संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि आमजन को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## लू तापघात को ले कर चिकित्सा विभाग कि एडवाइजरी जारी

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लू-तापघात से से बचाव के लिये चिकित्सा विभाग ने तैयारी कर ली है और साथ ही आमजन के लिए दिशा जारी किये है। ताकि लू तापघात से आम जनता अपना बचाव कर सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने बताया गर्मी के प्रकोप मे लू से कोई भी ग्रसित हो सकता है। परन्तु बच्चे, वृद्ध, गर्भवती महिलाएँ धूप में व दोपहर में कार्यरत श्रमिक, यात्री, खिलाड़ी व ठंडी जलवायु में रहने वाले व्यक्ति अधिक प्रभावित होते है। सीएमएचओ डॉ मीणा ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों के एक वार्ड मे दो-चार बैड लू तापघात के रोगियों के उपचार हेतु आरक्षित रखे जाने, वार्ड का वातावरण कूलर व पंखे से ठंडा रखा जाने, मरीज तथा उनके परिजनों के लिये शुद्ध व ठंडे पेयजल की व्यवस्था रखने, संस्थान में रोगी के उपचार हेतु आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रीपसेट, जीएनएस, जीडी, डब्ल्यू /रिंगरलेकटेट (आर.एल.) फ्लूड एवं आवश्यक दवाईयां तैयार रखने, चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टॉफ को इस दौरान ड्यूटी के प्रति सतर्क रहने, जन साधारण को लू तापघात से बचाव के उपायों की जानकारी देने व कार्य व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाया रखा जाने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये हैं।

# सदर थाना परिसर में कार्यक्रम जिले के चार पुलिस जवानों की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के चार पुलिस जवानों की सेवानिवृति पर राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह थाना सदर परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग से अपनी शानदार सेवाएं पूरी कर सेवानिवृत होने वाले पुलिस जवान देवीदान, दिलीप सिंह, मोहन लाल हैड कानिस्टेबल एवं रोहिताश कानिस्टेबल को संस्थान द्वारा भावभीनी विदाई और भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रदेश के व पुलिस अधिकारी हरिराम गहलोत ने की इस दौरान उन्होने कहां कि पुलिस विभाग से सेवानिवृति केवल एक सरकारी प्रक्रिया है, लेकिन समाज के प्रति सेवा का भाव कभी समाप्त नही होता है। प्रदेश महासचिव सलावत खां ने अपने संबोधन में कहां कि इन साथियों ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी ड्यूटी बखूबी अंजाम दिया। सेवानिवृत हो रहे साथियों के कार्यकौशल की सराहना करते हुए कहां कि इन साथियों का अनुभव आने वाले समय में संस्थान और समाज के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो संभागीय अध्यक्ष जगमालराम बिस्सु ने सेवानि कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते उन्हे संस्थान के साथ जुडकर सामाजिक सरोकार में भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया आर संस्थान की सक्रियता पर हर्ष जताया। इस समारोह मे विभिन्न सेवानिवृत पुलिस अधिकारी व पुलिस परिवार के सदस्यों ने शिरकत की, जिससे कार्यक्रम की गरिमा बढ गई। समारोह मे सेवानिवृत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अरूण आहूजा, श्रीकृष्ण मीणा, हरिराम गहलोत, बन्ने सिंह, ओम प्रकाश चौधरी, सलावत खां, जगमालराम बिस्सु, सुखदेव व्यास, महेन्द्र तिवारी, धन्नेसिह राठौड, सतीष यादव, चंवर सिंह शेखावत, प्रताप सिंह, राजवीर सिंह, मनीराम यादव, भवानी सिंह, विजय दान, अनूपसिंह, बनवारी लाल, भैरूसिंह राजवी, श्रवणराम विश्नोई, निरंजन शर्मा, महबूब अली, हीरालाल, चन्द्र प्रक मेधसिंह राजपुरोहित, राधाकिशन, रामगोपाल राजपुरोहित, असगर मोहम्मद के अलावा अनेक सेवानिवृत अधिकारी और कार्मिक भी मौके पर रह कर सेवानिवृत हो रहे भी चार पुलिस कर्मियों साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर और समृति चिन्ह भेंट कर भव्य अभिनंदन और स्वागत किया गया तथा जिला सचिव चंवर सिंह राठौड द्वारा इस अवसर पर आये सभी का आभार व्यक्त किया गया।



## भाजपा नेता रवि शेखर की प्रेस कॉन्फ्रेंस गोविंदराम मेघवाल ने इस बार हद पार कर दी, भविष्य में नाम लिया तो कानूनी कार्रवाई करेंग

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर में एक वीडियो वायरल के बाद एक और कांग्रेस विरोध दर्ज करवा रही तो वहीं दूसरी ओर से भाजपा के रवि शेखर मेघवाल ने भी अपना विरोध दर्ज करवाया है। उन्होंने मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हर मुद्दे पर गोविंदराम मेघवाल उनके नाम का उपयोग करते है, जबकि वास्तव में उनका कोई लेना देना नहीं होता। रवि शेखर ने कहा कि इस बार तो उन्होंने हद ही पार कर दी, उन्हें आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति बता दिया, जबकि ऐसा कोई काम नहीं किया। रवि शेखर ने कहा कि हम तो सादा जी और उच्च विचार वाले लोग है, जो हमेशा अ काम करते है, लेकिन गोविंदराम मेघवाल बार-उनका नाम लेकर अनावश्यक रूप से बदनाम करने का काम कर रहे है। अगर भविष्य में इस प्रकार उनका नाम लिया तो मानहानी या फिर कानून के अनुसार कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि वे न तो गोविन्दराम पर टिका टिप्पणी करते है और न ही अनायास किसी प्रकरण में पंचायती करते है। अगर वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आएं तो मानहानि का दावा करने में वे पीछे नहीं हटेंगे। रवि ने पंचायत चुनाव लडने की इच्छा से इंकार करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के आदेशानुसार चुनाव मैदान में उतरने की बात भी कही।

## सारे प्रकरण की जानकारी होने के बावजूद भी पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा इस प्रकरण में चुप

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस पहले से ही संकटों सामना का कर रही है क्योंकि कांग्रेस को ऐसी स्थिति में पहुंचाने का कृत्य और कोई नहीं कर रहा बल्कि कांग्रेस के अपने ही लोग इस तरह की स्थिति पैदा कर रहे हैं। विशेष कर बीकानेर का माहौल तो आमजन की समस्याओं को लेकर विपक्ष की सही भुमिका निभाने कि बजाय आपसी नूरा-कुश्ती में ही बीकानेर के कांग्रेस के पदाधिकारी लगें हुए हैं , यही सब कुर्सी की आपसी लड़ाई एवं वर्चस्व के लिए लड़ाई-झगड़े में लीन है फिर कहते हैं कांग्रेस क्यों हार रही है कांग्रेस को ऐसी स्थिति में लाने वाला कौन इस तरह की नूरा-कुश्ती करवाने वाला कोन दो तीन महीने में पंचायत एवं नगर निगम , परिषद आदि के चुनाव भी होने हैं। इन सब से किसी को कोई मतलब नहीं मेरा वर्चस्व कायम रहे आदि निजी मुद्दे ही कांग्रेसियों के लिए काफी है। क्योंकि शासन प्रशासन आमजन के साथ क्या व्यवहार कर रहा है सत्तासीन लोग अपने काम आसानी के साथ ऐनकेन प्रकरणों से करवा रहे हैं। आमजन इधर-उधर काम करवाने लिए भटककर उन्हीं सत्तारूढ़ लोगों के पास जाकर अपना काम की गुजारिश करते हैं । क्योंकि कांग्रेसी लोगों को अपनी नूरा-कुश्ती टांग खिंचाई से ही फुर्सत नहीं मिल रही हैं। फिर कहते हैं, कांग्रेस को वोट नहीं मिलता, मिलेगा भी कैसे कांग्रेस के कृत्य तो निम्नस्तर पर जो आरहे है। इस पूरे प्रकरण में पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा की चुप्पी ही सारे सवालों कि जड़ है जिनके संज्ञान में पहले दिन से ही यह मामला उनके समझ पैंडिंग में चल रहा है। ऐसा क्यों जबकि पहले ही एक मात्र बीकानेर से विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी, शहर जिला अध्यक्ष, मदन गोपाल मेधवाल जिला देहात अध्यक्ष विशनाराम सियाग द्वारा पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा सहित पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को संपूर्ण जानकारी देने बाद भी आला कमान की चुप्पी क्यों क्या बीकानेर से कांग्रेस का अस्तित्व समाप्त करने का मानस या फिर कोई और विचारधारा कि ओर संकेत है। मेरा मानना है इस मामले कि जांच जब आला कमान के संज्ञान में लाई गई उसी समय गोविंद राम से संज्ञान लेते हुए जबाब तलब किया जाना था लेकिन आज दिन तक चुप्पी क्यों यह जानकारी एन डी कादरी वरिष्ठ नागरिक, आरटीआई एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

## बीकानेर में वीडियो वायरल मामला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मेघवाल ने कहा-वीडियो की जांच होनी चाहिए, एडिटेड है या नहीं

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर में इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर कांग्रेस पार्टी में घमासान मचा हुआ है। इस वीडियो के बाद एक नजर दौड़ाई जाई तो यह सामने आता है कि कांग्रेस पार्टी कई धड़ों में बंटी हुई नजर आ रही है, जो आगामी चुनावों को लेकर पार्टी के लिए किसी भी रूप से सही नहीं है। वायरल वीडियो को लेकर कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने कहा कि पुलिस इस वीडियो की जांच करे ताकि सच्चाई सामने आए कि वीडियो एडिटेड है या नहीं। अगर वीडियो सही पाया जाता है तो फिर पार्टी अपने स्तर पर निर्णय करेगी। मदन गोपाल



मेघवाल ने कहा कि वीडियो एडिटेड है या नहीं, इसकी स्पष्टता करने की स्थिति में नहीं हूं। क्योंकि तीन बातें निकलकर सामने आ रही है, जिसमें या तो वीडियो पूरी तरह गलत है, या पूरी तरह सही है या फिर वीडियो के कुछ भाग को तोड़ मोड़कर पेश किया गया है। मेघवाल ने कहा कि में पुलिस प्रशासन से मांग करता हूं कि आईपी एडेस से तुरंत पता लगाकर स्थिति को स्पष्ट करे वीडिया की सत्यता क्या है। मेघवाल ने कहा कि मुख्य मुद्दा यह है कि इसमें कुछ व्यक्तियों की शरारत है, जिसमें कांग्रेस से जुड़े दो समाज को आपस में लड़ाने का प्रयास किया गया है, जिसकी में घोर निंदा करता हूं। मेघवाल ने कहा कि इस प्रकरण को लेकर पार्टी के नेताओं से मिलकर अवगत करवा दिया गया है, आगामी कार्यवाही भी उन्हीं नेताओं को करनी है। यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन पर मदन गोपाल मेघवाल ने कहा कि यूथ कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन की उन्हें जानकारी नहीं है।

## पूर्व मंत्री ने मदन गोपाल मेघवाल को नॉन पॉलिटिकल बताया



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर में पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल के कथित वायरल विवादित ऑडियो-वीडियो को लेकर कांग्रेस में घमासान जारी, बीकानेर शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल द्वारा मंगलवार की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता गोविन्दराम मेघवाल ने उठाए सवाल मदन गोपाल मेघवाल को नॉन पॉलिटिकल आदमी बताते हुए कहा में दो दिन से वीडियो जारी कर कह रहा कि यह मुझे बदनाम करने की साजिश, चोरी से निजी कार्यक्रम की वीडियो रिकॉर्ड कर वायरल किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं यह बताया ही नहीं गया, पूर्व मंत्री मेघवाल ने मदन गोपाल मेघवाल को लेकर उठाए कई सवाल, रंजिश रखने तक की कही बात, खाजूवाला से टिकट मांगने से लेकर निसक्रिय अध्यक्ष बनने तक का कर डाला जिक्र, साथ ही अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी में दर्ज शिकायत का भी दिया हवाला, जांच की रखी मांग, कहा- यह सब कांग्रेस को कमजोर करने का कर रहे काम। अभी राज्य सरकार के खिलाफ जनता में है।

## खेत की रखवाली कर रहे किशोर पर फायरिंग प्रतापगढ़ पुलिस ने दो शिकारियों को दबोचा, मक्का के खेत में घुसकर चलाई थी गोलियां

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रतापगढ़ जिले के सुहागपुरा थाना क्षेत्र के पनावला गांव में मक्का की फसल की रखवाली कर रहे एक किशोर पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने महज 24 घंटों के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने संदिग्ध ठिकानों पर दबिश देकर शिकार के इरादे से आए इन अभियुक्तों को धर दबोचा। एसपी आदित्य ने बताया कि घटना सोमवार 30 मार्च की है, जब 16 वर्षीय अंकुश उर्फ पप्पू अपने साथियों के साथ खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान आरोपी गेन्द राज उर्फ बाबू, लच्छी राम और गणेश अपने 4-5 अन्य साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर जंगली सुअर और नीलगाय का शिकार करते हुए खेत में घुस आए। शिकार के दौरान आरोपियों द्वारा चलाई गई गोलियों में से एक गोली सीधे अंकुश के सिर में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ भर्ती कराया गया है।

## शास्त्री नगर की वीर हनुमान वाटिका में दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव आज से

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शास्त्री नगर की वीर हनुमान वाटिका में दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव आज बुधवार को शिवबाड़ी के लालेश्वर महादेव मंदिर, शिवबाड़ी के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानंद गिरि शुरू होगा। दोनों दिन हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ व राम भक्त हनुमान के भक्ति के आयोजन होंगे। मुख्य समारोह गुरुवार को शाम को होगा, जिसमें सचेतन झांकियों के साथ विशाल भक्ति संगीत संध्या, श्रृंगार व पूजन के अनुष्ठान होंगे। दोनों दिन सवामणी के प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। वीर हनुमान वाटिका समिति की अध्यक्ष व पूर्व पार्षद छाया गुप्ता ने बताया कि लगातार 30 वर्ष आयोजित हनुमान जयंती महोत्सव के प्रथम दिन बुधवार को पुजारी पंडित आसाराम ओझा के नेतृत्व में शास्त्री नगर, ड्यूप्लेक्स कॉलोनी, पवनपुरी आदि स्थानों के वाशिंदों की सक्रिय भागीदारी से वीर हनुमान जी महाराज की सौम्य, चमत्कारी प्रतिमा पर सिन्दूर से अभिषेक, श्रृंगार, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को सुबह सात बजे आरती, सुबह साढ़े आठ बजे अभिषेक, शाम चार बजे से सात बजे तक सुन्दरकांड का पाठ व आरती, उसके बाद सवामणी का भोग लगाया जाएगा तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कल गुरुवार 2 अप्रेल को शाम सात बजे हनुमानजी की मूर्ति का श्रृंगार व भव्य आरती तथा उसके बाद लोकप्रिय कलाकारों की ओर से सचेतन झांकियों के साथ भजन संध्या होगी, जिसमें बीकानेर के सनातन धर्म की चेतना के गीतों से देश-विदेश में विख्यात गायक वेद व्यास भी शामिल होंगे। मंदिर का रंग रोगन कर विशेष सजावट की गई है। प्रमुख मंदिरों व मार्गों और चौराहों पर होर्डिंग व बैनर लगाए गए है।

# भाजपा स्थापना दिवस को भव्य बनाने की तैयारी बूथ स्तर तक पहुंच के निर्देश

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा बीकानेर संभाग कार्यालय में आगामी भाजपा स्थापना दिवस के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश नेतृत्व की ओर से मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम के प्रदेश सह-संयोजक रघुनाथ जी नरेड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए रघुनाथ नरेड़ी ने स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र सिंह चारण, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, जिला महामंत्री राजेंद्र पंवार, कौशल शर्मा, सह-संयोजक दुष्यंत तंवर, रघुवीर प्रजापत, मोतीलाल हर्ष, पूर्व महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने अपने विचार व्यक्त किया एवं भगवान महावीर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जन्म कल्याणक दिवस को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया तथा उनके अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम जिला संयोजक सरिता नाहटा ने किया।




## जय हजारा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केदार खत्री ने प्रवासी बंगाली भाइयों से इलायची देकर भाजपा के समर्थन में पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनावों के लिये की अपील

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जय हजारा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केदार खत्री ने पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनावों को लेकर पत्रकारों व्यापारियों एव प्रवासी बंगाली भाइयों से इलायची देकर देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की पार्टी भाजपा को पश्चिम बंगाल में विजय बनावे मोदीजी को विजय बनाने पर ही भारत विश्व गुरु की और अग्रसर होगा एव साथ ही दुनिया मे छिड़े हुए ग्रह युद्ध मे देश के प्रधानमंत्री ने भारत के लोगो को बील्कुल भी कठिनाई न हो इसके लिए पेट्रोल एव डीजल के भंडार भारत के पास पर्याप्त है और खत्री ने बताया भारत के पी एम एक मजबूत लीडर के रूप में पूरी दुनिया में भारत का वर्चस्व कायम कर रखा है साथ ही इलायची से न्योता देते हुए कहा भारत को वापस अखंड भारत बनाने के लिये पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव में भाजपा के समर्थन में वोट करे इसमे खत्री की टीम में राहुल खारिया,साहिल खान ,अशोक कुमार जसूजा,भवानी शंकर टाक आदि मौजूद रहे।

## कल 2 अप्रैल को लेंगे अपराध समीक्षा बैठक

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिसिंग को धार देने के लिए महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा 2 अप्रैल को बीकानेर रेंज की समीक्षा बैठक लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीजीपी बुधवार शाम को बीकानेर पहुंच जाएंगे, जहां वे अगले दिन रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा करेंगे।इस महत्वपूर्ण बैठक में बीकानेर रेंज आईजी सहित रेंज के चारों जिलों बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और चुरू जिले के पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

बैठक के दौरान डीजीपी रेंज में अपराध की स्थिति, गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ की गई कार्रवाई, पेंडिंग मामलों के निस्तारण की गहन समीक्षा करेंगे। साथ ही साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और पुलिसिंग के आधुनिकीकरण जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## बीकानेर हज वेलफेयर सोसायटी द्वारा नौगजा पीर दरगाह स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर हज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष हाजी यासीन खान लोधी ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बीकानेर से जाने वाले आजमीने हज के लिये 5-4-2026,रविवार को अंतिम हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन नौगजा पीर दरगाह स्थित हज कमेटी में किया जाएगा। आगामी कैंप की व्यवस्था हेतु हज कमेटी में मीटिंग की गयी जिसमें समस्त सदस्य उपस्थित रहे व कैंप को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया। कमेटी के सचिव व प्रवक्ता क्रमशः अंसार अली कोहरी व अनवर अजमेरी ने बताया की कमेटी के सभी सदस्य क्रमशः उपाध्यक्ष मोहम्मद इक़बाल चौहान, संयुक्त सचिव सय्यद बुलेशाह, संगठन सचिव इस्माइल गौरी, मोहम्मद इस्माइल सुलेमानी, मोहम्मद हुसैन, डॉ. साबिर अहमद पँवार, हाकम अली भाटी, अजीज अहमद, सैय्यद कास म अली अख्तर अली मोहम्मद अली व अन्य सभी सदस्यों ने उपस्थित रहकर समस्त व्यवस्था संभालने का आश्वासन दिया। अंत में सभी का शुक्रिया कर मीटिंग का समापन किया गया।

## नापासर थाना क्षेत्र में नकली नोटों का बड़ा खुलासा, 60 लाख से ज्यादा के फर्जी कूपन बरामद

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के नापासर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नोटों के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। तेजरासर रोही स्थित एक ढाणी में दबिश देकर पुलिस ने करीब 60.05 लाख रुपये के फर्जी कूपन (भारतीय मनोरंजन बैंक नोट) बरामद किए हैं। थानाधिकारी सुषमा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 29-30 मार्च की रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। सूचना के अनुसार, राजेश जाखड़ और उसके साथी गांव में नकली नोट लाकर उन्हें असली मुद्रा बताकर लोगों से धोखाधड़ी कर रहे थे। पिछली रात करीब तीन बजे पुलिस टीम ने बिना वारंट ढाणी में तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी कमरे से एक नीले रंग के ट्रॉली बैग में भरी 121 गड्डियां नकली नोटों की बरामद हुई। इन गड्डियों में कुल 12,100 कूपन थे, जिनकी कीमत करीब 60 लाख रुपये आंकी गई है। सभी नोट 500 रुपये के थे और उन पर 'भारतीय मनोरंजन बैंक अंकित था। खास बात यह रही कि सभी नोटों पर एक ही सीरियल नंबर पाया गया। मौके से आईसीआईसीआई बैंक की फर्जी पचि सील-मोहर, दस्तावेज, पासबुक और आधार व भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने साक्ष्य के तौर सैंपल और कंट्रोल सैंपल भी सील कर लिए पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी राजेश जाखड़ अपने साथी अशोक, मुनिराम, रामस्वरूप, बनवारी, बलराम, मनफूल, ओमप्रकाश और रामपाल के साथ मिलकर गिरोह बनाकर नकली नोटों के जरिए लोगों से ठगी करता था। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 112(2), 318 (2) और 61(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मुख्य आरोपी फरार बताया जा रहा है और उसकी तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है।

## धौलपुर में परिवहन विभाग ने 86 वाहन किए सीज

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** परिवहन विभाग ने धौलपुर में 'ऑपरेशन कैच' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। इस विशेष अभियान में बकाया टैक्स और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। विभाग ने 48 घंटे के भीतर कुल 86 वाहन जब्त किए हैं। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि अभियान के तहत धौलपुर और राजाखेड़ा क्षेत्र में निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे, आरईसीएल तथा जीआर कंस्ट्रक्शन साइट्स पर सघन जांच की गई। सैंपऊ, तसीमों, नबाब बसई रेलवे पुल और तूड़ी भंडारण क्षेत्रों में भी कार्रवाई हुई। इस दौरान निर्माण कार्य में लगी जेसीबी, लोडर सहित 27 भारी मशीनों और वाहनों को सीज किया गया। इन वाहनों से लगभग 1 करोड़ रुपए के राजस्व की वसूली की संभावना है।